राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........ 9511151254

@swatantraprabhatmedia @swatantramedia RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com ) @SwatantraPrabhatonline news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, सोमवार, 10 नवंबर 2025

वर्ष 07,अंक 41, पृष्ट 12,मूल्यः 03 रुपया

www.swatantraprabhat.com

गाजियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

झोलाछाप डॉक्टरी पर डीएम की सर्जिकल स्ट्राइक': ऑपरेशन से महिला की मौत के बाद अवैध अस्पताल का 'संचालक' गिरफ्तार...03

पाकिस्तान में %संविधान बचाओ% आंदोलन, 27 वें संशोधन पर सरकार-विपक्ष आमने-सामने...12

## जानवरों को भी जीने का हक... सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर भड़के एनिमल राइट एक्टिविस्ट, जताई नाराज़गी

**● सुप्रीम कोर्ट ने शैक्षणिक संस्थानों, अस्पतालों, बस स्टैंडों, रेलवे स्टेशनों आदि परिसरों से आवारा कुत्तों को हटाने और उन्हें डॉग शेल्टर होम में स्थानांतरित करने का निर्देश दिया है. जिस पर पशु अधिकार कार्यकर्ता अंबिका शुक्ला समेत तमाम लोगों ने नाराजगी जाहिर की है. इन लोगों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए कोर्ट के आदेश पर सवाल उठाए हैं।**

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर में आवारा कुत्तों को स्कूल, कॉलेज, अस्पताल और बस स्टैंड से हटाने का आदेश दिया है. कोर्ट ने एमसीडी को 8 हफ्तों की डेडलाइन देते हुए कहा है कि आवारा कुत्ते हटाने और उन्हें डॉग शेल्टर होम में स्थानांतरित करने का निर्देश दिया है. कोर्ट के इस आदेश के बाद एक बार फिर से डॉग लवर्स ने नाराजगी जाहिर करते हुए विरोध प्रदर्शन किया।

सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर पशु अधिकार कार्यकर्ता अंबिका शुक्ला का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट ने पटाखों को खुली छूट देते हुए कहा कि प्रदूषण मत हटाओ, बल्कि जानवरों को हटाओज ये कैसा 'वसुधैव कुटुम्बकम' है, जहाँ सिर्फ़ इंसानों को जीने का अधिकार है?.

**'क्या सिर्फ इंसानों को जीने का हक है'**

रविवार (9 नवंबर) को पत्रकारों से बात करते हुए अंबिका शुक्ला ने कहा कि ये कहां का इंसाफ है, जानवर क्या कर रहा है. उन्होंने कहा कि जानवर भी यहां के नागरिक हैं. उन्होंने कहा कि हम वसुधैव कुटुम्बकम की बात करते हैं तो ये किस तरह का वसुधैव कुटुम्बकम है कि सिर्फ इंसानों को जीने का हक है. उन्होंने कहा कि कोर्ट पहले सुनवाई करे फिर कोई फैसला करे.

**कोर्ट के आदेश पर भड़कीं अंबिका शुक्ला**

उन्होंने कहा कि ये पहला आदेश है जिसके फ़ुटनोट में सिर्फ़ असत्यापित मीडिया रिपोर्ट्स हैं, न कि किसी विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट, वैज्ञानिक डेटा, नगरपालिका डेटा या मेडिकल रिपोर्ट है. उन्होंने कहा कि आखिर सुप्रीम कोर्ट का क्या रोल है. उन्होंने कहा कि अगर कोर्ट में कोई मुद्दा उठा है तो उसे सुनवाई के लिए मौका तो देना चाहिए. उन्होंने कहा कि देश के बड़े वकील खड़े थे लेकिन उन्हें मौका ही नहीं दिया गया. उन्होंने कहा कि कोर्ट में सुनवाई होती है, पक्ष रखे जाते हैं. बहस होती है, डेटा रखा जाता है, एक्सपर्ट की राय ली जाती है, उसके बाद देश के लिए एक बेहतर तरीका निकाला जाता है सबके हित में।

**पशु प्रेमियों ने किया विरोध प्रदर्शन**

बीते शनिवार को भी राष्ट्रीय राजधानी में झंडेवालान मंदिर के बाहर पशु प्रेमियों ने विरोध प्रदर्शन किया और सुप्रीम कोर्ट के आदेश को वापस लेने की मांग की. दर्जनों प्रदर्शनकारी हाथों में तख्तियां और बैनर लिए मंदिर के पास एकत्र हुए और आवारा कुत्तों को लेकर चिंता व्यक्त की.





प्रदर्शन में शामिल पशु देखभालकर्ता रितिका शर्मा ने कहा कि यह फ़ैसला बेहद अनुचित है और ज़मीनी हक़ीक़तों की अनदेखी करता है।

उन्होंने कहा कि इतने सारे जानवरों की देखभाल के लिए न तो पर्याप्त आश्रय स्थल हैं और न ही प्रशिक्षित कर्मचारी. उन्होंने कहा कि जानवरों को उनके परिचित स्थानों से हटाने से उनकी तकलीफ़ और बढ़ेगी. उन्हें नसबंदी और भोजन की ज़रूरत है, न कि बंद कमरे में रखने की. वहीं एक अन्य प्रदर्शनकारी ने कहा कि रातोंरात हज़ारों जानवरों को सड़कों से नहीं उठा सकते. सरकार को एक मानवीय और दीर्घकालिक समाधान निकालना होगा।

**सुप्रीम कोर्ट ने दिया आदेश**

दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने अधिकारियों को सार्वजनिक क्षेत्रों से आवारा कुत्तों को निर्दिष्ट आश्रय स्थलों में स्थानांतरित करने का निर्देश दिया गया है. कोर्ट ने स्कूलों, अस्पतालों और रेलवे स्टेशनों जैसे संस्थागत क्षेत्रों में कुत्तों के काटने के बढ़ते मामलों का हवाला देते हुए नगर निकायों और भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) को इन स्थानों और राजमार्गों से आवारा कुत्तों और मवेशियों को हटाने का निर्देश दिया है।

**क्या है सुप्रीम कोर्ट का आदेश**

सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में जारी आदेश में कहा कि दिल्ली-एनसीआर सहित देशभर के स्कूलों, कॉलेजों, अस्पतालों, रेलवे स्टेशनों और बस स्टैंडों से आवारा कुत्तों को हटाया जाए और उन्हें निर्दिष्ट डॉग शेल्टर होम में भेजा जाए।

कोर्ट ने यह भी निर्देश दिया कि नगर निकाय और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (ह्ल्लढ्ढ) राजमार्गों से आवारा कुत्तों और मवेशियों को हटाने की जिम्मेदारी निभाएं, ताकि लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

**संतुलन की मांग**

एनिमल राइट्स संगठनों का कहना है कि इंसानों की सुरक्षा के साथ-साथ जानवरों के प्रति करुणा और संवेदनशीलता भी उतनी ही ज़रूरी है। उनका मानना है कि नसबंदी, टीकाकरण और भोजन प्रबंधन जैसे उपाय अपनाकर ही मानव और पशु दोनों के बीच सह-अस्तित्व का संतुलन बनाया जा सकता है।

## 500 से अधिक बार उड़ा हेलीकॉप्टर...बिहार चुनाव में ऐसा ताबड़तोड़ रहा NDA का प्रचार

**● बिहार विधानसभा चुनाव के चुनावी प्रचार के आखिरी दिन एनडीए ने जीत का बिगुल बजाने के लिए जमकर रैलियां और जनसभाएं कीं. यहां पर 500 से भी ज्यादा बार हेलीकॉप्टर ने अलग-अलग जगह पर फेरे लगाए. पूरे चुनाव के लिए 5 से 8 हेलीकॉप्टर प्रतिदिन बिहार के अलग-अलग जगहों के लिए उड़ान भरते थे**



बिहार में चुनावी सभा के बीच एनडीए ने प्रचार-प्रसार में अपनी पूरी ताकत झोंक दी. नामांकन से लेकर चुनाव प्रचार के आखिरी दिन के बीच लगभग 500 से भी ज्यादा बार हेलीकॉप्टर ने अलग-अलग जगह पर फेरे लगाए. भारतीय जनता पार्टी में चुनाव प्रबंधन से जुड़े नेता राजीव बब्बर ने ञ्ज्ञ्9 भारतवर्ष से खास बातचीत में बताया कि भारतीय जनता पार्टी के प्रचार कौन है सभी 243 सीटों पर जाकर चुनाव प्रचार किया. उन्होंने कहा कि एनडीए के सभी घटक दल एक दूसरे दलों के लिए अपने स्टार प्रचारकों को चुनाव प्रचार के लिए भेजा।

**एक दिन में छह हैलिकॉप्टर**

पार्टी सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, इस पूरे चुनाव के लिए 5 से 8 हेलीकॉप्टर प्रतिदिन बिहार के अलग-अलग जगहों के लिए उड़ान भरते थे आमतौर पर औसतन एक दिन में 6 हेलीकॉप्टर बिहार में चुनावी जनसंख्या के लिए नेताओं को लेकर जाते थे. यदि मौसम माकूल रहे और सब कुछ ठीक रहा तो एक दिन में एक नेता पांच से लेकर आठ सभाएं तक कर पाते थे।

**मौसम बना विलेन**

राजीव बाबर ने बताया कि अक्टूबर के अंत में बे मौसम बरसात में चुनावी प्रचार की रफ्तार को थोड़ी धीमी कर दी. उन्होंने कहा कि बेमौसम बरसात की वजह से कई बार उन्हें हेलीकॉप्टर को कैंसिल करना पड़ा. इसकी वजह से सभाएं रद्द हुई. हालांकि, कुछ परिस्थितियों ऐसी भी आई जिसमें सड़क माड्ड

बी एल संतोष ने भी इस बात के लिए पार्टी के कार्यकर्ताओं को बधाई दी. सोशल मीडिया पोस्ट पर उन्होंने लिखा कि प्रवास बिहार भाजपा के कार्यकम विभाग, जिन्होंने बिहार के 243 विधानसभा क्षेत्रों में 45 नेताओं के 500 से ज्यादा कार्यक्रम आयोजित किए. सफल सार्वजनिक अभियान के पीछे ये पुरुष महिलाएं हैं।

**11 नवंबर को होगी आखिरी फेज की वोटिंग**

बिहार में 11 नवंबर को होने वाले 2025 के विधानसभा चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण के मतदान की तैयारी के साथ ही राज्य भर में राजनीतिक प्रचार अभियान का आज आखिरी दिन है. यहां 243 सीटों में से 122 पर वोटिंग होगी. चुनाव आयोग के अनुसार, इस चरण के लिए 1,302 उम्मीदवार चुनावी मैदान में उतरे हैं।

चुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार, 6 नवंबर को हुए पहले चरण के मतदान में 64.6% वोटिंग की गई.पहले चरण के मतदान में शाम 5 बजे तक बेगूसराय में सबसे ज्यादा 67.32% वोटिंग की गई. वहीं शेखपुरा में सबसे कम 52.36% वोटिंग हुई।

सूत्रों के मुताबिक, इस पूरे चुनाव के लिए 5 से 8 हेलीकॉप्टर प्रतिदिन बिहार के अलग-अलग जगहों के लिए उड़ान भरते थे आमतौर पर औसतन एक दिन में 6 हेलीकॉप्टर बिहार में चुनावी जनसंख्या के लिए नेताओं को लेकर जाते थे. यदि मौसम माकूल रहे और सब कुछ ठीक रहा तो एक दिन में एक नेता पांच से लेकर आठ सभाएं तक कर पाते थे।

राजीव बाबर ने बताया कि अक्टूबर के अंत में बे मौसम बरसात में चुनावी प्रचार की रफ्तार को थोड़ी धीमी कर दी. उन्होंने कहा कि बेमौसम बरसात की वजह से कई बार उन्हें हेलीकॉप्टर को कैंसिल करना पड़ा. इसकी वजह से सभाएं रद्द हुई. हालांकि, कुछ परिस्थितियों ऐसी भी आई जिसमें सड़क माध्यम से नेता रैली करने के लिए पहुंचे।

## संक्षिप्त ख़बरें

### हाइवे के अतिक्रमण पर चला बुलडोजर





**सीतापुर।** जिले के कमलापुर थाना क्षेत्र में रविवार को नेशनल हाइवे-30 पर अतिक्रमण कर बनाई गई दुकानों पर प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने पहले ही दुकानदारों को अल्टीमेटम जारी किया था, लेकिन निर्धारित समय सीमा में कब्जा न हटाने पर बुलडोजर कार्रवाई करनी पड़ी। कार्रवाई के दौरान पुलिस बल की भारी तैनाती की गई थी। मौके पर थाना प्रभारी सर्जन सिंह मीना कमलापुर स्वयं मौजूद रहे। बताया जा रहा है कि कई दुकानदारों ने हाइवे की जमीन पर अस्थाई निर्माण कर व्यापार शुरू कर रखा था, जिससे यातायात प्रभावित हो रहा था। थाना प्रभारी ने स्पष्ट किया है कि राजमार्ग पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आगे भी ऐसे अतिक्रमणों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी ताकि सड़क सुरक्षा और यातायात व्यवस्था बनाए रखी जा सके।

### लखनऊ सेवा हॉस्पिटल रेउसा पर गिरी गाज

**जिलाधिकारी डाक्टर राजा गणपतिआर ने डॉक्टर पर मुकदमा दर्ज कराने के दिए निर्देश**



**सीतापुर।** जनपद के रैसा स्थित लखनऊ सेवा हॉस्पिटल में उपचार के दौरान महिला की मौत के मामले में जांच रिपोर्ट आने के बाद प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। जिलाधिकारी ने त्रि-सदस्यीय समिति की जांच रिपोर्ट के आधार पर दोषी पाए गए डॉक्टर के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

## मानसरोवर में महिलाओं ने संभाली स्वच्छता की कमान

**● हर रविवार प्रकृति रक्षक के कार्यकर्ता करते हैं तालाब सफाई**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**तालबेहट।** क्षेत्र के जीवनदायक, मोक्षदायक सुंदर मानसरोवर तालाब को स्वच्छ और जीवंत बनाए रखने के लिए प्रकृति रक्षक टीम के साथ अब मातृशक्ति भी हाथ बढ़ा दिए है। तालाब बचाओ अभियान में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी ने इस मुहिम को नई ऊर्जा दे दी है। रविवार को आयोजित स्वच्छता अभियान में स्थानीय महिलाओं कृ राधिका तिवारी, मिनी अग्निहोत्री, माही कुशवाहा, राशि कुशवाहा सहित कई बहनों ने भाग लिया और तालाब की साफ-सफाई में अपना योगदान दिया। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ सफाई नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और जि मेदारी है। नगर पंचायत अध्यक्ष पुनीत सिंह परिहार ने भी इस अभियान में भाग लेते हुए कहा कि जब आमजन, स्थानीय प्रशासन और सरकार मिलकर काम करें, तो स्वच्छता केवल नारा नहीं, बल्कि संस्कृति बन जाती है और हमारी विरासत संरक्षित रहती है।प्रकृति रक्षकों ने संकल्प लिया कि मानसरोवर तालाब को स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ बनाए रखने में हर नागरिक की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। अभियान में विशाल रावत, प्रदु न साहू, जगदीश ओझा, सुरेन्द्र मोहन पाठक, शिवचरण साहू, अनिल सिरसा, राजकुमार झा, मानवेंद्र सिंह, विशाल परमार, सागर चौहान, दीप पटेरिया, राजेंद्र शर्मा, मुकुल झा, पुष्पेंद्र परमार, उदित गोस्वामी, संदेश चौबे, राहुल द्विवेदी, मनीष शुक्ला, जीतू राजा, विक्रांत सिंह गौर सहित कई प्रकृति प्रेमी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन जय मां गंगे के उद्घोष के साथ किया गया।



सफाई करती महिलाएं

## सिन्धी समाज के ऊपर गलत टिप्पणी करने पर सिंधी समाज ने किया विरोध प्रदर्शन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नैनी प्रयागराज।** नैनी छत्तीसगढ़ के तथाकथित नेता अमित बघेल द्वारा झूलेलाल भगवान जो सिन्धी समाज के ईष्ट देवता है। उनको मछली वाला एवं सिन्धी समाज को पाकिस्तानी कहने पर चकभटाई वार्ड नैनी के सिन्धी कालोनी में रविवार को सिन्धी समाज की बैठक कर विरोध प्रदर्शन किया गया। जहाँ भारत सरकार एवं प्रधानमंत्री मोदी जी से मांग की गई मीडिया के माध्यम से कि अमित बघेल के ऊपर दण्डात्मक कार्यवाही हो एवं सिन्धी समाज से सार्वजनिक मॉफी माँगे। क्योंकि सिन्धी समाज ने हिन्दुत्व एवं धर्म की रक्षा हेतु सिन्ध प्रान्त जोकि अखण्ड-भारत का हिस्सा था सन् 1947 में जब बँटवारा हुआ तो वहाँ के सिन्धी (हिन्दुओं) ने अपनी जमीन, जायदाद, खेत-खलिहान व्यापार सब कुछ छोड़कर मुसलमानों द्वारा स्थापित सिन्ध (पाकिस्तान) को छोडकर हिन्दुस्तान को चुना। इस समाज ने सर्वप्रथम जात-पात की विदाई की। आज भी इस समाज में, क्षत्रिय, ब्राहमण, वैश्य, शूद्र में विभाजित नहीं है। इस सुम्प्रदाय के लोग जाति के नाम पर सिर्फ पूर्वजों का नाम ही लगाते हैं।





इस समाज के लोग सिर्फ अपने आप को शुद्ध हिन्दुस्तानी समझते हैं। सिन्ध प्रान्त छोड़ने के बाद भारत आने पर इन लोगों ने मजदूरी मेहनत कर अपने आप को स्थापित किया। कभी भी किसी सरकार से आरक्षण की मांग नहीं की और जिस झूलेलाल भगवान को ये मछली वाला देवता कह रहे है वो मछली उनका वाहन है। वह मछली पल्ला नाम से जानी जाती है जो कि बहुत ताकतवर होती है और वो विपरित दिशा यानि समुद्र से चलकर सिन्धु नदी को जाती है 450 किमी0 का सफर करती है। बिना जानकारी के किसी धर्म-सम्प्रदाय पर गलत टिप्पणी करना निन्दनीय है। "ये वही सिन्धी है जिसका वर्णन हमारे राष्ट्रगान में भी होता है।"

सिन्धी समाज ऐसे फर्जी नेताओं का पुरजोर विरोध करता है एवं शासन-प्रशासन से मांग करता है कि ऐसे लोगों पर दण्डात्मक कार्यवाही कर सार्वजनिक रूप से सिन्धी समाज से मांफी माँगे- विरोध प्रदर्शन मे मुख्य रूप से उमा शंकर आयलानी (मुखिया), महेश कुमार आहूजा, जितेन्द्र आहूजा, नरेन्द्र कुमार छाबडा, हेमन्त कुमार छाबड़ा, पार्षद मयंक यादव, रज्जन तनेजा, हेमन्त मध्यान, विजय मध्यान, सचिन मध्यान, अमन छाबडा, नवीन आहूजा, विनोद कुमार आहूजा, सुदेश आहूजा, दर्शन एवं समस्त सिन्धी समाज मौजूद रहे।

## अपनी छह साल की बेटी से बलात्कार के आरोप में पिता के खिलाफ मामला दर्ज



**बिजनौर** जिले के किरतपुर क्षेत्र में छह साल की बच्ची के बलात्कार के आरोप में उसके पिता के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। अपर पुलिस अधीक्षक कृष्ण गोपाल सिंह ने दर्ज रिपोर्ट के हवाले से रविवार को बताया कि किरतपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में नशे के आदी एक व्यक्ति ने शनिवार शाम अपनी छह वर्षीय बेटी से बलात्कार किया। उन्होंने बताया कि बच्ची की हालत गंभीर है और उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बच्ची के पिता की तलाश की जा रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार आरोपी की पत्नी अपने तीनों बच्चों को छोड़कर मायके में रह रही है।

## बगैर रजिस्ट्री के भी मान्य होगा समझौता...पारिवारिक संपत्ति बंटवारे पर सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला

**● सुप्रीम कोर्ट ने पारिवारिक संपत्ति बंटवारे पर महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है. कोर्ट ने कहा कि अपंजीकृत पारिवारिक समझौता बंटवारा साबित करने के लिए पूरी तरह मान्य होगा, भले ही वह टाइटल स्थापित न कर सके. सुप्रीम कोर्ट ने कर्नाटक हाईकोर्ट और ट्रायल कोर्ट के फैसलों को निरस्त कर दिया**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

सुप्रीम कोर्ट ने पारिवारिक संपत्ति बंटवारे से जुड़े एक मामले में बड़ा फैसला सुनाया. शीर्ष अदालत ने कहा कि बिना रजिस्ट्री वाला पारिवारिक समझौता बंटवारा साबित करने के लिए पूरी तरह मान्य होगा. कोर्ट ने कहा कि अपंजीकृत पारिवारिक समझौता टाइटल स्थापित नहीं कर सकता, लेकिन साक्ष्य के रूप में मान्य होगा. सुप्रीम कोर्ट ने ये भी कहा कि निचली अदालतों ने कानून का गलत व्याख्या की थी।

जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस एन.वी. अंजनिया की बेंच ने कर्नाटक हाईकोर्ट और ट्रायल कोर्ट के फैसलों को निरस्त कर दिया. निचली अदालतों ने गलत फैसला सुनाया था. अपीलकर्ता के पक्ष में ये दस्तावेज होने के बावजूद निचली अदालतों ने दो भाइयों के पंजीकृत त्याग-पत्रों और 1972 के परिवारिक समझौते को नजरअंदाज कर दिया।

**निचली अदालतों ने कानून का गलत इस्तेमाल किया- SC**

उन्होंने संपत्ति को संयुक्त परिवार की संपत्ति मानकर सभी वारिसों में बराबर बांटने का आदेश दे दिया. शीर्ष अदालत ने कहा कि निचली अदालतों ने कानून का गलत इस्तेमाल किया और कहा कि पंजीकृत त्याग-पत्र स्वयं में वैध होता है और इसे लागू करने की कोई अतिरिक्त शर्त नहीं होती. मगर पंजीकृत पारिवारिक समझौता टाइटल स्थापित नहीं कर सकता, लेकिन साक्ष्य के रूप में मान्य होगा।



**पारिवारिक समझौता क्या है?**

पारिवारिक समझौता की अगर बात करें तो यह परिवार के सदस्यों के बीच संपत्ति (जैसे पैतृक या संयुक्त संपत्ति) के बंटवारे या विवाद निपटारे का एक लिखित या मौखिक समझौता होता है. इसका उद्देश्य परिवार में शांति बनाए रखना और भविष्य के मुकदमों से बचना है. सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि फैमिली सेटलमेंट को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए क्योंकि यह परिवार की एकता को बनाए रखता है।

## सीतापुर में धार्मिक पर्यटन को नई उड़ान

**● 21.82 करोड़ से बनेगा भव्य नैमिष तीर्थ विकास परिषद कार्यालय**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

संवादाता सचिन बाजपेई

**सीतापुर।** प्राचीन धार्मिक नगरी नैमिषारण्य अब विकास की नई इबारत लिखने जा रही है। लगभग 21 करोड़ 82 लाख रुपये की लागत से यहां नैमिष तीर्थ विकास परिषद कार्यालय का निर्माण किया जाएगा। इस भवन का निर्माण 4762 वर्ग मीटर भूमि पर होगा, जिसकी डीपीआर पर्यटन विभाग ने तैयार कर उत्तर प्रदेश निर्माण निगम को भेज दी है। जैसे ही प्रस्ताव को मंजूरी मिलेगी, कार्य प्रारंभ हो जाएगा।

प्रस्तावित भवन चक्रतीर्थ से लगभग 2.2 किलोमीटर की दूरी पर बनेगा। इस बहुमंजिला अत्याधुनिक भवन में सभी प्रमुख विभागों के लिए विशेष व्यवस्थाएं होंगी- बी ब्लॉक में बनेगा आईटी विभाग, साथ ही सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट, ऑपरेशन ऑफिस, सलाहकार कार्यालय, मीटिंग हॉल, पर्यटन सूचना केंद्र, और गेस्ट हाउस जैसी सुविधाएं भी होंगी।



नैमिष तीर्थ विकास परिषद का गठन वर्ष 2022 में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर हुआ था। इस परिषद में नैमिषारण्य क्षेत्र के 36 ग्राम पंचायतें शामिल हैं, जो लगभग 8511 हेक्टेयर क्षेत्रफल में फैली हैं। परिषद का उद्देश्य नैमिष तीर्थ को राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय धार्मिक पर्यटन मानचित्र पर स्थापित करना है। इस परियोजना से न केवल प्रशासनिक व्यवस्थाएं सुदृढ़ होंगी, बल्कि स्थानीय रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। पर्यटन विभाग के अनुसार, भवन में अत्याधुनिक तकनीक, पर्यावरण अनुकूल डिजाइन, और सुरक्षा मानकों का पूरा ध्यान रखा जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रदेश स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता में बस्ती के खिलाड़ियों ने दिखाया दम



**बस्ती।** बस्ती जिले में भीमराव अंबेडकर राज्य विद्यालय क्रीड़ा संस्थान अयोध्या में 69वीं प्रदेश स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन 4 से 8 नवम्बर तक किया गया। प्रतियोगिता में बस्ती जनपद ने सब जूनियर बालक वर्ग में प्रदेश में दूसरा तथा जूनियर बालक वर्ग में प्रदेश में तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि से पूरे जनपद में खुशी का माहौल है। पूरे जनपद के लोगों ने बच्चों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। मंडलीय क्रीड़ा सचिव अमित यादव और जिला व्यायाम शिक्षक भूपेश सिंह ने कहा कि ऐसी प्रतिभाएं पूरे जनपद का गौरव बढ़ा रही हैं। बच्चों की यह उपलब्धि पूरे जिले के लिए गर्व का विषय है और लोगों को उम्मीद है कि ऐसे प्रयासों से ये बच्चे आने वाले समय में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी नाम रोशन करेंगे। टीम कोच अजय कुमार वर्मा और टीम मैनेजर प्रभाकर रंजन ओझा ने कहा कि ने सफलता का श्रेय बच्चों कड़ी मेहनत और समर्पण को दिया। उन्होंने कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद बच्चों ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तर पर जिले का नाम रोशन किया है। बच्चों की इस उपलब्धि में अमरनाथ मौर्य, कृष्ण कुमार पाठक, रमेश चंद्र गुप्ता, सुनील कुमार, अरुण कुमार, दीपक सिंह, सुरेंद्र शुक्ला, वेद प्रकाश द्विवेदी, राम सिंह, हरीश सिंह, उमेश तिवारी, अखिलेश सिंह, प्रेम वर्मा, विपिन वर्मा का सराहनीय योगदान रहा।

### नवागत डीआईओएस से मिले स्काउट गाइड पदाधिकारियों ने किया सम्मान



**बस्ती।** बस्ती जिले में नवागत जिला विद्यालय निरीक्षक/ जिला मुख्यायुक्त स्काउट गाइड बस्ती संजय कुमार सिंह ने कार्यभार ग्रहण करते ही एक्शन में दिखे राजकीय कन्या इण्टर कालेज आदि विद्यालय का दौरा किया, उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के मुताबिक प्राथमिकता वाले कार्यों को समयबद्धता के साथ पूर्ण कराना ही उनकी प्राथमिकता है, इस दौरान स्काउट गाइड पदाधिकारियों ने उनका स्कार्फ और बुके द्वारा स्वागत किया, नेशनल डायमण्ड जम्बूरी के कार्यक्रम में जाने वाले प्रतिभागियों के आवागमन संबंधित आवश्यकता को उनके संज्ञान में लाया जिसके लिए उन्होंने ससमय समाधान करने की बात कही, इस अवसर पर सह जिला विद्यालय निरीक्षक उदयभान वर्मा, सह जिला विद्यालय निरीक्षक अनूप कुशवाहा, प्रधानाचार्य राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज गोठवा विकास श्रीवास्तव, प्रधानाचार्य विवेकानंद इण्टर कालेज दुबौलिया बाजार एडल्ट रिसोर्स कमिश्नर स्काउट डॉ हरेंद्र प्रताप सिंह, प्रधानाचार्य जीआरएस इंटर कॉलेज बस्ती स्काउट कमिश्नर हरिराम बंसल, प्रधानाचार्य रामदास उदय प्रताप औद्योगिक इंटर कॉलेज भटपुरवा चिलमा बाजार विद्याधर वर्मा, प्रधानाचार्य राजकीय कन्या इंटर कॉलेज बस्ती डॉ अर्पणा भारद्वाज, प्रधानाचार्य राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खखुआ संधिला चौधरी, जिला सचिव डॉ. कुलदीप सिंह, जिला संगठन कमिश्नर स्काउट प्रताप शंकर पाण्डेय, मानवी सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

### जमधरा गांव में सड़क पर शावक के साथ दिखा तेंदुआ

**गैसड़ी।** क्षेत्र के जमधरा गांव में रात तेंदुआ शावक के साथ सड़क पर दिखाई दिया। बताया जा रहा है कि यह तेंदुआ पिछले कई महीनों से गांव और आसपास के जंगलों में दिखाई देता रहा है। रात करीब आठ बजे मंजूर के घर के पास स्थित प्राइमरी स्कूल के निकट सड़क पर तेंदुआ अपने शावक के साथ दिखाई दिया। मंजूर ने बताया कि जब उसने शोर मचाया तो तेंदुआ घर के पश्चिम दिशा में स्थित सागौन के बाग की ओर भाग गया। गांव के तफज्जुल हुसैन, अकबर हुसैनी, इब्राहिम और मेहंदी हसन ने बताया कि यह तेंदुआ पिछले छह महीनों से गांव के इर्द-गिर्द घूम रहा है। कुछ दिन पहले इसने गांव में एक भैंस को भी घायल कर दिया था। इस संबंध में वन क्षेत्राधिकारी प्रभात कुमार वर्मा ने बताया कि सूचना मिलते ही रामपुर रेंज की वन विभाग की टीम को मौके पर भेजा जा रहा है। उन्होंने कहा कि तेंदुए की लोकेशन का पता लगाने के लिए ट्रैकिंग की जाएगी। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि गांव और स्कूल के आसपास रात में गश्त बढ़ाई जाए और तेंदुए को जल्द से जल्द पकड़ा जाए।

## बीमारी से जूझ रही महिला, तीन साल की बेटी संग खुले आसमान तले काट रही दिन-रात, लगाई मदद की गुहार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर।** के पुरानडीह गांव की 30 वर्षीय कौशल्या देवी मानसिक और शारीरिक रूप से कमजोर होकर चार महीनों से घर से दूर रह रही हैं। आर्थिक तंगी के कारण इलाज नहीं हो पा रहा। ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल मदद की अपील की है। बलरामपुर रामानुजगंज के ग्राम पंचायत पुरानडीह की 30 वर्षीय महिला कौशल्या देवी पति विकास कुमार पिछले चार महीनों से अपने घर नहीं जा रही हैं। मानसिक और शारीरिक रूप से कमजोर हो चुकी कौशल्या कभी रामानुजगंज के छठ घाट, कभी मंदिर परिसर तो कभी गांधी मैदान में अपना समय बिताती हैं। वह अपनी तीन साल की मासूम बेटी लक्ष्मी के साथ खुले आसमान के नीचे दिन-रात गुजार रही हैं। जानकारी के अनुसार,



कौशल्या का परिवार अत्यंत गरीब है। उनके पति विकास कुमार पल्लेदारी कर किसी तरह परिवार का भरण-पोषण करते हैं। आर्थिक स्थिति इतनी खराब है कि परिवार कौशल्या का इलाज कराने में सक्षम नहीं है। बावजूद इसके, विकास रोजाना तीन वक्त का भोजन अपनी पत्नी और बेटी तक पहुंचाने का प्रयास करते हैं। कौशल्या का कहना है कि वह नहीं चाहतीं कि उनके कारण परिवार परेशान हो, इसलिए उन्होंने घर से दूर रहना ही बेहतर समझा। बीमारी के कारण वह मानसिक रूप से काफी टूट चुकी हैं। आस-पास के लोग भी उनकी स्थिति देखकर दुखी हैं, लेकिन संसाधनों के अभाव में कोई मदद नहीं कर पा रहे। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से अपील की है कि कौशल्या देवी को तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाए। स्वयं कौशल्या ने भी प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय पर इलाज हो जाए तो कौशल्या फिर से सामान्य जीवन जी सकती हैं और अपनी छोटी बच्ची की परवरिश अच्छे से कर पाएंगी। मानवता और सामाजिक संवेदना की यह घटना समाज के लिए एक प्रश्न खड़ा करती है। क्या किसी गरीब महिला को सिर्फ आर्थिक अभाव के कारण इस स्थिति में जीने को मजबूर होना चाहिए? प्रशासन और समाज दोनों की जिम्मेदारी है कि ऐसे जरूरतमंदों तक मदद तुरंत पहुंचाई जाए।

### डीएम ने किया अटल बिहारी बाजपेई स्वशासी मेडिकल कॉलेज का किया निरीक्षण



#### डीएम ने कंसल्टेंट की टीम गठित करते हुए मेडिकल कॉलेज में शीघ्र शैक्षणिक सत्र प्रारंभ किए जाने के दिए निर्देश

**बलरामपुर** - डीएम विपिन कुमार जैन द्वारा अटल बिहारी बाजपेई स्वशासी मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने मेडिकल कॉलेज का विस्तृत भ्रमण किया एवं ऑपरेशन थिएटर, वार्ड आदि को देखा। डीएम ने चिकित्सक, पैरामेडिकल स्टाफ एवं अन्य ह्यूमन रिसोर्स की तैनाती हेतु सभी कार्यवाही शीघ्र पूर्ण किए जाने के निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज के शैक्षणिक सत्र के शीघ्र प्रारंभ किए जाने हेतु कंसल्टेंट की टीम गठित करते हुए समयबद्ध रूप से सभी औपचारिकताएं पूर्ण की जाए। इस दौरान प्राचार्य मेडिकल कॉलेज, मुख्य चिकित्सा अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी/ कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### फार्मासिस्ट एसोसिएशन ने सांसद, विधायक को सौंपा ज्ञापन

#### ●समस्याओं के निस्तारण की मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले में रविवार को अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन जिला अध्यक्ष गिरिजेश सेन के नेतृत्व में पदाधिकारियों, फार्मासिस्टों ने सांसद राम प्रसाद चौधरी और बस्ती सदर विधायक महेन्द्र नाथ यादव को ज्ञापन सौंपा। जिला अध्यक्ष गिरिजेश सेन ने बताया की ज्ञापन के प्रमुख मांगों में शेड्यूल 'के' को समाप्त करना, ऑनलाइन दवा बिक्री पर रोक लगाना, कम्युनिटी हेल्थ अफसर सीएचओ भर्ती में फार्मासिस्ट को पात्रता देना, होलसेल ड्रग लाइसेंस में फार्मासिस्ट की अनिवार्यता, उत्तर प्रदेश में फार्मासिस्ट के रिक्त पद भरना, ड्रग एंड कॉस्मेटिक एक्ट 1948 को पूर्ण रूप से लागू करना जैसे मुद्दे शामिल रहे। ज्ञापन लेने के बाद सांसद राम प्रसाद चौधरी और विधायक महेन्द्रनाथ यादव ने आश्वासन दिया की वह ज्ञापन को अपने माध्यम से सरकार तक पहुंचाने के साथ ही समाधान



की दिशा में प्रयास करेंगे। ज्ञापन के बाद जिला कार्यालय मंजूषा मेडिकल हॉल, पचपेड़िया रोड पर एसोसिएशन की मासिक समीक्षा बैठक हुई जिसमें विभिन्न मुद्दों पर चर्चा के साथ ही सर्वसम्मति से सत्यम श्रीवास्तव को जिला अध्यक्ष (शिक्षा प्रकोष्ठ) नियुक्त किया गया। ज्ञापन और बैठक में मुख्य रूप से संगठन के मंडल उपाध्यक्ष परमात्मा प्रसाद, जिला अध्यक्ष (आईटी) फारुख अब्दुल्लाह, महासचिव वैभव श्रीवास्तव, जिला उपाध्यक्ष सिद्धार्थ सिंह, कृष्ण मोहन यादव, मीडिया प्रभारी धर्मनाथ, जिला सचिव विक्रम शर्मा, कोषाध्यक्ष अजय चौधरी, ब्लॉक अध्यक्ष अश्वनी चौधरी, सूरज चौहान, सत्येंद्र सेन, अब्दुर्रशीद के साथ अन्य पदाधिकारी व सदस्य शामिल रहे।

## मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के तहत चौपड़ ग्राम भुजैडीह में सास-बहू सम्मेलन आयोजित

### ●महिलाओं को सुरक्षा एवं आत्मनिर्भरता के लिए किया गया जागरूक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर।** महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से संचालित मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के अंतर्गत जनपद बलरामपुर में जागरूकता कार्यक्रमों की श्रृंखला जारी है। इसी क्रम में थाना महाराजगंज तराई क्षेत्र के चौपड़ ग्राम भुजैडीह में सास-बहू सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने सहभागिता की। यह कार्यक्रम उपनिरीक्षक आकांक्षा तिवारी के नेतृत्व में आयोजित



हुआ। उनके साथ हेड कांस्टेबल राम यादव, हेड कांस्टेबल ओमप्रकाश प्रसाद, पवनेश कुमार, प्रमोद कुमार तथा महिला सिपाही श्वेता मद्धेशिया और पूजा यादव उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में उपस्थित टीम ने महिलाओं और छात्राओं को मिशन शक्ति अभियान के उद्देश्यों से अवगत कराया तथा उन्हें सुरक्षा एवं आत्मरक्षा से जुड़ी उपयोगी जानकारियाँ दीं। उपनिरीक्षक आकांक्षा तिवारी ने उपस्थित महिलाओं को बताया कि किसी भी आपात स्थिति में तत्काल सहायता के लिए वूमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, पुलिस सहायता 112, चिकित्सीय सेवा 108 और चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 जैसे नंबरों पर संपर्क किया जा सकता है। उन्होंने महिलाओं को साइबर अपराधों से बचाव के तरीके भी बताए और कहा कि किसी भी अनजान कॉल, लिंक या ओटीपी शेयर न करें। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को आत्मरक्षा के व्यावहारिक उपाय सिखाए गए तथा पम्पलेट वितरित कर विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं कानूनी अधिकारों की जानकारी दी गई। उपनिरीक्षक आकांक्षा तिवारी ने कहा कि "महिलाएं यदि अपने अधिकारों और सुरक्षा के प्रति सजग रहें, तो समाज में अपराध स्वतः कम होंगे। बलरामपुर पुलिस का यह प्रयास "सशक्त नारी - सुरक्षित समाज" के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## मछुआरा समाज के अंतिम व्यक्ति को मिले सम्मानः जयप्रकाश निषाद प्रदेश संयोजक मछुआरा प्रकोष्ठ

### ●मछुआरा स्वाभिमान सम्मेलन का हुआ जोरदार आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले में रविवार को कप्तानगंज विकासखंड के ब्लॉक सभागार में मछुआरा समुदाय की एक आवश्यक बैठक ब्लॉक सभागार में की गई बैठक में उपस्थित सदस्य जनप्रतिनिधि पूर्व सांसद जयप्रकाश निषाद जी की अध्यक्षता में बैठक शुरू किया गया बैठक में निषाद समाज को संगठित रहो शिक्षित रहो संघर्ष करो के नारों के साथ सांसद ने संबोधित किया मछुआरा समाज एक साथ आगे बढ़े वह राजनीतिक शिक्षा के क्षेत्र में हर संभव मदद करने का विश्वास दिलाया सांसद ने अंतिम व्यक्ति



की आवाज उठाई सांसद ने कहा की समाज तब आगे बढ़ सकता है जब शिक्षित हो कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद ने मौजूद लोगों को अपने हक की लड़ाई लड़ने के लिए उन्हें हर पहलुओं पर आगे आकर हक मांगना पड़ेगा तब जाकर आपको अपना अधिकार का हक मिलेगा मछुआरा समाज के लोगों को संबोधित करते हुए सांसद ने कहीं की अगर आप जब तक रोजगार अपना नहीं मांगेंगे तो कोई आकर आपको देगा नहीं आपको अपने रोजगार की व्यवस्था अपने जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों से मांगना पड़ेगा तब आपका हक आपको मिलेगा कार्यक्रम के संरक्षक संयोजक प्रधान साहब निषाद ने किया पूर्व विधायक चंद्र प्रकाश शुक्ल के कामों को देखते हुए और हमारे समाज के लोगों के साथ जो पूर्व में विधायक जी ने जो काम किया है जो ऊर्जा का प्रदान किया है पूर्व विधायक चंद्र प्रकाश शुक्ल मछुआरा समाज के लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि मैं पूर्व में ही आप लोगों के हक की लड़ाई लड़कर आपको दिलाया और जो भी हमारे लायक होगा उसको पूरा किया जाएगा इस मौके पर राजन निषाद नयन निषाद प्रेम प्रकाश निषाद कमलेश चौधरी डॉक्टर अरविंद निषाद प्रदीप निषाद लालमणि निषाद अखिलेश निषाद राम अजोर हरि दर्शन निषाद प्रदीप कुमार सोमनाथ बल्लू प्रधान हीरालाल रामकेवल संदीप मनीष हृदय राम फूलचंद मनीष मछुआरा समाज के तमाम आदि लोग मौजूद रहे।

### पाक कला प्रतियोगिता में रसोईयों ने बनाई मेवायुक्त खीर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चित्रकूट-** उत्तर प्रदेश मध्यान्ह भोजन प्राधिकरण निदेशक के निर्देशानुसार रविवार को जिला मुख्यालय में जनपद के सभी विकासखण्डों एवं नगरक्षेत्र कर्वी से आये हुये कुल 30 रसोईयों के बीच पाक कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें रसोईयों से मीनू के अन्तर्गत मेवायुक्त खीर बनवाई गई। यह प्रतियोगिता जनपद के मध्यान्ह भोजन योजना से आच्छादित विद्यालयों में कार्यरत रसोईयों संवर्ग में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा विकसित करने, गुणवत्ता सुधार, स्वच्छता का ध्यान रखने व पारस्परिक सहयोग आदि विकसित करने के उद्देश्य से कराई गई। प्रतियोगिता में कम्पोजिट विद्यालय लोढ़वारा नगरक्षेत्र कर्वी की रसोईयां सविता ने प्रथम स्थान, कम्पोजिट विद्यालय लोढ़वारा नगरक्षेत्र कर्वी की कलावती ने द्वितीय एवं कम्पोजिट विद्यालय कुंजनपुरवा नगरक्षेत्र कर्वी की निशा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जिन्हें पुरस्कार स्वरूप क्रमशः 3500, 2500 व 1500 रुपये की धनराशि पीएफएमएस पोर्टल के माध्यम से प्रेषित की जाएगी। इन सभी विजेता प्रतिभागियों को निर्णायक समिति द्वारा प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। इसके अतिरिक्त अन्य प्रतिभागी रसोईयों को 300 रुपये सांत्वना पुरस्कार व 350 रुपये यात्रा भत्ता के रूप में पीएफएमएस पोर्टल के माध्यम से भुगतान किया जायेगा। प्रतियोगिता को सम्पन्न कराने में निर्णायक के रूप में जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बीके शर्मा, राजकीय हाईस्कूल सेमरिया चरणदासी के प्राचार्य सनत कुमार द्विवेदी आदि शामिल रहे। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष महेन्द्र कोटार्य ने अध्ययनरत विद्यार्थियों को सर्दी के दृष्टिगत स्वेटर वितरित किया। उन्होंने रसोईयों एवं शिक्षकों को एमडीएम की संवेदनशीलता के संबंध में आने वाली कठिनाईयों के बारे में अवगत कराया। साथ ही सुरक्षा, स्वच्छता व अनुशासन एवं समय पालन आदि के बारे में जानकारी प्रदान की गई। इस मौके पर भाजपा जिलामंत्री मनोज तिवारी, कार्यकर्ता महेश शिवहरे, कुलदीप सिंह, संतोष मिश्रा, आशा पाण्डेय, विद्या सागर सिंह, विजय प्रकाश शुक्ल, इन्द्रेश श्रीवास्तव, ईरम सिद्दकी आदि मौजूद रहे।

### अज्ञात कर्म से लगी आग गन्ने की फसल जलकर हुई खाक



आग बुझाते समय झुलसा किसान अस्पताल में भर्ती

**बस्ती।** बस्ती जिले दुबौलिया थाना क्षेत्र के आराजी डूही धरमपुर मुस्तहकम गांव के खजांचीपुर पुरवा के निकट गन्ने की फसल में आग लग गई, गन्ने की फसल बुझाते समय एक किसान बुरी तरह झुलस गया। धरमपुर गांव निवासी करिया यादव बटाई पर खजांचीपुर गांव में करीब 6 बीघा गन्ने की फसल की बुवाई किए थे रविवार की दोपहर में अचानक गन्ने की फसल में आग लग गई। आग देखते ही देखते पूरे खेत में फैल गई। जिसको बुझाने के लिए पड़ोसी किसान हरिनाथ सिंह भी पहुंचे और आग की चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गए। परिजन इलाज के लिए मेडिकल कालेज अयोध्या ले गए, जहां उनका इलाज चल रहा है। आग से पूरी गन्ने फसल जल कर खराब हो गई। वहीं थाना क्षेत्र की दूसरी घटना पदमपुर गांव में हुई जहां अज्ञात कारणों से लगी आग से अमरनाथ का रिहायशी छप्पर का मकान जलकर राख हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से किसी तरह आग पर काबू पाया गया।

## बस्ती में भाजपा की प्रोफेशनल मीट को संबोधित करेंगे प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेन्द्र सिंह

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी द्वारा सोमवार को बस्ती में प्रोफेशनल मीट एवं व्यापारी सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेन्द्र सिंह मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होकर उपस्थित प्रोफेशनल वर्ग को संबोधित करेंगे। जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्र ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन दोपहर 12:30 बजे होटल बाला जी प्रकाश में किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रोफेशनल मीट का मुख्य उद्देश्य प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के



आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को समाज के हर वर्ग तक पहुँचाना है। कार्यक्रम में यह चर्चा की जाएगी कि शिक्षा, उद्योग, तकनीक और सामाजिक सेवा के माध्यम से किस प्रकार युवाओं को आत्मनिर्भर बनाया जा सकता है और देश को बेरोजगारी से मुक्त करने की दिशा में योगदान दिया जा सकता है। उन्होंने बताया कि सरकार ने जीएसटी दरों में संशोधन सहित कई आर्थिक नीतियों के माध्यम से व्यापारियों, उद्यमियों और छोटे व्यवसायों को राहत पहुंचाने का कार्य किया है। इसी परिप्रेक्ष्य में यह संगोष्ठी विभिन्न क्षेत्रों के प्रोफेशनलों को एक मंच पर लाने का प्रयास है, ताकि विचार-विमर्श के माध्यम से विकास के नए मार्ग प्रशस्त किए जा सकें। इस प्रोफेशनल मीट में व्यापारी, पत्रकार, प्रोफेसर, शिक्षक, CEO, डायरेक्टर, HR मैनेजर, मार्केटिंग हेड, उद्यमी, स्टार्टअप फाउंडर, फाइनेंशियल एडवाइजर, बैंकिंग व बीमा अधिकारी, इंजीनियर, आईटी विशेषज्ञ, डॉक्टर, समाजसेवी, NGO प्रतिनिधि, वकील, चार्टर्ड अकाउंटेंट, पब्लिक रिलेशन ऑफिसर सहित भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल होंगे।

## सेवार्थम फाउंडेशन द्वारा दो दिवसीय रोजगार मेला संपन्न, सैकड़ों युवाओं को मिला रोजगार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लंभुआ, सुलतानपुर।** लंभुआ तहसील क्षेत्र के गोथुआ जागीपुर में सेवार्थम फाउंडेशन के संस्थापक डॉ. आशीष तिवारी द्वारा आयोजित दो दिवसीय रोजगार मेला सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। मेले के पहले दिन उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री डॉ. संजय निषाद एवं दूसरे दिन भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कामेश्वर सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और कार्यक्रम का शुभारंभ किया। रोजगार मेले में दो दर्जन से अधिक नामी कंपनियों ने प्रतिभाग कर युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान किए। जानकारी के अनुसार कुल 4356 युवाओं ने पंजीकरण कराया, जिनमें से 4126 युवाओं का चयन विभिन्न कंपनियों में किया गया। कई अभ्यर्थियों को मौके पर ही नियुक्ति पत्र दिए गए, जबकि शेष को ईमेल के माध्यम से ऑफर लेटर भेजे जाएंगे। मुख्य अतिथि कामेश्वर सिंह ने युवाओं को संबोधित करते



हुए कहा कि युवा शक्ति राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है। जब युवा संगठित होकर संकल्प लेते हैं, तो असंभव को भी संभव बना देते हैं। उन्होंने सेवार्थम फाउंडेशन के प्रयासों की सराहना करते हुए डॉ. आशीष तिवारी को धन्यवाद दिया और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को साकार करने में युवाओं की भूमिका पर बल दिया। इस अवसर पर पूर्व सांसद प्रवीण निषाद, ब्लॉक प्रमुख अरुण जायसवाल, भाजपा नेता सूर्या सिंह, कपाली बाबा सहित कई सामाजिक कार्यकर्ता एवं उद्योग जगत से जुड़े लोग उपस्थित रहे।

### जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर अपमानित करने का आरोप

#### माता-पिता व भाई से मारपीट भी की, एफआईआर दर्ज

**ललितपुर।** तालबेहट क्षेत्रांतर्गत ग्राम चन्द्रापुर निवासी रोशन अहिरवार पुत्र हरपा ने पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि बीते 6 नवम्बर कमो रात करीब 8 बजे वह अपने मकान के पास आम रास्ता पर था, तभी उसके भाई, माताजी पूना काम करने की जानकारी के लिए गया था। इसी बात से नाराज होकर गांव के पिन्कू बढ़ई पुत्र मंगल, भरत बढ़ई पुत्र अशोक, अभिषेक बढ़ई पुत्र जग्गू, शिवा बढ़ई पुत्र दुर्जन लाल ने एक राय होकर उसके भाई, पिता माता को जातिसूचक शब्दों के तहत गालियां देकर अपमानित किया और विरोध करने पर मारपीट कर दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115 (2), 352, 351 (3) व एस.सी.एस.टी. एक्ट की धारा 3 (1)(द), 3 (1)(घ) व 3 (2)(व्ही.ए.) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## विधिक सेवा दिवस के अवसर पर पीएलबी अंकित शर्मा एवं थाना अध्यक्ष द्वारा चलाया गया जागरुकता अभियान

### ● नए भारत के नए कानून से लोगों को कराया गया अवगत, अंग्रेजों के जमाने से चले आ रहे कानून का नए भारत में हुआ अंत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**शुकुल बाजार अमेठी।** विधिक सेवा दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण न्यायालय सुल्तानपुर के निर्देशानुसार विधिक जागरूकता रैली/आयोजन किया गया जिसमें पीएलबी अंकित शर्मा एवं थाना अध्यक्ष अभिनेष कुमार की अध्यक्षता में नए भारत के नए



कानून के बारे में जानकारी दी गई महिलाओं के प्रति अपराध पर अब नहीं होगा कोई समझौता। झूठे वादे या पहचान छुपा कर यौन संबंध बनाना अब अपराध की श्रेणी में शामिल, 18 वर्ष से कम आयु की बच्चियों के मामले में आजीवन कारावास या मृत्युदंड, गैंग रेप के मामलों में अब कम से कम 20 साल की सजा या आजीवन कारावास, नए भारत के नए कानून आतंकवाद के खिलाफ अब जीरो टॉलरेंस, पहली बार भारतीय न्याय संगीता में दी गई आतंकवाद की व्याख्या। आतंकवाद को अब बनाया गया दंडनीय अपराध, राजद्रोह कानून को पूरी तरह से किया गया निरस्त, अंग्रेजों के जमाने से चले आ रहे कानून का नए भारत में हुआ अंत, मृत्युदंड की सजा को अब आजीवन कारावास में ही बदला जा सकेगा। आजीवन कारावास को 7 वर्ष की सजा में बदला जा सकेगा, कानूनी प्रक्रिया हुई तेज नियमों में हुआ सुधार, संगठित अपराध के खिलाफ सख्त कदम, अन्य विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी दी गई इस दौरान उपनिरीक्षक चंद्र शेखर, हेड कांस्टेबल रामनरेश, केशव वर्मा रमेश चंद्र थाने स्टॉफ मौजूद रहा पीएचसी महोना में भी विधिक सेवा की जानकारी दी गई डॉक्टर स्टॉफ मौजूद रहा।

## पुलिस लाइन में हुआ निःशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चित्रकूट-** रिजर्व पुलिस लाइन चित्रकूट में रविवार को निःशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ पुलिस लाइन प्रभारी ने सैमुअल हैनिमैन के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी चित्रकूट डॉ दिलीप सिंह ने बताया कि होम्यो पैथिक व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को संतुलित करने पर बल देती है। दवा की इस प्रणाली से शरीर में स्वयं को ठीक कर लेने की क्षमता विकसित



होती है। वर्तमान समय में दुनिया भर में 20 करोड़ से अधिक लोग होम्योपैथिक दवाओं व उपचारों को अपनाते है। बताया कि प्रत्येक माह के दूसरे रविवार को पुलिस परिवारों के लिए होम्योपैथिक विभाग पुलिस लाइन में मासिक होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जायेगा। शिविर में डॉ शैलेन्द्र सिंह, डॉ मुकेश कुमार पांडेय, वद्री प्रसाद, अजय सिंह फार्मासिस्ट, शिवम शुक्ला डी.पी.एम. आदि ने चिकित्सीय परीक्षण कर दवाओं का वितरण किया। शिविर में चिकित्सकों ने लोगों ने संक्रामक बीमारियों से बचाव के प्रति जागरूक करते हुए होम्योपैथिक चिकित्सा के लाभ की जानकारी दी।

## दुकानदार ने खराब सामान देकर की मारपीट

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** महरौनी के ग्राम खरवांचपुरा निवासी यशप्रताप सिंह पुत्र गोविंद सिंह ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि शनिवार को अपराह्न करीब 1.15 बजे बानपुर चौराहा पर आशाराम प्रजापति की दुकान में सामान लेने गया हुआ था, तभी आशाराम व परशुराम पुत्रगण मथुराप्रसाद प्रजापति ने उसे खराब सामान दे दिया, जिस पर पीड़ित ने अच्छा सामान देने की बात कही। इस पर आक्रोशित होकर दोनों भाईयों ने उसके साथ मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गया। आरोप है कि दोनों ने उसे गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया है।

## संक्षिप्त खबरें

### आदर्श ग्राम ऐहार में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**स्वास्थ शिविर के आयोजक कपिल देव तिवारी (के,डी)**



**लालगंज (रायबरेली)।** क्षेत्र के आदर्श ग्राम पंचायत ऐहार में शनिवार को पुराने सरकारी अस्पताल के निकट संकट मोचन हनुमान मंदिर परिसर में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। यह शिविर युवा नेता कपिल देव तिवारी उर्फ के.डी. के प्रयासों से संपन्न हुआ।कपिल देव तिवारी ने कहा कि "लोगों की सेवा करना ही मानव का परम धर्म है। समाज के असहाय और गरीब वर्ग तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना हमारा कर्तव्य है।" शिविर में महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. वंदना सिंह, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. गौरव पांडेय, नेत्र सर्जन डॉ. कंचन मिश्रा, डॉ. आशीष पांडेय और डॉ. अमित राज शर्मा सहित विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने ग्रामीणों की जांच की। डॉक्टरों ने आवश्यक उपचार एवं जांच की सलाह दी।शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया।

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल

**लालगंज (रायबरेली)।** कस्बे के कानपुर रोड स्थित सूदनखेड़ा मोहल्ले में एक सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।जानकारी के अनुसार, मोहल्ला निवासी विकास बाइक से बृजेंद्र नगर मोहल्ले की ओर जा रहा था। रास्ते में सामने से आ रहे साइकिल सवार को बचाने के प्रयास में उसकी बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई, जिससे वह सड़क पर गिर पड़ा और गंभीर चोटें आई। हादसे के वक्त युवक ने हेलमेट नहीं पहना था, जिससे सिर में गंभीर चोट लग गई।

### मारपीट और गाली- गलौज के आरोप, पीड़ित महिला ने थाने में लगाई गुहार



**मलिहाबाद/**माल थाना क्षेत्र माल के ग्राम सैदापुर चक की एक महिला ने ससुरालियों पर मारपीट, गाली-गलौज और घर से भगाने का आरोप लगाते हुए थाना माल में शिकायत की है। पीड़िता अनीता पत्नी अवधेश का कहना है कि उसका पति दिल्ली में मजदूरी करता है, जबकि वह अपने बच्चों के साथ गांव में रहती है। इसी दौरान सास, देवर और देवरानी द्वारा आए दिन उसके साथ दुर्व्यवहार किया जाता है। पीड़िता ने थाना प्रभारी को दिए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि उसकी सास राजरानी, देवरानी गुड़िया और देवर मनोज उसे अक्सर पति की गैर मौजूदगी में गाली-गलौज करते हैं और मारपीट कर घर से निकाल देने की कोशिश करते हैं। पीड़िता का कहना है कि जब उसका पति दिल्ली से घर आता है, तो ससुराल पक्ष के लोग उसे भड़काकर उससे भी मारपीट करवाते हैं। महिला ने बताया कि कुछ दिन पूर्व अपने मायके महिमाखेड़ा गई थी, जहां उसके बच्चे की तबीयत खराब हो गयी। 8 नवंबर की रात जब वह वापस ससुराल आई तो आरोपितों ने फिर से उसे भद्दी-भद्दी गालियां दीं और लात-घूंसों से पीटा। जिसके बाद उसने डायल 112 पर पुलिस सहायता मांगी। पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लेते हुए उसे थाने पर सूचना देने के लिए कहा। पीड़िता ने पुलिस से ससुराल पक्ष के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल पुलिस तहरीर के आधार पर मामले की जांच में जुटी हुई है।

### कुशीनगर एक्सप्रेस में यात्री बैग से सामान चोरी

उत्तर प्रदेश के जिला संत कबीर नगर के थाना खलीलाबाद अंतर्गत ग्राम सहसरांवमाफी निवासी बिलाल अहमद शेख पुत्र हमीदुल्लाह ने जीआरपी ललितपुर पुलिस को शिकायत दर्ज करायी है। विगत 7 नव बर को 2.20 बजे वह ट्रेन नं. 22537 कुशनगर एक्सप्रेस के कोच नं. ए-1 की बर्थ सं. 1 व 3 पर खलीलाबाद से मु बई रेलवे स्टेशन तक की यात्रा कर रहा था। बताया कि कानपुर रेलवे स्टेशन निकलने के बाद उसने देखा कि उसके बैग से लगभग 27 हजार रुपये की नकदी, कान का झाला, मोबाइल इत्यादि सामान चोरी हो गया। जीआरपी पुलिस ने यात्री की तहरीर पर अज्ञात चोर के खिलाफ बीएनएस की धारा 305 (सी) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## झोलाछाप डॉक्टरी पर डीएम की सर्जिकल स्ट्राइक': ऑपरेशन से महिला की मौत के बाद अवैध अस्पताल का 'संचालक' गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**सीतापुर** जनपद सीतापुर में अवैध रूप से संचालित निजी चिकित्सालयों और 'झोलाछाप' चिकित्सकों के गठजोड़ पर सीतापुर के जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने एक ऐतिहासिक और निर्णायक कार्रवाई की है। रेउसा क्षेत्र के लखनऊ सेवा हास्पिटल में उपचार के दौरान 7 नवंबर, 2025 को हुई पंछी नामक महिला की मौत के मामले में डीएम ने न केवल त्वरित जांच कराई, बल्कि खुद को डॉक्टर बताने वाले अस्पताल संचालक के विरुद्ध ढ्ढक्क की गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज करने का आदेश भी दिया है जिले के इतिहास में यह पहली बार है, जब किसी जिलाधिकारी ने अवैध चिकित्सा और जालसाजी के इस कृत्य पर इतनी कठोर और सीधी कार्रवाई सुनिश्चित की है।

**डीएम के आदेश पर 'त्रि-सदस्यीय जांच समिति' का खुलासा**

महिला की संदिग्ध मौत का संज्ञान लेते हुए, जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी के साथ मिलकर तत्काल प्रभाव से एक त्रि-सदस्यीय जांच समिति गठित की थी। इस उच्च-स्तरीय टीम में उप मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. मनोज देशमणि, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. खुर्शीद जैदी, और उप जिलाधिकारी बिसवां श्रीमती शिखा शुक्ला शामिल थे। जांच टीम ने 8 नवंबर को स्थलीय और अभिलेखीय जांच की, जिसके निष्कर्ष चौंकाने वाले थे। जिसके तहत अस्पताल केवल OPD और IPD के लिए पंजीकृत था, लेकिन इसमें ऑपरेशन थिएटर अवैध रूप से चलाया जा रहा था जिसकी अनुमति नहीं थी। यही नही सीसीटीवी फुटेज से साफ हुआ कि ओटी मानक विहीन थी, और पंजीकरण में कोई निश्चेतक या ओटी सहायक भी नियुक्त नहीं था।

**"संचालक निकला 'फर्जी डॉक्टर'"**

अस्पताल संचालक मो. रजा के पास मेडिकल से संबंधित कोई डिग्री नहीं थी। वही विधायक सेउता ज्ञान तिवारी के सामने मो. रजा ने दावा किया था कि बहराइच के डॉ. अफजल ने ऑपरेशन किया। लेकिन डॉ. अफजल ने लिखित बयान देकर स्पष्ट किया कि उन्होंने न तो ऑपरेशन किया और न ही वे उस समय अस्पताल में मौजूद थे। जांच टीम ने पाया कि मृतका का ऑपरेशन मो. रजा पुत्र नूर मोहम्मद (निवासी बहराइच) द्वारा ही किया गया था, जो पूर्णतया अवैधानिक है।

**"डीएम का कड़ा निर्देश के तहत आईपीसी की धारा 304 में हो FIR"**

जांच समिति की विस्तृत रिपोर्ट और गहन साक्ष्यों के अध्ययन के बाद, जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने तत्काल प्रभाव से कड़ा निर्देश दिया। "प्रकरण का संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने सम्बंधित के विरुद्ध IPC की धारा 304 (बीएनएस धारा 105) सहित अन्य सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कराते हुए कठोर कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।"

**"मेहरबानी नहीं, अब 'कठोरता' चलेगी"**

यह कार्रवाई जिले के उन तमाम अवैध कुकरमुत्तों की तरह उग रहे अस्पतालों और तथाकथित चिकित्सकों के लिए चेतावनी है, जो चंद पैसों के लालच में आम जनता के स्वास्थ्य और जीवन से खिलवाड़ करते हैं। सीतापुर के स्वास्थ्य विभाग पर अक्सर लगने वाले ढिलाई के आरोपों के बीच, DM डॉ. राजागणपति आर. की यह कार्रवाई 'जीरो टॉलरेंस' नीति को दर्शाती है। यदि इसी तरह की निर्णायक और कठोर कार्रवाई की जाती रही, तो वह दिन दूर नहीं जब अवैध रूप से चल रहे अस्पताल हमेशा के लिए बंद हो जाएंगे, और किसी भी चिकित्सक या अस्पताल को सील होने के कुछ दिनों बाद फिर से खुलने का दुस्साहस नहीं होगा!!

## रविवार को कहां बाधित रहेगी बिजली? किसने दिया आदेश?

**सीतापुर तंबौर।** आज रविवार, 9 नवम्बर 2025 को लहरपुर क्षेत्र के तंबौर के लोगों को अस्थायी बिजली कटौती का सामना करना पड़ेगा। मध्?यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के अधीन 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र तंबौर से जुड़े क्षेत्रों में पेड़ों की डालियों की छंटाई एवं लाइन अनुरक्षण का कार्य किया जाएगा। अवर अभियंता कार्यालय द्वारा जारी सूचना के अनुसार, यह कार्य सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक किया जाएगा, जिसके चलते इस अवधि में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। विभाग ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अपनी दैनिक आवश्यकताओं जैसे जल संचय, चार्जिंग आदि की पूर्व तैयारी कर लें। विभाग ने स्पष्ट किया है कि यह कार्य विद्युत लाइनों की सुरक्षा एवं सुचारु आपूर्ति के लिए आवश्यक है। इस दौरान होने वाली असुविधा के लिए खेद भी व्यक्त किया गया है।

**नोटः** सभी उपभोक्ताओं से अनुरोध है कि वे अपने बिजली बिल समय से जमा करें ताकि सेवाएं निर्बाध रूप से जारी रह सकें। "होने वाली असुविधा के लिए खेद है"- अवर अभियंता, मध्यांचल विद्युत वितरण निगम, लहरपुर।

## डीएनए की संरचना के खोजकर्ता जेम्स वॉटसन का निधन



**● 97 वर्ष की आयु में 6 नवंबर को ली अंतिम सांस**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**वॉशिंगटन।** विज्ञान जगत के लिए एक गहरा आघात देने वाली खबर सामने आई है। डीएनए की संरचना (Structure of DNA) की खोज करने वाले अमेरिकी वैज्ञानिक और नोबेल पुरस्कार विजेता जेम्स वॉटसन का 6 नवंबर 2025 को निधन हो गया। वे 97 वर्ष के थे। जेम्स वॉटसन ने ब्रिटिश वैज्ञानिक फ्रांसिस क्रिक के साथ वर्ष 1953 में मिलकर डीएनए की डबल हेलिक्स (Double Heli&) संरचना की पहचान की थी। यह खोज 20वीं सदी की सबसे महत्वपूर्ण वैज्ञानिक उपलब्धियों में से एक मानी जाती है। इसने यह स्पष्ट किया



कि डीएनए ही वह आनुवंशिक पदार्थ है जो जीवों में वंशानुगत जानकारी को एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक पहुंचाता है।

वॉटसन और क्रिक को इस अद्वितीय खोज के लिए वर्ष 1962 में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। इस खोज में वैज्ञानिक रोज़ालिंड फ्रैंकलिन के एक्स-रे डिफ्रैक्शन कार्य का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा, जिसने डीएनए की आकृति को समझने में अहम भूमिका निभाई। वॉटसन ने अपने लंबे वैज्ञानिक जीवन में आनुवंशिकी, बायोटेक्नोलॉजी और चिकित्सा अनुसंधान के क्षेत्र में अमूल्य योगदान दिया। उनके निधन से विज्ञान समुदाय में शोक की लहर है। दुनिया भर के वैज्ञानिकों ने उन्हें उस प्रतिभाशाली व्यक्ति के रूप में याद किया है, जिसने जीवन के रहस्यों को सुलझाने की दिशा में मानवता को नई रोशनी दी।

## रामलला के दर्शन को 210 रामभक्त अयोध्या रवाना



**● विश्वनाथ महाविद्यालय में सामाजिक सद्भाव बैठक का आयोजन**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सण्डीला (हरदोई)।** ग्राम पंचायत छतिहा से रविवार को भाजपा नेता अजय कुमार सिंह 'आदित्य' के अथक प्रयासों से तीसवो चरण में 210 राम भक्तों का जत्था तीन बसों द्वारा अयोध्या धाम के लिए रवाना हुआ। अजय सिंह 'आदित्य' ने छतिहा से हरे झंडे दिखाकर बसों को रवाना किया, इस दौरान जय श्रीराम के उद्घोष से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। राम भूखान, संजय सिंह, रामू सिंह, नीरज सिंह, अनूप सिंह, राम सहारे सिंह, सुबोध सिंह,विजय तिवारी,अजय गुप्ता,ज्ञानेंद्र सिंह, संतोष पाल रहे।

इसके पूर्व भरावन के नेवादा स्थित विश्वनाथ महाविद्यालय में आयोजित सामाजिक सद्भावना बैठक में सभी स्वयंसेवकों को अंगवस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अजय सिंह 'आदित्य' ने लोगों से स्वदेशी वस्तुएँ खरीदने व अपनाने का संकल्प लेने का आह्वान किया। बैठक में प्रमोद सिंह, विनोद सिंह तोमर, प्रदीप मिश्रा, तीर्थराज, योगेश त्रिपाठी, तीर्थ राज, संडीला, डाक्टर बृजमोहन दुर्गेश , प्रदीप, प्रमोद सिंह, अजय, बलराम, रामचंद्र शुक्ल बाबू नेवादा, विनोद सिंह तोमर, महेश दत्त मिश्रा विभव, शिवम्, इंद्रपाल, संतोष पाल सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।

## न्याय पंचायत स्तरीय सांसद खेल महोत्सव में बच्चों ने दिखाया खेल प्रतिभा का जलवा



**लालगंज रायबरेली।** क्षेत्र के ग्राम पंचायत ऐहार में न्याय पंचायत स्तरीय सांसद खेल महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में बालक एवं बालिका वर्ग के प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राजेश फौजी ने खिलाड़ियों को उपहार देकर सम्मानित किया और उनका उत्साहवर्धन किया। बालिका वर्ग मेंअर्चना ने प्रथम स्थान, प्रिया ने द्वितीय स्थान, आंचल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं बालक वर्ग में रोमियो प्रथम, विशाल द्वितीय, लव कुश रावत तृतीय स्थान पर रहे। कार्यक्रम में नोडल अधिकारी संतोष कुमार, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राजेश फौजी, सचिव सुनील कुमार, जेई प्रेमचंद गुप्ता, आराधना साहू, विकल्प पांडे सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज लखनऊ में रोटरैक्ट क्लब स्थापना के माध्यम से भावी वर्कफोर्स विकसित करने हेतु समारोह का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज में 8 नवम्बर 2025 को रोटरी क्लब स्थापना समारोह का भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन नेतृत्व, सेवा और सामुदायिक सहभागिता की भावना का उत्सव था, जिसमें विद्यार्थियों एवं संकाय सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिष्ठित रोटेरियनस, गणेश अग्रवाल, अध्यक्ष रोटरी क्लब ऑफ लखनऊ, विभोर अग्रवाल, सचिव रोटरी क्लब ऑफ लखनऊ, के0के0 श्रीवास्तव, पी0डी0जी0-रोटरी क्लब ऑफ बाराबंकी, पी0डी0जी0 सी0पी0 अग्रवाल, रोटरी क्लब ऑफ लखनऊ, रोटेरियन श्री अशोक टंडन, रोटेरियन नरेश अग्रवाल, एवं क्षेत्रीय सचिव रोटेरियन भारती गुप्ता उपस्थित रहे। इन सभी गणमान्य अतिथियों के मार्गदर्शन एवं प्रेरणादायी संबोधन ने कार्यक्रम को नई ऊर्जा और दिशा प्रदान की। कार्यक्रम के दौरान नवनियुक्त पदाधिकारियों को विधिवत रूप से बैज व प्रमाणपत्र प्रदान कर शपथ दिलाई गई कि वे क्लब की सफलता हेतु निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करेंगे। बी0टेक0 तृतीय वर्ष के छात्र श्री पीयूष गिरी को क्लब अध्यक्ष घोषित किया गया, जबकि बी0टेक0 द्वितीय वर्ष के छात्र ओम राय ने सचिव पद का दायित्व संभाला। इनके साथ 36 अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य भी रोटरैक्ट क्लब एसएमएस लखनऊ के आदर्शों और उद्देश्यों के प्रति समर्पित रहने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने वाले प्रमुख उपस्थितगणों में प्रो0 (डॉ0) आशीष भटनागर, निदेशक, एसएमएस लखनऊ, प्रो0 (डॉ0) बी0आर0 सिंह, निदेशक जनरल (टेक0), प्रो0 (डॉ0) धर्मेन्द्र सिंह, एसोसिएट डायरेक्टर, प्रो0 (डॉ0) पी0के0 सिंह, डीन (स्टूडेंट वेलफेयर) तथा डॉ0 पुष्पांजलि सिंह, एसोसिएट प्रोफेसर एवं कार्यक्रम समन्वयक सहित अनेक संकाय सदस्य और छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

इस अवसर पर सचिव एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, एसएमएस लखनऊ शरद सिंह जी ने कहा कि ÷हम सदैव ऐसे व्यक्तित्वों का निर्माण करने में विश्वास रखते हैं जो न केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता प्राप्त करें, बल्कि समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को भी समझें। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसमें सभी विशिष्ट अतिथियों, संकाय सदस्यों और विद्यार्थियों के सहयोग व सहभागिता के लिए आभार व्यक्त किया गया। रोटरी इंटरनेशनल एक वैश्विक मानवतावादी संगठन है जिसकी स्थापना 1905 में अमेरिका के शिकागो शहर में पॉल पी0 हैरिस द्वारा की गई थी। यह दुनिया के सबसे पुराने और बड़े सेवा संगठनों में से एक है, जो व्यापार और पेशेवर नेताओं को एकजुट करता है ताकि वे सामुदायिक सेवा प्रदान कर सकें, ईमानदारी को बढ़ावा दें, और विश्वभर में सद्भाव, शांति एवं आपसी समझ को प्रोत्साहित करें।

## जिलाधिकारी ने मतदाता पंजीकरण केंद्र का निरीक्षण कर दिए आवश्यक निर्देश



**सिद्धार्थनगर।** विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान-2025 के अंतर्गत तहसील नौगढ़ के बर्डपुर न0-07 के बूथ संख्या-42 के मतदाता पंजीकरण केन्द्र का जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी0एन0 द्वारा बीएलओ द्वारा भरे गये गणना फार्म को देखा गया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि गणना प्रपत्र की दो प्रतियों मतदाताओं को उपलब्ध कराए और फॉर्म भरने में मार्गदर्शन भी करेंगे। बीएलओ मतदाताओं द्वारा भरे हुए गणना प्रपत्र एकत्रित करेंगे तथा पावती देंगे। मतदाता, गणना प्रपत्र की दोनों प्रतियों को भरें व हस्ताक्षर करें। मतदाता, गणना प्रपत्र में अपना नवीनतम फोटो लगाएं। मतदाता, फॉर्म बीएलओ को वापस दें और प्राप्ति रसीद ज़रूर लें। गणना फार्म को ऑनलाइन कराये।

## तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन वार्षिक खेलों में बालिकाओ का रहा दबदबा

**● कौशलेंद्र पांडेय बने ओवरऑल चैंपियन**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**महाराजगंज/ रायबरेली।** आज दिन शनिवार को न्यू स्टैंडर्ड कॉलेज ऑफ़ हायर एजुकेशन सलेथू, महराजगंज, रायबरेली के प्रांगण में बी.ए., बी.एस.सी., बी एड, डी एल एड के विद्यार्थियों की तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के आयोजन उपरांत पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. अनिल कुमार, डी एल एड प्राचार्य धीरेंद्र सिंह, उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन विश्वविद्यालय के कोऑर्डिनेटर डॉ.अरूण चौधरी आदि प्राध्यापकों ने मां सरस्वती पूजन के पश्चात विभिन्न संवर्गो में आयोजित की गई बालक बालिका वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताओं के प्रमाण पत्र ,मेडल, व शील्ड प्रदान किया। महाविद्यालय के शिक्षक एवं छात्रों के द्वारा मेडल पहनते समय खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन तालियों के द्वारा किया गया। बालक बालिका के समूह खेलों में विजेता टीम को शील्ड देकर सम्मानित किया गया। देवेंद्र वाजपेई ने स्वतंत्र निर्णायक की भूमिका का निर्माण किया। कॉलेज के प्राचार्य ने बताया कि जनवरी माह में 10 किलोमीटर मैराथन दौड़ का आयोजन किया जाएगा तथा आगामी सत्र में अंतर महाविद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन कराने का प्रस्ताव नोडल को भेजा जाएगा। इस अवसर पर खेल समिति सदस्य अनीता मौर्या, सौरभ कुमार, डॉ.गुलाम सब्बानी के साथ ही डॉ. रश्मि श्रीवास्तव, अनुभव त्रिपाठी, प्रमोद कुमार, विजय कुमार मौजूद रहे।

## नहीं रहे युवाओं के प्रेरणा स्रोत प्रिंसू पांडेय क्षेत्र में शोक की लहर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**महराजगंज/रायबरेली:** कस्बे के रहने वाले एवं वरिष्ठ पत्रकार स्वर्गीय सुभाष पांडे के भतीजे उज्जवल पांडे उर्फ प्रिंसू लंबी बीमारी के चलते आज रविवार को दिन में 12:00 बजे लखनऊ के मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान निधन हो गया उज्जवल पांडेय 42 वर्ष के थे। जिसकी सूचना मिलते ही कस्बा समेत संपूर्ण क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई और उनके कस्बे के बछरावां रोड स्थित निवास पर शोक संवेदना व्यक्त करने वालों का तांता लग गया। आपको बता दें कि, उज्जवल पांडे उर्फ प्रिंसू पांडे (42) व्यक्तित्व के धनी और मिलनसार स्वभाव के व्यक्ति थे और कस्बे के युवाओं के प्रेरणा स्रोत थे क्षेत्र के युवा उन्हें "प्रिंशू दादा" के नाम से पुकारते थे। प्रिशू पांडे अपने पीछे अपनी बूढ़ी मां पत्नी पूजा तथा 10 वर्षीय बेटा व 2 वर्षीय बेटी छोड़ गए हैं जिनका रो-रो कर बुरा हाल है।

शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में प्रमुख रूप में पूर्व एमएलसी राजा राकेश प्रताप सिंह, पूर्व विधायक राजाराम त्यागी, सपा विधायक श्याम सुंदर भारती, पूर्व विधायक राम लाल अकेला, चेयरमैन प्रतिनिधि व भाजपा नेता प्रभात साहू, पूर्व ब्लाक प्रमुख सत्येंद्र प्रताप सिंह, कस्बे के व्यवसायी एवं सपा नेता सुधीर साहू, दिनेश कुमार उर्फ भल्लू ठेकेदार, बाला प्रसाद मौर्य, शिवम तिवारी, सुमित चौरसिया, त्रिलोचन मौर्य, बाबू चंद्र यादव उर्फ लखनऊवा, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष सच्चिदानंद त्रिपाठी, प्रमुख प्रतिनिधि प्रदीप चौधरी, प्रधान असनी दीपू चौधरी, पूर्व प्रधान अरविंद सिंह, पूर्व प्रधान पुत्तन सिंह, सुरेश शुक्ला, पूर्व जिला पंचायत सदस्य रविराज सिंह, डॉ माताफेर सिंह, डॉ एमडी पासी, देवेंद्र प्रताप सिंह उर्फ नीलू, पूर्व सभासद विजय धोनी, सभासद नूरुल हसन, सभासद धर्मेंद्र वर्मा, हीरा पासी सतीश कुशमेश, नगर पंचायत के लिपिक रामचंद्र त्यागी, जमुना प्रसाद, ज्योना प्रधान उमेश कुमार उर्फ कुन्नू,मनोज मिश्रा, नवोदय विद्यालय के पूर्व उप प्रधानाचार्य



जीपी मिश्रा, भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव, पूर्व मंडल अध्यक्ष सूर्य प्रकाश वर्मा, भाजपा नेता पवन साहू, अनुराग अग्रहरि, सरदार फत्ते सिंह व्यापारी नेता अश्वनी सिंह उर्फ पिंटू, भाजपा नेता विद्यासागर अवस्थी, ज्योति प्रकाश अवस्थी एडवोकेट, शिवसागर अवस्थी एडवोकेट, पंकज प्रकाश श्रीवास्तव एडवोकेट, प्रदीप श्रीवास्तव एडवोकेट, सुरेंद्र श्रीवास्तव एडवोकेट, सहित महराजगंज के सभी संगठनों ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए पारिवारिक जनों को ढांढस बंधाया और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करी।

## चोरों के हौसले बुलंद 5 लाख के ज़ेवरात सहित नगदी पर किया हाथ साफ़

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सीतापुर** जनपद सीतापुर के सदरपुर थाना क्षेत्र में चोरों के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं। बीती रात धरमपुर गांव में एक मकान को निशाना बनाकर चोरों ने नगदी और जेवरात समेत लाखों की संपत्ति पर हाथ साफ कर दिया इस घटना ने पुलिस की रात्रि गश्त व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी है। लगातार हो रही चोरियों से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। जानकारी के अनुसार, धरमपुर गांव निवासी मोहम्मद रईस पुत्र मोहम्मद यार खां रविवार की रात अपने परिवार के साथ घर में सो रहे थे इसी दौरान अंधेरे का फायदा उठाते हुए अज्ञात चोर उनके घर में घुस गए। चोरों ने कमरे का दरवाज़ा खोलकर अंदर रखी अलमारी और बक्शे का ताला तोड़ दिया उनमें रखे तैंतीस हजार रुपये नकद और लगभग पांच लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर ले गए। सुबह जब परिवार के लोग जागे



तो कमरे के खुले दरवाजे और बिखरे पड़े सामान को देखकर उन्हें चोरी की जानकारी हुई शोर मचाने पर पड़ोसी एकत्र हो गए और घटना की सूचना सदरपुर थाना पुलिस को दी गई।

सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू कर दी। पीड़ित मोहम्मद रईस ने बताया कि चोर बड़ी सफाई से घर में दाखिल हुए और बिना किसी को महसूस कराए ही वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। वहीं, ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में लगातार हो रही चोरियों के बावजूद पुलिस गश्त में ढिलाई बरती जा रही है। थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया है उन्होंने कहा कि जल्द ही चोरी का खुलासा कर अपराधियों को गिरफ्तार किया जाएगा फिलहाल पुलिस आस-पास के इलाकों में संदिग्धों की तलाश में जुटी है!

## भाकियू लोकतांत्रिक के बैनर तले जारी है अनिश्चितकालीन धरना

**● मलिहाबाद तहसील प्रशासन पर किसानों को धमकाने का आरोप**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मलिहाबाद, लखनऊ।** भाकियू लोकतांत्रिक संगठन के नेतृत्व में ग्राम पंचायत सैदापुर चक में पिछले 65 दिनों से जारी अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन के बीच किसानों का आंदोलन अब और तेज होने जा रहा है। संगठन ने 10 नवंबर 2025 को जिला अधिकारी कार्यालय लखनऊ पर होने वाला धरना प्रदर्शन फिलहाल स्थगित करने का निर्णय लिया है। संगठन ने घोषणा की है कि 18 नवंबर को सैदापुर चक से किसान मुख्यमंत्री आवास के लिए कूच करेंगे, जहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से सीधे मिलकर समस्या रखी जाएगी। इस बीच 08 नवंबर को मलिहाबाद तहसील प्रशासन भारी पुलिस बल के साथ बिना पूर्व सूचना के धरना स्थल पर पहुंचा। किसानों का आरोप है कि प्रशासन नाप (मापन) के नाम पर दबाव बनाकर धरना खत्म कराने और ग्रामीणों को डराने-धमकाने की कोशिश कर रहा था।

भाकियू लोकतांत्रिक के जिला अध्यक्ष अतुल कुमार को तहसीलदार द्वारा फोन पर नाप कराने की जानकारी दी गई, जिस पर उन्होंने कहा कि सूचना पहले दी जाती तो राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री राकेश सिंह चौहान को इस प्रकरण को स्वयं देखने के लिए अवगत कराया जा सकता था।

किसानों का कहना है कि प्रशासन द्वारा की जाने वाली यह नाप पहले की जा चुकी दो अलग-अलग नापों से बिल्कुल भिन्न बताई जा रही है। ग्रामीणों और किसानों ने संगठन पदाधिकारियों की उपस्थिति में सरहद से नाप कराने की मांग रखी, जिस पर प्रशासन के अधिकारियों द्वारा अभद्र भाषा का प्रयोग और दबाव डाले जाने के आरोप लगाए गये हैं।

किसानों की प्रमुख मांग है कि खसरा संख्या 417 की जमीन की स्थिति स्पष्ट की जाए। पहले लेखपाल और वर्तमान लेखपाल की नाप में अंतर क्यों आ रहा है, इसकी जांच हो और दोषी लेखपालों पर कार्रवाई की जाए।

यदि यह ग्राम पंचायत की भूमि नहीं थी, तो किसान दिनेश रावत पर धारा 267 की कार्यवाही क्यों की गई। नाप ग्रामीणों एवं संगठन पदाधिकारियों की मौजूदगी में ही कराई जाए। किसानों का कहना है कि खसरा संख्या 417 पर ग्रामीण वर्षों से शौचालय, मड़ैया तथा पशुओं के बाड़े बनाए हुए हैं, जिसके पूर्वी दिशा में शत्रु संपत्ति बताई जाती है।

संगठन ने स्पष्ट किया है कि यह विवाद केवल सैदापुर चक तक सीमित नहीं है, बल्कि नबीपनाह सहित कम से कम तीन अन्य गांवों में भी इसी तरह की नाप-जोख विवाद की शिकायतें सामने आ रही हैं। संगठन ने कहा है कि सैदापुर चक के किसानों को हर हाल में न्याय दिलाया जाएगा। चाहे आंदोलन को किसी भी स्तर तक क्यों न ले जाना पड़े।

# अरबों डॉलर का है कुत्तों के बाजार का अर्थशास्त्र

भारतीय समाज और मीडिया में पिछले तीन महीनों से कुत्ते चर्चा में छाए हुए हैं। यह पहली बार है कि समाचार-पत्रों के मुखपृष्ठों और टीवी के प्राइम टाइम में नेताओं के बराबर ही कुत्तों को जगह मिली है। कृपया मुझे गलत न समझें, मेरा इरादा इनका तुलनात्मक अध्ययन नहीं है। दरअसल इंसानों की तरह ही कुत्तों की भी नस्लें होती हैं, इनमें भी वर्ग-भेद होता है। कुछ खुशनसीब एलीट होते हैं तो अधिकांश वंचित वर्ग यानी गली-कूचों में पलने वाले, जिन्हें 'गली का आवारा कुत्ता' यानी 'स्ट्रे डॉग' कहा जाता है। पिछले लंबे समय से आवारा कुत्तों की बढ़ती हिंसक घटनाओं के कारण सात नवंबर को सुप्रीम कोर्ट ने 'इंसानी जानें पशुओं से ऊपर हैं' बताते हुए उन्हें सार्वजनिक स्थानों, स्कूलों, कॉलेजों, अस्पतालों, बस-रेलवे स्टेशनों, स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, हाईवे और एक्सप्रेस वे से हटा कर इन्हें शेल्टर होम्स में भेजने के निर्देश हैं। आवारा कुत्तों से अलग हटकर बात की जाए तो वैश्विक स्तर पर 'कुत्तों का अर्थशास्त्र' या 'डॉग इकोनॉमी' पेट केयर इंडस्ट्री का एक प्रमुख हिस्सा है, जो कुत्तों से जुड़े उत्पादों, सेवाओं और बाजार से जुड़ी है। जिसमें भोजन, ग्रूमिंग, स्वास्थ्य सेवा और सामान शामिल हैं। 2024 में वैश्विक 'पेट बिजनेस इंडस्ट्री' का आकार 360 बिलियन डॉलर से अधिक हो चुका है। यह इंडस्ट्री तेजी से बढ़ रही है। 2025 में ही लगभग 273.42 अरब डॉलर का बिजनेस अनुमानित है, जिसमें कुत्तों से जुड़े उत्पाद और सेवाएं 40-50 फ़ीसदी हिस्सा रखती हैं, ये आंकड़े वैश्विक बाजार के हैं जिनमें कुत्ते पेट सबसे बड़े सेगमेंट (लगभग 50 प्रतिशत) हैं। कुत्तों से जुड़े कारोबार के अनेक आयाम हैं। अमेरिकन पेट प्रोडक्ट्स एसोसिएशन के अनुसार खाना और ट्रीट्स सबसे बड़ा सेगमेंट है। प्रीमियम, ऑर्गेनिक और स्पेशल डाइट वाले उत्पाद लोकप्रिय हैं। इसका अनुमानित कारोबार 42.59 अरब डॉलर है। सामान्य खाने जिसमें चिकन, मीट, ब्रेडसब्ज़ियाँ और अनाज आदि होते हैं, उनका कुल बाजार 158.42 अरब डॉलर का है। सप्लाईज, खिलौने और एक्सेसरीज को ही लें, इसमें कॉलर, लीड, बेड, खिलौने, कपड़े और ट्रेनिंग प्रोडक्ट्स शामिल हैं। पेट केयर और वैक्सीन, दवाएं और हेल्थ प्रोडक्ट्स का कारोबार 39.8 अरब डॉलर तक पहुंच चुका है। कुत्तों के साज-श्रृंगार के लिए विशेष आउटलेट्स भी बहुत आम हो चुके हैं। इन्हें 'डॉग ग्रूमिंग सैलून', 'पेट स्पा' या 'मोबाइल ग्रूमिंग सर्विस' कहा जाता है। इस फ़ील्ड में अब उच्च शिक्षित युवा गंभीरता से आगे आ रहे हैं। क्रिकेट लीजेंड सचिन तेंदुलकर की होने वाली बहू सानिया चंडोक ने मुंबई में प्रीमियम पेट स्पा सेंटर खोला है। लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स से बिजनेस मैनेजमेंट की पढ़ाई करने के बाद अर्जुन तेंदुलकर की मंगेतर सानिया 'मिस्टर पॉज़' की फाउंडर बन चुकी हैं जो एक प्रीमियम पेट सैलून एंड स्पा सेंटर है। जहां फर वाले पालूत जानवरों यानी कुत्ते और बिल्ली को लक्जरी सुविधाएं मिलती हैं। यहां इन जानवरों की हेयर कटिंग और स्पा के अलावा शैम्पू, दवाइयां, विटामिन सप्लिमेंट्स, खाने-पीने के सामान के साथ-साथ खिलौने और यहां तक कि कपड़े भी मिलते हैं। भारत में कुत्तों से जुड़े उत्पादों का वैश्विक सालाना कारोबार 2025 में 100 अरब डॉलर से अधिक होने का अनुमान है, जो 2030 तक 150 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है। वैश्विक स्तर पर ये बाजार 2025 में 7.26 अरब डॉलर का है और अमेरिका, यूके, ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में हजारों ऐसे सैलून हैं। भारत में भी दिल्ली, मुंबई जैसे शहरों में पेट स्पा बढ़ रहे हैं। अब तो पेट्स का बीमा भी होने लगा है। पेट इंश्योरेंस इंडस्ट्रीज के मुताबिक इस बाजार के 2025 तक 80 लाख डॉलर तक पहुंचने की संभावना है। प्रौद्योगिकी के तहत स्मार्ट कॉलर, जीपीएस ट्रैकर और पालतू जानवरों के लिए ऐप जैसी तकनीकें भी इस उद्योग में शामिल हो चुकी हैं। इसके साथ ही देश में पालतू जानवरों के प्रशिक्षण और बोर्डिंग सर्विस भी बड़ा बिजनेस बनती जा रही है। यह तो हुई एलीट क्लास कुत्तों से जुड़े कारोबार की बात। अब महत्वपूर्ण है, कुत्तों से जुड़ी प्रमुख बीमारियां और उनसे जुड़े फार्मास्यूटिकल बिजनेस की चर्चा, जो कंपनियों को सालाना अरबों डॉलर का राजस्व देती हैं। वैश्विक पशु चिकित्सा (वेटरनरी) फार्मा इंडस्ट्री का एक बड़ा हिस्सा है, जो 2025 में कुल 47.25 अरब डॉलर का बाजार है। इसमें कुत्तों से जुड़ी बीमारियां जैसे वैक्सीन, पैरासाइट कंट्रोल और कैंसर ट्रीटमेंट प्रमुख हैं। कुत्तों की कुछ बीमारियों की दवा और इलाज से कंपनियों को बड़ा बिजनेस मिलता है। इनमें मुख्य हैं रैबीज। वैश्विक पशु रैबीज वैक्सीन बाजार 2025 में लगभग 500 मिलियन डॉलर



का है, जो 2030 तक 1.1 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है। पश्चिमी और यूरोप की अनेक नामी कंपनियां रैबीज वैक्सीन से ही सालाना अरबों रुपए कमाती हैं। वैश्विक हार्टवर्म ट्रीटमेंट बाजार भी 2025 में 1.55 अरब डॉलर पहुंच चुका है, जो पेट डीज़ीज़ बिजनेस एक्सपर्ट्स के अनुसार 2034 तक 2.85 अरब डॉलर हो जाएगा। इनके अलावा कुत्तों में फ्ली और टिक इन्फेस्टेशन, पैरावायरस,लिम्फोमा, मेलानोमा जैसी कैंसर आम बीमारियां हैं। कंपैनियन एनिमल फार्मा में कैंसर ट्रीटमेंट हाई-ग्रोथ सेगमेंट, कुल वेटरनरी मार्केट 49.96 अरब डॉलर का है। दुनिया के कई देशों में स्ट्रे डॉग्स की आबादी नियंत्रित करने, रोगों से बचाव और पशु कल्याण के लिए सरकारी स्तर पर नसबंदी कार्यक्रम भी लागू किया जाता है। पूरी दुनिया मे इसके लिए करोड़ों डॉलर का बजट होता है। भारत में स्ट्रे डॉग्स की नसबंदी के लिए 2025-26 में करीब 150 करोड़ का बजट है।

**हरीश शिवनानी**

# तस्वीर नहीं, व्यवस्था बदलनी है - निलंबन नहीं, इंसानियत बहाल करो

**शर्म का वीडियो वायरल हुआ, जवाबदेही का नहीं**

**वीडियो से नहीं, विवेक से डरो — तभी बदलाव आएगा**

मध्यप्रदेश श्योपुर जिले के विजयपुर विकासखंड के तिरंगापुरा मिडिल स्कूल में मिड-डे मील की शर्मनाक हकीकत सामने आई है। धूप में ज़मीन पर बैठे मासूम बच्चे, सामने बिछे रद्दी अख़बार के टुकड़े। उस पर रखी रोटी, थोड़ी दाल/सब्जी, और ऊपर से अख़बार पर छपी होगी – "विकास की रफ़्तार दोगुनी" जैसी खबरें; जो उनके भूख और हालात की सच्चाई से बिल्कुल उलझती हुई लगती हैं। बच्चे हाथ बढ़ाते हैं, स्याही लगती है उंगलियों पर, ज़हर घुलता है खाने में। यह कोई काल्पनिक दृश्य नहीं। यह उस वीडियो का सच्चाई है जो वायरल हुआ और पूरे तंत्र को हिला गया। पर असली सवाल यह नहीं कि यह हुआ – बल्कि यह है कि ऐसी सच्चाई अब तक छिपी कैसे रही? जिस दिन वीडियो सामने आया – उसी दिन निलंबन हुए। जिस दिन कैमरा चला – उसी दिन जांच बैठी। और जिस दिन लाखों लोगों ने देखा – उसी दिन "सख़्त निर्देश" जारी कर दिए गए। यह कोई संयोग नहीं, यह व्यवस्था का डर है – कैमरे का डर, सोशल मीडिया का डर, जनता की नज़रों का डर। जब तक कोई फ़ोन नहीं उठा, जब तक किसी बच्चे ने रिकॉर्ड नहीं किया – तब तक यह सब यूँ ही चलता रहा। तो सवाल उठता है – क्या यह सिर्फ़ एक स्कूल की गलती थी, या पूरे सिस्टम की मिलीभगत? ना जाने कब से बच्चों को रद्दी अखबार पर खाना परोसा जा रहा था, निरीक्षक कहाँ थे? मॉनिटरिंग कमेटी कहाँ थी? और वह फंड, जो बच्चों के पोषण के नाम पर आता है – आखिर ग़ायब कहाँ हो गया? बस एक बार गूगल पर "मिड-डे मील घोटाला" लिखिए – और सामने खुल जाएगी देश-प्रदेश के स्कूलों की कटु सच्चाई। कहीं दाल में कीड़े मिले, कहीं आटे में घुन, कहीं चावल में इल्लियाँ रेंगती दिखीं, कहीं सब्ज़ी से सड़ांध उठी – और कहीं मासूम बच्चों को आधी रोटी में पूरा दिन काटना पड़ा। सवाल यह है – क्या हर बार एक वीडियो ही आँखें खोलेगा? क्या हर गाँव को सच्चाई दिखाने के लिए एक पत्रकार चाहिए? नहीं। ज़रूरत है ऐसी निगरानी की मज़बूत ज़ंजीर की – जो हर स्कूल तक पहुँचे, हर रसोई में झाँके, हर थाली तक गिनती करे। ताकि सच्चाई कैमरे या वायरल वीडियो का मोहताज न रहे, ज़मीर की नज़र से देखी जाए। निलंबन बस एक पर्दा है – जवाबदेही पर नहीं, शर्म पर डाला गया आवरण। चेहरे बदल दिए जाते हैं, लेकिन सिस्टम जस का तस रहता है। अगले हफ़्ते नया प्रभारी आएगा, और फिर वही पुरानी कहानी दोहराई जाएगी। समाधान कार्रवाई नहीं, निगरानी है – वह भी स्थायी। हर स्कूल में सीसीटीवी हो, जिसकी लाइव फ़ीड अभिभावक अपने ऐप पर देख सकें।



हर मिड-डे मील ग्रुप का ऑडिट हर 15 दिन में हो और रिपोर्ट जनता के सामने रखी जाए। हर बच्चे के अभिभावक को बिना सूचना के स्कूल में जाकर निरीक्षण करने का अधिकार मिले। और हर दिन परोसे गए भोजन की एक फ़ोटो अपलोड की जाए – जीपीएस और टाइमस्टैम्प सहित, ताकि जवाबदेही सिर्फ़ कागज़ों में नहीं, ज़मीनी हकीकत में दिखे। ये बच्चे सिर्फ़ पेट नहीं भरते – वे देश का भविष्य गढ़ते हैं, सपनों को संवारते हैं, उम्मीदों को जीवन देते हैं। उनकी थाली केवल स्टील की नहीं होती, वह सम्मान, समानता और अधिकार का प्रतीक होती है। पर जब कोई बच्चा ज़मीन पर बैठकर रद्दी अख़बार पर खाना खाता है, तो वह निवाला नहीं खाता – अपना आत्मसम्मान निगलता है। उसे सिखाया जाता है – "तेरी जगह नीचे है, तू दूसरी श्रेणी का है।" यह सिर्फ़ भूख की नहीं, आत्मविश्वास, गरिमा और सपनों की हत्या है। और हर ऐसी थाली, जिस पर रोटी से पहले अपमान परोसा जाता है – उस पर पूरे तंत्र की नाकामी की छाप उभर आती है। आज एक वीडियो ने सिस्टम को हिला दिया – पर बदलाव वो नहीं जो कैमरे दिखाएँ, बदलाव वो है जो कैमरा बंद होने के बाद भी कायम रहे। अब वक्त है निलंबन की फाइलें बंद करने का, और जवाबदेही की स्क्रीनें हमेशा चालू रखने का। हर बच्चे की थाली में सिर्फ़ रोटी नहीं, सम्मान, बराबरी और इंसाफ़ परोसने का। क्योंकि वीडियो वायरल होते हैं, लेकिन जख्म़ हमेशा भीतर रह जाते हैं। क्योंकि कैमरे एक दिन बंद हो जाएँगे – पर बच्चे की नज़र, उसका सवाल, उसकी याद कभी नहीं बंद होगी। और जब वही बच्चा बड़ा होकर पूछेगा – "आप कहाँ थे जब हमें अख़बार पर खाना परोसा गया?" तो उस दिन जवाब तैयार रखना चाहिए – "हमने तस्वीर नहीं, व्यवस्था बदली थी। हमने ऐसा सिस्टम बनाया था, जहाँ सच को वीडियो की ज़रूरत नहीं पड़ती।"

**प्रो. आरके जैन**

# बंगाल की बेटी, भारत का गर्व: ऋचा घोष की दोहरी जीत

क्रिकेट के मैदान से लेकर पुलिस की वर्दी तक का सफर, और वह भी सिर्फ 22 साल की उम्र में-यह कोई आम कहानी नहीं, बल्कि प्रेरणा की मिसाल है। ऋचा घोष ने एक बार फिर यह साबित किया है कि अगर संकल्प सच्चा हो और मेहनत निरंतर, तो कोई मंज़िल दूर नहीं रहती। हाल ही में महिला आईसीसी क्रिकेट वर्ल्ड कप 2025 में भारत को ऐतिहासिक जीत दिलाने वाली टीम की यह युवा खिलाड़ी अब राज्य पुलिस सेवा में अधिकारी बनी हैं। बंगाल सरकार ने उनके इस अद्भुत प्रदर्शन को सम्मानित करते हुए उन्हें न सिर्फ 'बंग भूषण' जैसे सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार से नवाजा, बल्कि डीएसपी (पुलिस उपाधीक्षक) पद पर भी नियुक्त किया। कोलकाता के ऐतिहासिक ईडन गार्डन्स में आयोजित भव्य समारोह में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने स्वयं मंच पर आकर ऋचा को यह सम्मान सौंपा। उन्हें बंग भूषण पदक, डीएसपी की नियुक्ति पत्र और एक सोने की चेन भेंट की गई। यह केवल एक सम्मान समारोह नहीं था, बल्कि बंगाल और भारत के खेल इतिहास में गौरव का क्षण था। महज 22 वर्ष की उम्र में ऋचा घोष ने जो मुकाम हासिल किया है, वह किसी भी युवा के लिए एक सपने जैसा है। क्रिकेट के मैदान पर अपने साहस और कौशल से वे पहले ही देशभर में पहचान बना चुकी थीं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ महिला वर्ल्ड कप फाइनल में उनकी 34 रनों की जुझारू पारी ने भारत को पहली बार महिला क्रिकेट विश्व कप का विजेता बना दिया। बंगाल क्रिकेट एसोसिएशन ने भी उनकी इस उपलब्धि को सुनहरे अक्षरों में दर्ज करते हुए उन्हें 'गोल्डन बैट', 'गोल्डन बॉल' और 34 लाख रुपये की नकद राशि भेंट की-हर रन के बदले एक लाख रुपये। यह सम्मान न केवल उनके प्रदर्शन की सराहना थी, बल्कि उनके संघर्ष, अनुशासन और आत्मविश्वास की भी पहचान थी। ऋचा घोष का यह सफर आसान नहीं रहा। सिलिगुड़ी जैसे छोटे शहर से निकलकर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपनी जगह बनाना अपने आप में बड़ी उपलब्धि है। बचपन में जब उन्होंने पहली बार बल्ला थामा था, तब शायद किसी ने नहीं सोचा होगा कि यह लड़की एक दिन भारत को विश्व विजेता बनाएगी। परंतु ऋचा ने हर चुनौती को अवसर में बदला। पुरुष-प्रधान खेल माने जाने वाले क्रिकेट में उन्होंने न केवल अपनी जगह बनाई बल्कि विकेट कीपिंग और बल्लेबाजी दोनों में भारतीय टीम की 'रीढ़' बन गई। वे उन नई पीढ़ी की खिलाड़ियों में हैं जिन्होंने भारतीय महिला क्रिकेट को नई ऊर्जा, आक्रामकता और आत्मविश्वास दिया है। ईडन गार्डन्स में हुए सम्मान समारोह में सौरव गांगुली, झूलन गोस्वामी और खेल जगत के कई दिग्गज मौजूद थे। जब ममता बनर्जी ने उन्हें बंग भूषण पदक पहनाया, तो पूरा स्टेडियम तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। यह पल केवल ऋचा के लिए नहीं, बल्कि हर उस लड़की के लिए था जो अपने सपनों की ओर बढ़ने का साहस रखती है। ऋचा के माता-पिता की आंखों में गर्व और भावुकता दोनों थे। उन्होंने अपनी बेटी को उस ऊंचाई पर देखा, जहां पहुंचना लाखों का सपना होता है। बंगाल सरकार की यह पहल-खेल प्रतिभा को प्रशासनिक जिम्मेदारी के साथ जोड़ने की भारत में एक नए दौर की शुरुआत है। यह संदेश देती है कि खेल केवल मैदान तक सीमित नहीं, बल्कि समाज और शासन में भी योगदान का माध्यम बन सकता है। किसी खिलाड़ी को सरकारी सेवा में इस तरह सम्मानित करना न सिर्फ प्रेरक है, बल्कि युवाओं को यह विश्वास भी दिलाता है कि उनकी मेहनत को समाज और सरकार दोनों पहचानेंगे। ऋचा घोष की कहानी इस मायने में भी खास है कि उन्होंने अपनी उपलब्धि को व्यक्तिगत विजय तक सीमित नहीं रखा, बल्कि इसे सामाजिक प्रेरणा में बदल दिया।

उन्होंने कहा कि यह सम्मान हर उस लड़की के नाम है जो सपनों को लेकर मैदान में उतरती है। उनका यह बयान उन हजारों बेटियों के लिए उम्मीद की किरण बन गया है जो अपने परिवार, समाज या परिस्थितियों के कारण अपने सपनों को पीछे छोड़ देती हैं। अब जब ऋचा पुलिस सेवा का हिस्सा बनी हैं, तो यह उनकी नई पारी की शुरुआत है। मैदान पर जहां उन्होंने विरोधियों के विकेट गिराए, अब वे समाज में अपराध और अन्याय के खिलाफ जिम्मेदारी निभाएंगी। खेल के अनुशासन, टीमवर्क और धैर्य ने उन्हें जो सिखाया, वही अब उनकी नई भूमिका में भी सहायक होगा। उनकी यह यात्रा इस बात का प्रतीक है कि खेल सिर्फ पदक जीतने का माध्यम नहीं, बल्कि एक चरित्र निर्माण की प्रक्रिया भी है। आज भारत में खेल संस्कृति तेजी से बदल रही है। महिला खिलाड़ियों के लिए अवसर बढ़ रहे हैं, लेकिन अभी भी लंबा



रास्ता तय करना बाकी है। ऋचा घोष जैसी कहानियाँ इस बदलाव की ठोस मिसाल हैं। वे यह साबित करती हैं कि प्रतिभा और परिश्रम के आगे लिंग या भौगोलिक सीमाएँ कोई मायने नहीं रखतीं। बंगाल सरकार का यह निर्णय सिर्फ एक खिलाड़ी का सम्मान नहीं, बल्कि एक नई सोच का उत्सव है जहां खेल, शिक्षा और सेवा एक साथ समाज को नई दिशा देते हैं। ऋचा घोष की उपलब्धि उस नई भारत की तस्वीर पेश करती है जो अपनी बेटियों पर गर्व करता है, जो उन्हें मंच देता है, और जो उनके सपनों को राष्ट्र के सपनों से जोड़ता है। यह कहानी बताती है कि सफलता केवल ट्रॉफी जीतने में नहीं, बल्कि दूसरों को आगे बढ़ने की प्रेरणा देने में है। ऋचा घोष आज सिर्फ एक क्रिकेटर या पुलिस अधिकारी नहीं, बल्कि नई पीढ़ी के लिए उम्मीद का प्रतीक बन चुकी हैं जो यह याद दिलाती हैं कि जब मेहनत, अवसर और हौसला मिलते हैं, तो हर सपना हकीकत बन सकता है।

**महेन्द्र तिवारी**

## संपादकीय

# विज्ञान कोई मंजिल नहीं, यह यात्रा है

**जहाँ सवाल होते हैं, वहीं विज्ञान जन्म लेता है**

**विश्व विज्ञान दिवस: ज्ञान, विश्वास और नवाचार का उत्सव**



एक अंधेरी रात में, सदियों पहले, कोई इंसान आकाश की ओर देखता है और मन में सवाल उठता है - "ये तारे क्यों टिमटिमाते हैं? ये ग्रह क्यों घूमते हैं?" यही सवाल गैलीलियो को दूरबीन थामने के लिए प्रेरित करता है, न्यूटन को सेब गिरते देखने के लिए मजबूर करता है, और आज हम मंगल पर मानव बस्तियाँ बसाने का सपना देख रहे हैं। विज्ञान केवल किताबों या डिग्रियों तक सीमित नहीं है - यह वह अंतहीन जिज्ञासा है, जो इंसान को इंसान बनाती है। हर साल 10 नवंबर को जब हम विश्व विज्ञान दिवस मनाते हैं, हम उस अविचलित जिज्ञासा को नमन करते हैं, जो अज्ञानता के अंधकार से प्रकाश की ओर हमारी राह खोलती है और हमारी सोच की सीमाओं को पीछे छोड़ देती है। यूनेस्को ने इस दिवस की शुरुआत 2001 में की थी और इसका नाम रखा था - ÷शांति और विकास के लिए विश्व विज्ञान दिवस।÷ इस नाम में ही एक संदेश छिपा है: विज्ञान न किसी देश का गुलाम है, न किसी धर्म का विरोधी। जब दुनिया परमाणु बम की धमकियों से कांप रही थी, उसी समय विज्ञान ने इंसुलिन खोजकर मधुमेह से पीड़ित लोगों को जीवन दिया, पोलियो को जड़ से उखाड़ फेंका, और इंटरनेट जैसी क्रांति से ज्ञान की सीमाओं को तोड़ा। विज्ञान ने हमेशा यह साबित किया है कि उसके हाथों में शक्ति है - विनाश की भी, रचना की भी। दिशा तय करना हमारा काम है। आज जलवायु संकट, वैश्विक महामारी या अंतरिक्ष में नई दुनिया की खोज - हर चुनौती में विज्ञान सबसे आगे खड़ा है, हमारा मार्गदर्शन करता है और मानवता को उज्जवल भविष्य की ओर ले जाता है। भारत की मिट्टी में विज्ञान की जड़ें गहरी हैं। हजारों साल पहले, जब आर्यभट्ट ने पृथ्वी के घूमने की बात कही, लोग हँसे। आज, हम चंद्रयान-3 के जरिए चाँद के दक्षिणी ध्रुव पर पानी की खोज कर रहे हैं। कोविड के सबसे कठिन दिनों में, जब पूरी दुनिया वैक्सीन के लिए तरस रही थी, भारत ने कोविशील्ड और कोवैक्सीन विकसित कर एक अरब से ज्यादा डोज़ दुनिया को दीं। इसरो का बजट तो किसी हॉलीवुड फिल्म से भी कम है, फिर भी उसने 104 सैटेलाइट्स एक साथ लॉन्च कर विश्व रिकॉर्ड बनाया। यह कमाल पैसों का नहीं, जुनून का है। और यही जुनून आज के छोटे वैज्ञानिकों में भी दिखता है - राजस्थान की एक लड़की जो सौर ऊर्जा से पानी शुद्ध करती है, बिहार का एक लड़का जो पुराने फोन से वेंटिलेटर बनाता है। ये बच्चे कल के वैज्ञानिक नहीं, आज के हीरो हैं। लेकिन रास्ते में काँटे भी हैं। अंधविश्वास आज भी सिर ऊँचा किए घूम रहा है। वैक्सीन को लेकर फैल रही अफवाहें, जलवायु परिवर्तन को झुठलाने वाले, ज्योतिष को विज्ञान बताने वाले - ये सभी विज्ञान के असली विरोधी हैं। विज्ञान सवाल करता है, जवाब माँगता है। और जो सवाल से डरते हैं, वे विज्ञान से डरते हैं। हमें चाहिए: स्कूलों में प्रयोगशालाएँ, गाँवों में इंटरनेट, और सबसे ज्यादा - ऐसा माहौल जहाँ सवाल पूछने पर डाँट न हो, बल्कि तारीफ हो। सपना देखिए: दस साल बाद का भारत। हर गाँव में सौर ऊर्जा, हर खेत में ड्रोन, हर बच्चे के हाथ में टैबलेट और दिमाग में सवाल। कैंसर का इलाज सस्ता और सुलभ हो, हवा साफ हो, समुद्र का पानी पीने लायक हो। अंतरिक्ष में हमारा अपना भारतीय स्टेशन हो, जहाँ तिरंगा गर्व से लहराता हो।

यह सपना कोई कविता नहीं, यह विज्ञान का वादा है। बस जरूरत है - नीति की, निवेश की, और सबसे बड़ी बातः विश्वास की। विश्व विज्ञान दिवस कोई केवल त्योहार नहीं है, यह एक पुकार है। पुकार है उस बच्चे की, जो पहली बार दूरबीन से चाँद देखता है और उसकी आँखें विस्मय से चौड़ी हो जाती हैं। पुकार है उस माँ की, जो वैक्सीन लगवाकर अपने बच्चे की सुरक्षा महसूस करती है। पुकार है उस किसान की, जो मौसम की सटीक जानकारी से अपनी फसल बचा लेता है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि हमारा सबसे बड़ा दुश्मन अज्ञान है, और सबसे बड़ा साथी विज्ञान। एक किताब उठाइए, एक सवाल पूछिए, एक प्रयोग कीजिए। क्योंकि जिस दिन हम सवाल पूछना बंद कर देंगे, उसी दिन हम इंसान होना भी बंद कर देंगे। विज्ञान कोई मंजिल नहीं, यह एक यात्रा है - और यह यात्रा अभी शुरू ही हुई है। चलिए, साथ चलें, सवालों के साथ, खोज के साथ, और उज्जवल भविष्य की ओर कदम बढ़ाते हुए।

**प्रो. आरके जैन**

# अफगानिस्तान-पाकिस्तान संघर्ष के सियासी रंग, भारत अमेरिकी प्रभाव के दूरगामी परिणाम

भारतीय उपमहाद्वीप का यह त्रिकोण भारत, अफगानिस्तान और पाकिस्तान एशिया की भू-राजनीति का सबसे संवेदनशील और जटिल क्षेत्र है। यह केवल सीमाओं का नहीं बल्कि सभ्यताओं, संस्कृतियों और विचारधाराओं का संगम है। तीनों देशों के रिश्ते प्राचीन इतिहास से लेकर आधुनिक काल तक निरंतर बदलते रहे हैं। कभी यह सांस्कृतिक सेतु रहा, तो कभी वैचारिक युद्ध का मैदान। और आज, यह क्षेत्र वैश्विक शक्तियों, विशेषकर अमेरिका और ब्रिटेन के प्रभावों से भी गहराई से प्रभावित है। अफगानिस्तान भारत की सांस्कृतिक परिधि का हिस्सा रहा है। गांधार, तक्षशिला, बामियान जैसे नाम इस तथ्य की पुष्टि करते हैं कि भारत की बौद्ध और वैदिक परंपराएं सिंधु से काबुल तक प्रवाहित होती थीं। सम्राट अशोक के शिलालेख आज भी कंधार में मिलते हैं, और कुषाण काल की कला भारतीय सांस्कृतिक प्रभाव की साक्षी है। परंतु समय के साथ जब तुर्क और मुगल आक्रमणों के लिए यही अफगानिस्तान मार्ग बना, तो यह सांस्कृतिक सेतु धीरे-धीरे संघर्ष की भूमि में बदल गया। ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन ने इस भूगोल को अपनी सामरिक राजनीति का केंद्र बना लिया। उन्नीसवीं सदी के ÷ग्रेट गेम÷ में अफगानिस्तान रूस और ब्रिटेन के बीच बफर स्टेट घोषित हुआ, और 1893 में खींची गई दुर्रान रेखा ने पश्तून समुदाय को दो हिस्सों में बाँट दिया। यह सीमा आज भी अफगान-पाक संबंधों की सबसे बड़ी दरार है। 1947 में भारत के विभाजन ने इस त्रिकोण को निर्णायक रूप से बदल दिया। अफगानिस्तान ने पाकिस्तान को प्रारंभ में मान्यता नहीं दी क्योंकि उसे अपने पश्तून क्षेत्रों की चिंता थी। वहीं भारत ने अफगानिस्तान के साथ अपने ऐतिहासिक सांस्कृतिक संबंधों को बनाए रखा। पर ब्रिटिश साम्राज्य द्वारा छोड़ी गई विभाजन की रेखाएँ दोनों के बीच अविश्वास के बीज बो गई, जिनका असर आज तक है। इसके बाद शीतयुद्ध के काल में यह त्रिकोण वैश्विक शक्ति-संघर्ष का रणक्षेत्र बन गया। 1979 में सोवियत संघ के अफगानिस्तान प्रवेश के साथ अमेरिका ने पाकिस्तान को "फ्रंटलाइन स्टेट" बनाकर अफगान मुजाहिदीनों को हथियार और प्रशिक्षण दिया। पाकिस्तान की आई.एस.आई. को अमेरिकी डॉलर और सऊदी समर्थन मिला, जिससे आतंकवाद की वह संस्कृति पैदा हुई जिसने पूरे क्षेत्र को झुलसा दिया। भारत, जो सोवियत संघ का घनिष्ठ सहयोगी था, ने उस समय अफगानिस्तान की समाजवादी सरकार का समर्थन किया। इस प्रकार भारत-पाकिस्तान की प्रतिद्वंद्विता को एक नया आयाम मिला, और अफगानिस्तान की धरती शीतयुद्ध की प्रयोगशाला बन गई। 1989 में सोवियत सेनाओं की वापसी और उसके बाद की अस्थिरता ने पाकिस्तान को अल्पकालिक सामरिक लाभ तो दिया, पर दीर्घकाल में वही आग उसकी सीमाओं के भीतर फैल गई। 1990 के दशक में अमेरिका के समर्थन से पनपा तालिबान शासन पाकिस्तान के प्रभाव में तो आया, पर उसने अफगान समाज को मध्ययुगीन अंधकार में धकेल दिया। फिर 2001 में 9/11 के हमलों ने अमेरिका को एक बार फिर अफगानिस्तान खींच लिया। अमेरिका ने तालिबान शासन को समाप्त कर लोकतांत्रिक सरकार स्थापित की, और इस बार भारत को पुनर्निर्माण में सहयोग का अवसर मिला। भारत ने अफगानिस्तान में सड़कों, स्कूलों, अस्पतालों, और संसद भवन का निर्माण कर वहाँ के जनमानस में विश्वास अर्जित किया। यह भारत की सॉफ्ट पावर का सबसे प्रभावी प्रदर्शन था। परंतु अमेरिकी नीति दोधारी तलवार साबित हुई। वह विकास के बजाय आतंकवाद को समाप्त करने पर केंद्रित रही, और उसकी दृष्टि अफगान समाज की आंतरिक संरचना को समझने में असफल रही। पाकिस्तान ने अमेरिका को सहयोगी बनाकर अरबों डॉलर प्राप्त किए, पर उसी दौरान उसने तालिबान को भी गुप्त समर्थन दिया। यह द्वंद्व 2021 में अमेरिकी वापसी के साथ उजागर हो गया, जब तालिबान पुनः सत्ता में लौट आया। अमेरिका की यह वापसी न केवल अफगानिस्तान के लिए, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए अनिश्चितता की वापसी थी। पाकिस्तान को लगा था कि नया तालिबान शासन उसके अनुकूल होगा, पर तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (TTP) के बढ़ते हमलों ने उसकी नीति को उलझन में डाल दिया। अब पाकिस्तान उसी आतंकवाद का शिकार है, जिसे उसने कभी रणनीतिक संपत्ति कहा था। भारत ने इस दौर में अत्यंत संयम और व्यावहारिकता दिखाई। उसने तालिबान शासन को औपचारिक मान्यता नहीं दी, पर मानवीय सहायता जारी रखी। भारत जानता है कि अफगानिस्तान की अस्थिरता का सीधा प्रभाव उसकी सुरक्षा पर पड़ेगा–विशेषतः कश्मीर और सीमा पार आतंकवाद के रूप में। इस परिस्थिति में भारत का उद्देश्य विकास और स्थायित्व को प्राथमिकता देना है, न कि सत्ता परिवर्तन में हस्तक्षेप करना। दूसरी ओर, अमेरिका अब प्रत्यक्ष उपस्थिति के बजाय 'नियंत्रित अस्थिरता' की नीति अपनाए हुए है ताकि वह चीन और रूस के बढ़ते प्रभाव को सीमित रख सके। यही कारण है कि अफगानिस्तान आज भी वैश्विक शक्ति-संतुलन का केंद्र बना हुआ है। ब्रिटिश औपनिवेशिक मानसिकता और उसकी छोड़ी हुई राजनीतिक रेखाएँ अब भी इस त्रिकोण की दिशा निर्धारित करती हैं। पाकिस्तान की सैन्य और नौकरशाही संरचना ब्रिटिश शासन की ही उपज है, जिसमें धर्म को राजनीति का औजार बनाया गया। वहीं अफगानिस्तान की आंतरिक अस्थिरता, ब्रिटिश और बाद में अमेरिकी प्रयोगों की देन है। भारत इस त्रिकोण में एकमात्र ऐसा देश है जिसने बिना किसी औपनिवेशिक मानसिकता के, केवल विकास और सांस्कृतिक संवाद की नीति अपनाई। वह न तो पश्चिम की कठपुतली बना, न किसी सामरिक गठबंधन का मोहरा। वर्तमान में जब पाकिस्तान आर्थिक संकट और राजनीतिक अराजकता से जूझ रहा है, अफगानिस्तान तालिबान शासन के कठोर धार्मिक नियंत्रण में है, और अमेरिका इस पूरे क्षेत्र को अपने वैश्विक हितों की दृष्टि से देख रहा है, तब भारत के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह है कि वह शांति और विकास के माध्यम से इस क्षेत्र में स्थायित्व का संतुलन बनाए। भारत की कूटनीति आज ÷रणनीतिक स्वायत्तता÷ की दिशा में है–न तो शीतयुद्ध की गुटनिरपेक्षता, न ही किसी महाशक्ति की अधीनता। यह त्रिकोणीय रिश्ता इतिहास की दृष्टि से जितना पुराना है, उतना ही जटिल भी। इसमें विश्वास और भय, संस्कृति और सत्ता, विकास और आतंकवाद–सब साथ-साथ चलते हैं। यदि तीनों देश यह समझ लें कि स्थायित्व और समृद्धि का मार्ग पारस्परिक सम्मान और सहयोग से ही निकलेगा, तो दक्षिण एशिया विश्व की नई शांति-भूमि बन सकता है। पर यह तभी संभव है जब पाकिस्तान अपनी "रणनीतिक गहराई" की नीति त्यागे, अफगानिस्तान अपने नागरिकों के लिए स्थिर शासन दे, अमेरिका अपने सामरिक प्रयोगों से पीछे हटे, और भारत अपने नेतृत्व को विकास और संवाद के माध्यम से सार्थक बनाए। तब यह त्रिकोण संघर्ष का नहीं, सहयोग का प्रतीक बनेगा और इतिहास का यह भू-भाग एक बार फिर सभ्यता, करुणा और स्थायित्व की भूमि कहलाएगा।

**संजीव ठाकुर**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि कुमार अवस्थी द्वारा अनवर ऑफसेट एम्- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उष्मान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित **संपादक-राजीव कुमार शुक्ल,** मो0- 7499472288
E-Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारो के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

# संक्षिप्त खबरें

## गायत्री महायज्ञ के दूसरे दिन हवनकुंड में श्रद्धालुओं ने दी आहुति



**रूद्रपुर, देवरिया।** दुग्धेश्वर नाथ वार्ड में चल रहे पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ के दूसरे दिन उपस्थित सैकड़ो लोगों ने हवन कुंड में आहुति दी। जिससे पूरे वार्ड में भक्ति मय माहौल रहा वहीं हवन के धुएं से समूचा वातावरण शुद्ध हो गया। 8 नवंबर को काली मंदिर के पास से भव्य कलश यात्रा निकाली गई थी जो उपनगर के विभिन्न मार्गो से होती हुई यज्ञ स्थल पर आकर संपन्न हुई। रविवार को सुबह से ही यज्ञ स्थल पर हवन करने वालों की भीड़ जमा होने लगी। यज्ञ आचार्य प्रेम शंकर मिश्रा के निर्देशन में यज्ञ स्थल पर बने पांच हवन कुंडों में लोगों ने आहुति दी। इस बीच मंत्रोच्चार से पूरा क्षेत्र गूंजता रहा। हवन के समापन के बाद प्रवचन का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर प्रेम शंकर मिश्रा ने कहा कि भक्ति का मार्ग हमें सद्गति की ओर ले जाता है। प्रत्येक व्यक्ति को अपने आराध्य देव की पूजा करनी चाहिए। जिससे मन सात्विक होता है और एकाग्रता आती है। उन्होंने हम सुधरेंगे,जग सुधरेगा के ध्येय वाक्य को दोहराया। इस अवसर पर आयोजक महेश जायसवाल, शेषनाथ जायसवाल, त्रिलोकी जायसवाल,विनोद जायसवाल, जितेन्द्र गुप्ता, दिनेश गुप्ता, राजेश गुप्ता,योगी साहनी,बेचू चौरसिया, सुशील चौरसिया, सुनील शुक्ला, अजीत द्विवेदी, जनार्दन पाण्डेय,अजय गिरी, सरस्वती सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे। यज्ञ का समापन सोमवार को होगा। सायंकाल प्रसाद व भण्डारे का आयोजन किया जाएगा।

## देवरिया पुलिस का अभियान: आर्म्स एक्ट, गैंगेस्टर एक्ट, गो तस्करी व यातायात नियम उल्लंघन में कार्रवाई

**देवरिया।** पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देशन में जनपद पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में प्रभावी कार्यवाही की गई। थाना एकौना पुलिस ने आर्म्स एक्ट से संबंधित मुकदमे में वांछित अभियुक्त सचिन पुत्र सुभाष निवासी विशुनपुर बगही को रकहट पुल के पास से गिरफ्तार किया। वहीं थाना बरियारपुर पुलिस ने गैंगेस्टर एक्ट से संबंधित मुकदमे में वांछित अजीत यादव पुत्र शंभू यादव निवासी विश्वनिया, सिवान (बिहार) को बेलवनिया चौराहे से गिरफ्तार किया। इसके अतिरिक्त थाना बरियारपुर पुलिस ने गो तस्करी से संबंधित मुकदमे में वांछित नितीश यादव पुत्र आल्हा यादव निवासी बंगरा बाजार, थाना खामपार को पड़रीमल्ल तिराहे के पास से गिरफ्तार किया। इसी क्रम में यातायात माह - नवम्बर के तहत यातायात प्रभारी गुलाब सिंह के नेतृत्व में चलाए गए अभियान में 112 वाहनों का ई-चालान तथा 2 वाहनों को सीज किया गया। इस दौरान भटवलिया टैक्सी स्टैंड, कसया ओवरब्रिज, मालवीय रोड एवं बस स्टैंड क्षेत्र में बिना हेलमेट, तीन सवारी, स्टंट करने एवं सड़क पर वाहन खड़ा कर सवारी भरने वालों पर कार्रवाई की गई। देवरिया पुलिस द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान का उद्देश्य अपराध पर अंकुश लगाना, यातायात नियमों के पालन को सुनिश्चित करना तथा आमजन में कानून के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

## एक ही पटल पर जमे वरिष्ठ सहायक की रिपोर्ट तलब



**बलरामपुर।** नलकूप खंड में 17 वर्ष से एक ही पटल पर तैनात वरिष्ठ सहायक अजीत मिश्र की जांच शुरू हो गई है। आयुक्त देवीपाटन मंडल शशिभूषण लाल सुशील ने प्रकरण का संज्ञान लिया है। इसकी खबर माई सिटी के पेज तीन पर एक ही पटल पर 17 वर्षो से वरिष्ठ सहायक की तैनाती शीर्षक से खबर प्रकाशित हुई थी। आयुक्त ने नलकूप मंडल के अधीक्षक अभियंता सुरेश मोहन से पटल सहायक के बारे में रिपोर्ट मांगी है। अधीक्षक अभियंता ने बताया कि जिले के अधिशासी अभियंता से पटल सहायक अजीत मिश्र के बारे में जानकारी मांगी गई है। उन्होंने कहा कि विभाग के नियमों के तहत कर्मचारियों की तैनाती देने का निर्देश पहले भी दिया जा चुका है। वहीं अन्य कर्मियों की तरह ही वरिष्ठ सहायक के कक्ष में भी सीसीटीवी लगाने के निर्देश दिए गए हैं। आयुक्त के कड़ा रुख अपनाने के बाद विभाग में खलबली मची है। तैनाती के रिपोर्ट मिलने के बाद वरिष्ठ सहायक के कार्यों और संपत्तियों की जांच कराने की भी तैयारी है।

# गोरखपुर पुलिस प्रशासन में बड़ा फेरबदल: SP नार्थ CBCID गए, SP साउथ भर्ती बोर्ड स्थानांतरित, नए अफसरों की जिम्मेदारियों का हुआ बंटवारा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोरखपुर।** प्रदेश स्तर पर पुलिस विभाग में स्थानांतरण की श्रृंखला के तहत गोरखपुर पुलिस प्रशासन में बड़े पैमाने पर फेरबदल किया गया है। एसएसपी के निर्देशन में लंबे समय से चल रहे चर्चा को आज आदेश के साथ पुष्टि मिल गई। अब गोरखपुर की कानून-व्यवस्था को नए अधिकारियों की जिम्मेदारी में और नए ढंग से आगे बढ़ाया जाएगा। मिली जानकारी के अनुसार, एसपी नार्थ जितेंद्र श्रीवास्तव का तबादला CBCID में कर दिया गया है। शहर के उत्तरी क्षेत्र में अपराध नियंत्रण और कई महत्वपूर्ण मामलों की विवेचना में सक्रिय भूमिका निभाने वाले श्रीवास्तव अब सीबीसीआईडी में अपनी सेवाएं देंगे। वहीं एसपी साउथ जितेंद्र कुमार का स्थानांतरण भर्ती बोर्ड में किया गया है। दक्षिणी क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को सख्ती और संवेदनशीलता से संभालने वाले जितेंद्र कुमार अब पुलिस भर्ती प्रक्रिया से जुड़े महत्वपूर्ण दायित्व निभाएंगे।

इसके साथ ही दिनेश पूरी को SP साउथ की नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। वे पहले भी फील्ड में अपनी मजबूत पकड़ और जनता से संवाद की सहज शैली के लिए जाने जाते रहे हैं। उम्मीद है कि दक्षिणी गोरखपुर में सुरक्षा व्यवस्था, शांतिपूर्वक त्योहारों का संचालन और अपराध नियंत्रण में उनकी कार्य शैली नया प्रभाव डालेगी। ज्ञानेंद्र प्रसाद को SP नार्थ बनाया गया है। इस क्षेत्र में व्यापारिक गतिविधियों, बाजारों की सुरक्षा, भीड़भाड़ वाले इलाकों में यातायात व्यवस्था और संवेदनशील स्थानों की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करना उनकी प्राथमिक चुनौती होगी।

इसी क्रम में निवेश कटियार, जो गोरखपुर में एडिशनल एसपी थे, उनका तबादला कुशीनगर में P-112 के एडिशनल एसपी के रूप में किया गया है। उनकी छवि एक चुस्त एवं फील्ड पर सक्रिय अधिकारी की रही है, P-112 के संचालन में उनका अनुभव महत्वपूर्ण साबित होगा। इस फेरबदल को आगामी महीनों में होने वाले वीआईपी मूवमेंट, राजनीतिक कार्यक्रमों, पर्व-त्योहारों और कानून-व्यवस्था की रणनीतिक तैयारियों से भी जोड़कर देखा जा रहा है। नए अधिकारियों के आने से प्रशासनिक शैली में कुछ बदलाव देखने को मिल सकते हैं, जिससे आम जनता के लिए त्वरित और प्रभावी पुलिस सेवा की उम्मीद और मजबूत होती है। कुल मिलाकर, यह फेरबदल गोरखपुर की सुरक्षा व्यवस्था और प्रशासनिक ढांचे में नई धार और नई गति लाने वाला माना जा रहा है।

## डीसीपी के नेतृत्व में पुलिस का व्यापक तलाशी अभियान



**कानपुर।** पुलिस आयुक्त के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में चलाए जा रहे वांछित अपराधियों के विरुद्ध धड़-पकड़ अभियान के अंतर्गत डीसीपी दक्षिण दीपेंद्र नाथ चौधरी के नेतृत्व में थाना बाबू पुरवा क्षेत्र में व्यापक चेकिंग एवं तलाशी अभियान संचालित किया गया। टीम द्वारा क्षेत्र में सक्रिय वांछित व भगोड़े अपराधियों के संभावित ठिकानों पर दबिश दी गई। कई संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गई तथा उनके पहचान पत्र एवं आपराधिक पृष्ठभूमि की गहन जाँच की गई। पुलिस टीम ने क्षेत्र के प्रमुख मार्गों, चौराहों, गली-मोहल्लों एवं संवेदनशील स्थानों पर भी सघन चेकिंग अभियान चलाया। वाहनों की तलाशी, संदिग्ध व्यक्तियों की स्क्रीनिंग, तथा स्थानीय निवासियों से संवाद स्थापित कर अपराध नियंत्रण के प्रति जागरूकता भी बढ़ाई गई।

# पत्रकार हितों की रक्षा के लिए क्रांतिकारी पत्रकार परिषद कृत संकल्पित- बृजनाथ तिवारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोलाबाजार गोरखपुर।** क्रांतिकारी पत्रकार परिषद के केंद्रीय प्रमुख अनिल दुबे आजाद के निर्देशन , प्रदेश प्रभारी बृजनाथ तिवारी व मंडल प्रभारी राज नारायण ओझा की देख- रेख व जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा की अध्यक्षता में क्रांतिकारी पत्रकार परिषद की मासिक बैठक रविवार को विकासखंड बेलघाट की ग्राम पंचायत बेलांव खुर्द शाहपुर के पंचायत भवन में रविवार को सम्पन्न हुई। जिसमें संगठन की मजबूती व विस्तार के साथ-साथ पत्रकार हितों व उनकी समस्याओं के हर संभव समाधान को लेकर विस्तृत चर्चा की गयी। बैठक को संबोधित करते हुए क्रांतिकारी पत्रकार परिषद के प्रदेश प्रभारी बृजनाथ तिवारी ने कहा कि क्रांतिकारी पत्रकार परिषद का मुख्य उद्देश्य पत्रकार हितों की रक्षा का है। पत्रकार हितों की रक्षा के लिए क्रांतिकारी पत्रकार परिषद का प्रत्येक साथी कृत संकल्पित है। जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा ने कहा अनुशासन व एक जुटता से संगठन मजबूत बनता है और मजबूत संगठन ही अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है। बैठक में मुख्य रूप से मनोज कुमार, सलीम अख्तर, राजेश दीक्षित, पद्माकर मिश्रा, प्रदीप मिश्रा, सुनील गहलोत, अजीत मिश्रा, शैलेंद्र , हरेंद्र यादव, राम नगीना यादव, नौशाद खान, महताब खान , अजय जायसवाल एवं आनंद मौर्य उपस्थित थे।

# मतदाता पुनर्निक्षण में मुसहरों के साथ अनदेखी बर्दास्त नही - पप्पू पांडेय

## ●पप्पू पांडेय ने बोले - निर्वाचन विभाग शत प्रतिशत मुसहरों का नाम मतदाता सूची में जोड़ने का कार्य करे

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कुशीनगर।** जिले के विशुनपुरा ब्लॉक के ग्राम पंचायत विन्दवलिया मुसहर बस्ती में रविवार को भाजपा नेता पप्पू पाण्डेय के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें प्रमुखता से एसआईआर के क्रम में आगामी पंचायत चुनाव व विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सभी से शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की गयी। इस कार्यक्रम का संचालन पूर्व ग्राम प्रधान व विशुनपुरा मंडल मंत्री मनोज कुमार गौंड ने किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए भाजपा नेता पप्पू पाण्डेय ने कहा कि आज पूरे जनपद कुशीनगर ही नहीं बल्कि सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश में मतदाता पुनरनिरीक्षण / एस आई आर का कार्यक्रम निर्वाचन विभाग द्वारा चलाया जा रहा है, जिसमें मुसहर जाति के लोगों के साथ गावों में तैनात बी एल ओ द्वारा लापरवाही किया जा रहा है, कई साक्ष्यों का हवाला देकर नये मतदाताओं का वोटर लिस्ट में नाम नहीं जोड़ा जा रहा है, इतना ही नहीं गाँव में दुबारा बी एल ओ द्वारा कैम्प नहीं किया जा रहा है खासकर ग्राम पंचायत चुनाव में तैनात बी एल ओ द्वारा गलती की जा रही है, अधिकतर लोगों का 2-2 प्रदेश और 2-2 गावों के वोटर बने हुए हैं, बार -बार शिकायत करने के बाद भी इन फर्जी वोटरों का नाम वोटर लिस्ट से नहीं काटा जा रहा है, खासकर फर्जी वोटरों का नाम। सरकार भी एस आई आर के प्रति गंभीर है और बाहरी घुसपैठियों का नाम हटाने के लिए सख्त रुख अपना रही है, अगर इसमें लापरवाही बरती गयी तो हमलोग चुप नहीं बैठेंगे। इस अवसर पर मनोज कुमार गौंड मण्डल मंत्री, भाजपा विशुनपुरा, बदरी मुसहर, झींगुर, आशा देवी, केवली देवी, कोइली देवी, पियारी देवी, जहरी देवी, चैनी देवी, मुनिया देवी, मोहरी देवी, सुरजावती देवी, चंदा देवी, जीरिया देवी, रामावती देवी उर्मिला देवी सहित सैकड़ो मुसहर मौजूद रहे।

# गोला बजरब के सरयू नदी में डूबे युवक का दो दिन बाद उतराता मिला, परिवार में कोहराम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोरखपुर।** गोला थाना क्षेत्र के राममऊ घाट पर दो दिन पूर्व सरयू नदी में डूबे युवक का शव आखिरकार शनिवार देर शाम बरामद हो गया। मृतक की पहचान सत्येंद्र नायक (35) पुत्र रमेश नायक, निवासी वार्ड नंबर 14 राममऊ के रूप में हुई है। शव लगभग पच्चीस किलोमीटर दूर बड़हलगंज थाना क्षेत्र के पीड़हनी गांव के पास नदी में उतराता हुआ मिला। शव की बरामदगी के बाद परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने पंचनामा की कार्रवाई पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बीते गुरुवार की सुबह सत्येंद्र नित्यक्रिया के बाद नदी किनारे हाथ धोने गए थे। उसी दौरान अचानक पैर फिसल जाने से वह गहरे पानी में चले गए और डूब गए। घटना के समय पास में मौजूद बच्चों ने शोर मचाया, जिसके बाद ग्रामीण वहां पहुंचे और गोला पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी राहुल शुक्ल अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। स्थानीय नाविकों तथा गोताखोरों की मदद से खोजबीन शुरू हुई। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीआरएफ टीम भी मौके पर बुलायी गई थी।

लगातार खोजबीन के बावजूद सत्येंद्र का कोई पता नहीं चल पाया था। दो दिन तक नदी में लगातार तलाश चलती रही। शनिवार शाम ग्रामीणों ने पीड़हनी गांव के पास नदी में एक शव उतराता देखा तो तत्काल सूचना बड़हलगंज पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकलवाया। कपड़ों और शरीर की पहचान से स्पष्ट हो गया कि यह शव सत्येंद्र का ही है। सूचना पर गोला पुलिस और मृतक के परिजन भी वहां पहुंचे। शव देखते ही परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। सत्येंद्र विवाहित थे और परिवार के भरण-पोषण की पूरी जिम्मेदारी उनके ही कंधों पर थी। पीछे पत्नी के साथ दो छोटे बच्चे काव्या (8) और दिव्यांश (3) हैं। परिवार के सामने अब आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। स्थानीय ग्रामीणों व सामाजिक संगठनों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है। थाना प्रभारी राहुल शुक्ल ने बताया कि पूरा मामला हादसे का प्रतीत होता है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। घटना ने क्षेत्र के लोगों को भी गहरे दुःख में डूबो दिया है। ग्रामीणों ने नदी किनारे सुरक्षा व्यवस्था और चेतावनी पट्टिकाएं लगाने की आवश्यकता पर जोर दिया है, जिससे भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों।

# बरीवन्दुआरी की भागवत कथा में गूंजी भगवान श्रीकृष्ण जन्म की अद्भुत कथा, भाव-विभोर हुए श्रद्धालु

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**खजनी-** तहसील क्षेत्र के बरीवन्दुआरी गांव में चल रही श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के पांचवें दिन कथावाचक आचार्य अतुल शास्त्री जी ने भगवान श्रीकृष्ण जन्म प्रसंग का वर्णन कर उपस्थित श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। शुक्रवार को कथा स्थल पर भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। वातावरण ÷नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की÷ के जयघोष से गुंजायमान हो उठा। आचार्य अतुल शास्त्री जी ने बताया कि श्रीकृष्ण का जन्म मात्र एक ऐतिहासिक घटना नहीं, बल्कि धर्म, प्रेम और करुणा के उदय का पवित्र संदेश है। उन्होंने कहा कि जब पृथ्वी पर अधर्म, अत्याचार और पाप का भार बढ़ गया था, तब भगवान स्वयं विष्णु ने अवतार लेने का संकल्प किया। कंस के आतंक से मथुरा त्रस्त थी, जनता भय और अत्याचार के साए में जी रही थी। उसी समय भगवान ने देवकी और वसुदेव के घर कारागार में जन्म लिया। उन्होंने विस्तार से कृष्ण जन्म लीला का वर्णन करते हुए कहा कि भाद्रपद मास की अष्टमी तिथि की आधी रात, जब चारों ओर अंधकार छाया हुआ था, देवालयों की घंटियाँ मंद पड़ चुकी थीं, उस समय भगवान कृष्ण ने जन्म लिया। जन्म लेते ही कारागार के लोहे के बंद दरवाजे स्वयं खुल गए, पहरेदार निद्रा में चले गए और वासुदेव जी ने नवजात श्रीकृष्ण को टोकरी में रखा।

कथा में बताया गया कि मूसलाधार बारिश के बीच यमुना नदी उफान पर थी। उसी समय शेषनाग ने अपने फन को छाते की तरह फैलाकर प्रभु की रक्षा की। वासुदेव जी सुरक्षित गोकुल पहुंचे और वहां यशोदा व नंद बाबा के घर जन्मी कन्या के साथ विनिमय कर लिया। जब कंस ने उस कन्या को मारने का प्रयास किया, तो वह आकाश में प्रकट होकर देवी रूप में बोलीं कि "हे कंस, जिसे तू मारना चाहता है, वह जन्म लेकर गोकुल में सुरक्षित पहुंच गया है और एक दिन तेरे अत्याचार का अंत करेगा।" आचार्य जी ने कहा कि श्रीकृष्ण का जन्म केवल एक कथा नहीं, बल्कि यह संदेश है कि अत्याचार चाहे कितना भी बड़ा हो, धर्म और सत्य की विजय निश्चित है। कंस का अंत हुआ और कृष्ण ने धर्म की स्थापना कर मानवता को प्रेम, नीति और न्याय का मार्ग दिखाया। कथा के दौरान भक्तों ने कीर्तन, भजन और नृत्य में भाग लिया। आयोजकों ने बताया कि कथा प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक होगी। अंतिम दिन महाप्रसाद का आयोजन है। कार्यक्रम में प्रधान, क्षेत्रीय प्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं भारी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# सड़क विवाद में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत, ग्रामीणों ने मुख्य सिकरीगंज ख़जनी मुख्य मार्ग शव रख कर किया जाम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोरखपुर।** बांसगांव थाना क्षेत्र के ग्राम सैरो (बनटोला) में सरकारी आरसीसी सड़क को लेकर हुआ पुराना विवाद अब मौत में बदल गया। इलाज के दौरान घायल युवक सुरेन्द्र यादव की बीती रात मौत हो जाने से गाँव में आक्रोश फैल गया। मृतक के परिजनों और ग्रामीणों ने खजनी-सिकरीगंज मुख्य मार्ग पर शव रखकर जाम लगा दिया। ग्रामीण उच्च अधिकारियों को मौके पर बुलाने की मांग पर अड़े हुए हैं। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष बांसगांव जितेन्द्र कुमार सिंह फोर्स के साथ मौके पर पहुंचकर लोगों को समझाने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन माहौल तनावपूर्ण बना हुआ है।

### क्या था मामला

घटना छह नवंबर शाम की बताई जा रही है। ग्राम सभा द्वारा निर्मित आरसीसी सड़क गांव से आने-जाने का मुख्य मार्ग है। आरोप है कि इसी सड़क को नुकसान पहुँचाने को लेकर पट्टीदारों के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। गुरुवार शाम करीब 5:30 बजे संगीता देवी के घर के सामने उक्त सड़क पर उनके पट्टीदार परशुराम पुत्र सरेख, उमाशंकर पुत्र स्व. जयराम यादव, मुन्नी देवी पत्नी परशुराम और गीता देवी पत्नी जयराम ट्रैक्टर से जुताई कर मिट्टी काट रहे थे। इसी बीच संगीता देवी के पति सुरेन्द्र यादव ने सड़क खराब करने का विरोध किया। आरोप है कि विरोध सुनते ही चारों नामजद आरोपियों ने सुरेन्द्र को घेर लिया और लाठी-डंडों से हमला कर दिया। घटना यहीं नहीं रुकी, आरोपियों ने सुरेन्द्र के सिर को बिजली के पोल से कई बार जोर से पटक दिया, जिससे वह मौके पर ही बेहोश हो गए। चीख-पुकार सुनकर संगीता देवी और उनका बेटा आलोक मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक आरोपी धमकी देते हुए फरार हो चुके थे। गंभीर स्थिति में घायल सुरेन्द्र को पहले स्थानीय सावित्री हॉस्पिटल ले जाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने हालत नाजुक बताते हुए उन्हें लखनऊ PGI रेफर कर दिया। कई घंटों इलाज के बाद शनिवार रात सुरेन्द्र ने दम तोड़ दिया।

### आक्रोश में सड़क जाम

मौत की खबर मिलते ही परिजनों और ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। उन्होंने शव रखकर खजनी-सिकरीगंज मार्ग जाम कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि हरनही चौकी पुलिस ने घटना के बाद गंभीरता नहीं दिखाई, आरोपी खुलेआम घूमते रहे। अब परिजन और ग्रामीण उच्चाधिकारियों की मौके पर मौजूदगी और आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। पुलिस प्रशासन स्थिति पर नजर बनाए हुए है। गांव में तनाव बना हुआ है।

# प्रसव के दौरान नवजात शिशु की मौत, स्टाफ नर्स पर लापरवाही का आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**रतनपुर/महराजगंज।** परसामलिक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत कोहरगड्डी टोला छितवनिया निवासी संदीप कन्नौजिया की पत्नी विद्या कन्नौजिया (27) को शनिवार की देर रात लगभग 10 बजे प्रसव पीड़ा होने लगी। परिजनों ने एम्बुलेंस की मदद से विद्या को रतनपुर सीएचसी में भर्ती करवाया। रात करीब 12 बजे स्टाफ नर्सो द्वारा नार्मल डिलीवरी करवाया गया। प्रसव के बाद नवजात शिशु को आक्सीजन की आवश्यकता थी जिसके बाद स्टाफ नर्स द्वारा नवजात शिशु को आक्सीजन दिया गया। वहीं परिजनों का आरोप है कि स्टाफ नर्स द्वारा आक्सीजन लगाया गया लेकिन आक्सीजन का पाईप सिलेंडर से नही लगाया गया जिसकी वजह से नवजात शिशु की मौत हो गई। आनन-फानन में परिजन नवजात शिशु को नौतनवां स्थित एक निजी अस्पताल में लेकर गये जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। नौतनवा से वापस लौटकर परिजन रतनपुर सीएचसी पहुंचे जहां स्टाफ नर्स पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर विरोध प्रदर्शन किए। परिजनों का आरोप है कि मरीज को भर्ती करने के बाद कोई डॉक्टर मरीज को देखने नही आया। परिजनों ने रतनपुर सीएचसी के अधीक्षक व अन्य चिकित्सकों पर घोर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है।

# भागवत कथा के श्रवण से ही मिल जाती पापों से मुक्ति -पवन कृष्ण शास्त्री

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**शुकुल बाजार अमेठी।** शुकुल बाजार थाना क्षेत्र के पूरे बडगाइन का पुरवा गांव में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के तृतीय दिन अयोध्या धाम के कथावाचक पवन कृष्ण शास्त्री जी महाराज ने कहा कि भागवत कथा श्रवण मात्र से पाप से मुक्ति मिलती। कहा जिस स्थान पर कथा होती है वहां भगवान विराजमान होते हैं। भगवन नाम के जाप से सारे विपत्ति नाश हो जाते हैं। इस जगत में भगवत कृपा के बिना कुछ भी संभव नहीं है। मनुष्य को समाज में अच्छे काम करना चाहिए। भगवान श्रीकृष्ण ने कहा है की कर्म ही प्रधान है, बिना कर्म कुछ संभव नहीं होता है, जो मनुष्य अच्छा व सत्कर्म करता है उसे अच्छा फल मिलता है व बुरे कर्म करने वाले को हमेशा बुरा फल मिलता है।इसलिए सभी को अच्छे कर्मो के प्रति आकृष्ट होना चाहिए। उन्होंने कहा कि एक मार्ग दमन का है तो दूसरा उदारीकरण का। दोनों ही मार्गो में अधोगामी वृत्तियां निषेध हैं। जैसे कि गोकर्ण ने कथा कही, किन्तु उसके दुराचारी भाई धुंधकारी ने मनोयोग से उसे सुना तो मोक्ष प्राप्त हो गया। भागवत कथा एक ऐसा अमृत है कि इसका जितना भी पान किया जाए आत्मा तृप्ति नहीं होती है। भागवत कथा सुनते ही ज्ञान और वैराग्य जाग जाए। इस अवसर पर विधायक सुरेश पासी, उपाध्यक्ष गिरीश चंद्र शुक्ला, वरिष्ठ भाजपा नेता पंडित राम उंजेरे शुक्ला, सुधीर शुक्ला मास्टर, अशोक शुक्ला, विनीत शुक्ला, राकेश तिवारी, बबलू शुक्ला, नन्हे शुक्ला, रानू शुक्ला, शेषनाथ तिवारी, पंकज तिवारी आदि सैकड़ो गांव के लोगों ने कथा का रसपान किया।

# जमीनी विवाद को लेकर मारपीट कर धमकाने का आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** थाना जखौरा के ग्राम थनवारा निवासी रामचरन पुत्र कन्हई कुशवाहा ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 3 नवम्बर को अपराह्न 3 बजे अपने खेत पर काम कर रहा था। तभी ग्राम भरतपुरा निवासी संतोष पुत्र हरलाल यादव, दीपक व राममोहन उर्फ छोटू पुत्रगण संतोष यादव एकराय होकर आये और जमीन को लेकर उसे गालियां देने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। शोरगुल होने पर बचाने आये गजराज, भगवानदास व हीरालाल पुत्र सरजू कुशवाहा को भी धमकाते हुये जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# नि:शुल्क नेत्र शिविर का नपाध्यक्ष ने किया उद्घाटन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कुशीनगर।** पडरौना विकास खण्ड के गांव जंगल कुरमौल नाहर छपरा घोसी टोला के स्थित सैनिक पब्लिक स्कूल पर रविवार को सुर्या हास्पिटल गोरखपुर के सौजन्य से एक दिवसीय निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मनीष जायसवाल उर्फ बुलबुल रहे। उन्होंने बताया कि क्षेत्रों में निःशुल्क शिविर लगवाना बहुत ही पुनीत कार्य होता है, निःशुल्क नेत्र जांच के दौरान तमाम क्षेत्रवासियों को इसका लाभ मिलेगा निःशुल्क नेत्र जांच शिविर में आंखों के सभी तरह की जांच निःशुल्क में कराई गई। समाजसेवी हृदेश कुशवाहा ने कहा कि मोतियाबिंद की शिकायत मिलने पर वाहन द्वारा गोरखपुर लें जाकर निःशुल्क आपरेशन और इलाज कराया जाएगा। शिविर सुबह दस बजे से शुरू होकर शाम चार बजे तक हुआ। इस निःशुल्क नेत्र जांच शिविर में अगल बगल गांव के लोग उपस्थित रहे। उक्त अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष महेश रौनियार, बृजेश गुप्ता, पुर्व फौजी सुरेश कुमार भील, राजु कुमार भील, रामकृपाल कुशवाहा उर्फ मुन्ना, मैनेजिंग डायरेक्टर दुर्गेश कुशवाहा, निखलेश कुमार, सोनम कुमार, छोटेलाल चौहान, ब्रजेश शर्मा अनिल पांडेय, शिव मद्धेशिया, विक्की सिंह, धर्मेन्द्र मद्धेशिया आदि लोग उपस्थित रहें।

## किसानों को दिया गया मशरूम उत्पादन का प्रशिक्षण

**चित्रकूट-** राम कृपा एजुकेशन एवं चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा रविवार को किसानों को मशरूम उत्पादन का प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें संस्था के प्रबंधक जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने सभी किसानों को बताया कि क्षेत्र में ओयेस्टर मशरूम का उत्पादन बहुत आसानी से सितंबर से लेकर मार्च तक किया जा सकता है। इस दौरान उन्होंने किसानों को मशरूम उत्पादन करने की संपूर्ण विधि विस्तार से बताई। इस मौके पर संस्था के सदस्य शिव शंकर सिंह, राज बहादुर सिंह, किसान शाश्वत पांडेय, विवेक सिंह, जितन सिंह, राघवेंद्र सिंह, प्रकाश तिवारी, हेमा गोस्वामी, रजनी देवी, नैंसी, बबीता, सविता, सुरेंद्र सिंह, उमेश सिंह, राजेंद्र मिश्रा, राजेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# दुकानदार परिक्रमा मार्ग में फेलाते है गंदगी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चित्रकूट –** कामदगिरि परिक्रमा मार्ग में दुकानदारों द्वारा गंदगी फैलाए जाने के कारण श्रद्धालुओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। श्रद्धालुओं ने परिक्रमा मार्ग की सफाई व्यवस्था दुरुस्त किए जाने की मांग की है। सीतापुर निवासी राधेश्याम, राजाराम, संजय व वेदप्रकाश समेत दर्जन भर श्रद्धालुओं ने उच्चाधिकारियों को भेजे पत्र में कहा है कि मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम की तपोस्थली चित्रकूट विश्व प्रसिद्ध तीर्थक्षेत्र है। यहां लाखों श्रद्धालु हर माह अमावस्या मेले में आकर कामदगिरि परिक्रमा करते है। इसके अलावा हजारों लोग नियमित रूप से प्रतिदिन कामदगिरि परिक्रमा करते है। श्रद्धालुओं के लिए आस्था का केन्द्र बन चुके परिक्रमा मार्ग में इन दिनों कुछ दुकानदार अपने घर और दुकानों का कचरा निकालकर बाहर फेंक देते हैं। खासतौर से तुलसी चौरा से पीली कोठी के बीच इन दुकानदारों ने न तो अपने दुकानों के बाहर डस्टबिन रखे हैं और न ही कूड़ा एक जगह रखने का इंतजाम है। ऐसे लोग सफाई कर्मी द्वारा एक बार झाड़ू लगाकर जाने के बाद साफ हो चुके परिक्रमा मार्ग में भी कूड़ा-कचरा फेंक देते हैं। जिससे परिक्रमा करने वाले श्रद्धालुओं को मार्ग में पड़े कूड़े से होकर गुजरना पड़ता है। जिससे श्रद्धालुओं की भावनाएं आहत होती है। ऐसे में परिक्रमा मार्ग की सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराई जानी चाहिए।

## संक्षिप्त खबरें

### बीएलओ घर-घर जाकर बांट रहे गणना प्रपत्र एबीएसए ने किया निरीक्षण



**बरेली/**बीएलओ द्वारा गणना प्रपत्र बांटने का कार्य किया जा रहा है इसमें किसी भी तरह की लापरवाही ना हो इसके लिए खंड शिक्षा अधिकारी विजय कुमार सिंह ने स्वयं निरीक्षण करने का संकल्प लिया है जिसके तहत आज उन्होंने विकासखंड भदपुरा की ग्राम पंचायत मरगापुर मर्गईया बौरिया जावेदा जवेदी के बूथ संख्या 356/357/335 पर घर-घर जाकर गणना पर पत्रों का वितरण किया। गया इसमें बूथ स्थल के कमरुद्दीन प्रेमपाल के साथ गणना पर पत्र वितरित किए गए घरों में जाकर उनका सत्यापन किया गया इस कार्य का निरीक्षण खंड विकास अधिकारी विजय कुमार सिंह ने किया ताकि किसी भी तरह की लापरवाही ना हो सके यदि किसी ने लापरवाही की गई तो उसका अपराध क्षमा योग्य नहीं होगा क्योंकि यह मामला निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सभी को पूर्ण निष्ठा के साथ समय से पूरा करना होगा जिसका कार्य चल रहा है।

### कृष्ण पक्ष में मंदिर पर किया गया भंडारे का आयोजन



**बरेली/**रिठौरा अगेन मास के कृष्ण पक्ष के दूसरे रविवार को लोगों ने एकत्रित होकर कार्तिक पूर्णिमा के बाद एक भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें लोगों को भोजन कराया गया लोगों का मानना है जरूरतमंदों को भोजन देना सबसे बड़ा पुण्य माना जाता है इसीलिए लोगों ने गंगा स्नान से निवृत होकर रविवार के दिन गांव में स्थित मंदिर पर सामूहिक भंडारे का आयोजन कर लोगों को भोजन ग्रहण कराया ऐसा मानना है। कि तीरथ करने के बाद कुछ पुण्य दान करना चाहिए साथ ही भोजन दान करने से उनके पूर्वजों की ख्याति बढ़ती है साथ ही धन-धान्य मैं भी वृद्धि होती है इसलिए रिठौरा के लोगों ने इस पूर्ण कार्य करने का संकल्प लिया इस कार्य में सम्मिलित रामस्वरूप नानी देवी पिंकी दीपक पंकज कुमार रोहन आंचल हरचरन श्याम बिहारी लाल लक्ष्मी देवी जय लाल उर्वेश सिंह आदि ने इस पूर्ण कार्य में अपना प्रदान किया मंदिर के महंत शत्रुघ्न मिश्रा ने इसे उत्तम कार्य बताया।

### बार काउंसिल ऑफ UP से मिली हरी झंडी, 11 नवंबर को होगा तहसील Bar एसोसिएशन का मतदान




**फिरोजाबादः** बार काउंसिल आफ इंडिया के साथ बार काउंसिल आफ उप्र प्रयागराज से हरी झंडी मिलने के बाद तहसील बार और रेवेन्यू बार चुनाव का रास्ता साफ हो गया है। तहसील बार चुनाव में 11 नवंबर को सुबह 11 से दोपहर दो बजे तक मतदान कराया जाएगा। इसके बाद परिणाम घोषित होगा। सदर तहसील में पिछले कई दिनों से चुनाव प्रक्रिया को लेकर माहौल पूरी तरह बदला हुआ है। तहसील बार चुनाव में महासचिव को छोड़ अन्य सभी पदों पर प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित हो चुके हैं। महासचिव पद के लिए भी सात नवंबर को मतदान होना था। वहीं रेवेन्यू बार चुनाव के लिए नामांकन की प्रक्रिया चल रही थी। इधर बार काउंसिल की ओर से समस्त जिला एवं तहसील एसोसिएशन के अध्यक्ष, मंत्री और एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन को एक पत्र जारी किया गया है। इसमें कहा है कि किसी भी बार संघ में 15 नवंबर 2025 से 15 फरवरी 2026 के मध्य चुनाव नहीं कराया जाएगा और न ही उसकी घोषणा की जाएगी। इससे चुनाव लड़ने वाले अधिवक्ताओं को बड़ा झटका लगा था। मुख्य चुनाव अधिकारी प्रेम किशोर यादव एडवोकेट ने बताया कि तहसील बार में महासचिव के लिए मतदान मंगलवार को होगा। उसी दिन मतगणना के बाद विजयी उम्मीदवारों की घोषणा की जाएगी। बार काउंसिल आफ इंडिया का पत्र आने के बाद अधिवक्ताओं ने राहत की सांस ली है।

# सीएम योगी आदित्यनाथ को देखने उमड़ी भारी भीड़ चुनाव प्रचार के अंतिम दिन वोटरों को साधने में सफल रहे योगी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पटना।** दूसरे चरण के चुनाव प्रचार के अंतिम दिन उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का करिश्मा देखने को मिला। जनसभा स्थल पर लोगों की जबरदस्त भीड़ उमड़ी। लोगों में मुख्यमंत्री की एक झलक पाने की होड़ लगी रही। भीड़ में महिलाओं और युवाओं की संख्या विशेष रूप से अधिक रही। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने जोशीले भाषण में विपक्ष पर जमकर प्रहार किया और सरकार की योजनाओं, विकास कार्यों और कानून व्यवस्था को अपनी सबसे बड़ी उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि राज्य में बिना भेदभाव के विकास हुआ है, हमारी सरकार जनता की सुरक्षा और सम्मान के लिए प्रतिबद्ध है। "उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि वे प्रदेश के विकास और स्थिर सरकार के लिए एनडीए को भारी मतों से जिताने की अपील की।" सभा के दौरान पूर्व केंद्रीय मंत्री भाजपा नेता शाहनवाज हुसैन ने भी मंच संभाला। उन्होंने कहा कि "भाजपा ने जो वादे किए, उन्हें पूरा किया है। विपक्ष केवल भ्रम फैलाने का काम कर रहा है। वहीं पूर्व सांसद विश्वमोहन कुमार ने अपने संबोधन में केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं की चर्चा करते हुए कहा कि भाजपा की सरकार ने गरीबों, किसानों और युवाओं के जीवन में बदलाव लाने का काम किया है। सभा स्थल पर प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतज़ाम किए थे। पुलिस और अर्द्धसैनिक बल के जवान चारों ओर मुस्तैद रहे। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए अतिरिक्त बैरिकेडिंग की गई थी। चुनावी प्रचार के अंतिम दिन योगी आदित्यनाथ की जनसभा ने माहौल में जोश भर दिया। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि योगी का भाषण वोटरों पर सीधा प्रभाव डाल सकता है और भाजपा के पक्ष में माहौल मजबूत करने में सहायक सिद्ध हो सकता है। योगी ने भाजपा उम्मीदवार बिहार सरकार के मंत्री नीरज कुमार सिंह बबलू को रिकार्ड मतों से जीतने की अपील के साथ कोशी और सीमांचल के वोटर को खतरे से महसूस कराया । हिंदू फायरब्रांड नेता के मंच पर मुस्लिम, अतिपिछड़ा के नेता की मौजूदगी भी संकेत दे गए। अब जब प्रचार थम चुका है, सभी की निगाहें मतदान दिवस पर टिकी हैं। जनता के फैसले से ही तय होगा कि इस बार जीत का सेहरा किसके सिर बंधेगा।लेकिन योगी आदित्यनाथ के आगमन का असर अवश्य होगा ,इससे इंकार नहीं किया जा सकता है।

### वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन बरेली जंक्शन के प्लेटफॉर्म चार पर पहुंची, फूलों से हुआ स्वागत



**बरेली।** लखनऊ से सहारनपुर तक चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस शनिवार को पहली बार जब जंक्शन पहुंची, तो पूरा स्टेशन उत्साह और उमंग से भर उठा। जैसे ही ट्रेन प्लेटफार्म नंबर चार पर पहुंची, उस पर फूलों की वर्षा की गई और यात्रियों का तालियों की गड़गड़ाहट के बीच भव्य स्वागत हुआ। रेलवे अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और बड़ी संख्या में उपस्थित नागरिकों ने भारतीय रेल की इस अत्याधुनिक सुविधा का गर्मजोशी से स्वागत किया। प्लेटफार्म को विशेष रूप से सजाया गया था। रंग-बिरंगी झालरों, गुब्बारों और पुष्प मालाओं से सजे स्वागत पंडाल में माहौल उत्सव जैसा था। ट्रेन के आगमन पर यात्रियों के चेहरों पर गर्व और खुशी झलक रही थी। बरेली जंक्शन शनिवार को तीसरी बार वंदे भारत ट्रेन के ठहराव का गवाह बना है।

# अखिलेश यादव का बरेली दौराः 13 नवंबर को आएंगे सपा प्रमुख, इन कार्यक्रमों में होंगे शामिल

● **समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव 13 नवंबर को बरेली में विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे। वह बहेड़ी के विधायक की बेटी की शादी में शामिल होंगे, विधायकों और शायर वसीम बरेलवी से मुलाकात करेंगे। इसके अतिरिक्त, वह पूर्व विधायकों और पार्टी सदस्यों के आवास पर भी जाएंगे, जिसके बाद वह लखनऊ के लिए रवाना हो जाएंगे।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरेली।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव 13 नवंबर को शहर आएंगे। सुबह साढ़े ग्यारह बजे वह बरेली एयरपोर्ट पहुंचेंगे। वहां से सीधे नैनीताल रोड स्थित द ग्रांड निर्वाणा होटल में बहेड़ी के विधायक अताउर्रहमान की बेटी की शादी समारोह में शामिल होंगे। फिर सीबींगज स्थित भोजीपुरा विधायक शहजिल इस्लाम अंसारी के आवास पर मुलाकात करने जाएंगे।

**इन कार्यक्रमों में होंगे शामिल**

इसके बाद किला के मुहल्ला गढ़ैया स्थित अंतरराष्ट्रीय शायर वसीम बरेलवी के आवास पर जाएंगे। दोपहर दो बजे डोहरा रोड स्थित मेफेयर लान में पूर्व विधायक सुल्तान बेग की बेटी के विवाह कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद पीलीभीत बाइपास स्थित पूर्व सांसद वीरपाल सिंह के आवास पर मिलने जाएंगे। वहां से आशुतोष सिटी स्थित पूर्व जिलाध्यक्ष व विशेष आमंत्रित सदस्य अगम मौर्या के आवास पर जाएंगे। वहां से करीब सवा चार बजे एयरपोर्ट से वापस लखनऊ चले जाएंगे।

# बरेली में प्रशासन सख्त, धार्मिक स्थलों व सार्वजनिक जगहों से 96 लाउडस्पीकर उतार

● **बरेली में प्रशासन ने सार्वजनिक और धार्मिक स्थलों से 96 लाउडस्पीकर उतरवाए। यह कार्रवाई उन लाउडस्पीकरों के खिलाफ की गई जो बिना अनुमति के लगे थे, जिससे ध्वनि प्रदूषण हो रहा था। प्रशासन ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए यह कदम उठाया और आगे भी ऐसी कार्रवाई जारी रखने की बात कही है।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरेली।** जिले में धार्मिक स्थलों एवं सार्वजनिक स्थानों पर लगे अवैध लाउडस्पीकर-ध्वनि विस्तारक यंत्रों के विरुद्ध शनिवार को विशेष अभियान चलाया गया।

**सार्वजनिक और धार्मिक स्थलों पर लगे 96 लाउडस्पीकर उतारे**

अभियान के पहले दिन जिले भर में 96 अवैध लाउड स्पीकर को उतारा गया। एसएसपी के अनुसार जिले के सभी थाना क्षेत्रों में धार्मिक स्थलों एवं सार्वजनिक स्थानों पर लगे अवैध लाउडस्पीकर-ध्वनि विस्तारक यंत्रों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान की निगरानी सीओ स्तर से की जा रही है। कहा कि ध्वनि प्रदूषण एक गंभीर सामाजिक समस्या है। इसलिए किसी भी स्थान पर निर्धारित सीमा से अधिक ध्वनि प्रसारण की अनुमति नहीं दी जाएगी।

**इन जगहों से उतारे लाउडस्पीकर**

अभियान कानून व्यवस्था, सामाजिक समरसता एवं नागरिक शांति बनाए रखने की दिशा में एक ठोस कदम है। आमजन से प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। बताया की अभियान के पहले दिन सीबीगंज थाने में 11, इज्जतनगर में 13 और भोजीपुरा में आठ, बारादरी में पांच, नवाबगंज में 13 और अन्य थानाक्षेत्र में अभियान चलाकर कुल 96 अवैध लाउडस्पीकर उतारे गए।

### 50 साल बाद मिले 52 दोस्त, हृष्टक्र इंटर कॉलेज की एल्युमिनाई मीट में ताजा हुईं स्कूल की यादें



**टूंडला।** डिजीटल युग में तकनीकि के माध्यम से 50 वर्ष बाद देश-दुनिया से आए 52 दोस्त फिर से मिले तो स्कूल वाले दिन याद आ गए। रविवार को एनसीआर इंटर कालेज में ये अद्भुत नजारा देखने को मिला। जहां एल्युमनाई मीट में गेट-टू-गेदर होकर सेलिब्रेशन किया गया। बचपन के दोस्तों ने खूब ठहाके लगाए। एक-दूसरे को गले लगाया, तो आंखें नम हो गई। एल्युमिनाई मीट का आयोजन पूर्व छात्र प्रभात कुलश्रेष्ठ द्वारा किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि रेलवे के उप मुख्य यातायात प्रबंधक अमित आनंद रहे। उन्होंने कहा कि पुराने दोस्तों से मिलकर जो खुशी मिलती है। उसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। इस दौरान बुढ़ापे की दहलीज पर खड़े पूर्व छात्रों ने अपने अनुभवों, स्कूलों में खेलकूद व अध्ययन के दौरान अध्यापकों की पुरानी स्मृतियों को साझा किया। भजनों का आनंद लिया। इसके बाद आगरा रोड स्थित किशन होटल पर सभी ने एक साथ भोजन का स्वाद लिया।

# बरेली नगर निगम में ABVP का हंगामा, पहले भी नगर आयुक्त को राजनीतिक दबाव में लेने के होते रहे प्रयास

● **बरेली नगर निगम में एबीवीपी कार्यकर्ताओं के हंगामे से चर्चाओं का माहौल है। आरोप है कि यह हंगामा सुनियोजित था और नगर आयुक्त पर राजनीतिक दबाव बनाने की कोशिश है। पहले भी ऐसे प्रयास हुए हैं, जब पार्षदों और ठेकेदारों ने धरने दिए थे। कर्मचारियों के बीच इस घटनाक्रम को लेकर मंथन चल रहा है, और इसे षड्यंत्र बताया जा रहा है।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरेली।** भाजपा को मदद करने वाले छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के कार्यकर्ताओं द्वारा निगम में हंगामे के बाद चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है। प्रकरण के सुनियोजित होने और पूर्व की तरह वर्तमान नगर आयुक्त को भी राजनीतिक दबाव में लेने की कोशिश बताया जा रहा है। इससे पहले पूर्व नगर आयुक्त सैमुअल पाल और निधि गुप्ता वत्स के कार्यकाल में पार्षद और ठेकेदार धरने पर बैठ गए थे। अब फिर से स्मार्ट सिटी आडिटोरियम को बुक करने के लिए निगम प्रशासन द्वारा भुगतान कराए जाने के बाद उपजा विवाद बड़ा स्वरूप ले लिया, जिसमें सत्ताधारी दल के ही एक जनप्रतिनिधि के परोक्ष तौर पर शामिल होने की संभावना जताई जा रही है। शनिवार को नगर निगम में कुछ इस तरह की चर्चा करते कुछ कर्मचारी मानो पूरे प्रकरण की तह तक जाने की कोशिश कर रहे थे। एक ओर धरना चल रहा था तो दूसरी तरफ निगम परिसर के पार्क में ही बैठा कर्मचारियों का एक समूह पूरे घटनाक्रम पर मंथन कर रहा था, जिसमें एक बार फिर से पूर्व की तरह वर्तमान नगर आयुक्त को राजनीतिक दबाव में लेने की कोशिश किए जाने की बात हावी रही।

एक धड़ा यह कहता रहा कि पूरा प्रकरण सुनियोजित व षड़यंत्र के तहत हुआ, जिसकी शुरुआत नगर निगम द्वारा विद्यार्थी परिषद से आडिटोरियम में कार्यक्रम करने पर बिल भुगतान करने की मांग से हुई, जिसके बाद एबीवीपी ने भले ही भुगतान कर दिया, लेकिन दूसरे ही दिन निगम परिसर में विभिन्न मांगों का हवाला देते हुए धरना दे दिया। इसके पीछे वर्तमान नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य को राजनीतिक दबाव में लेने की कोशिश समझा जा रहा। तभी दूसरा धड़ा बोल पड़ा, वर्ष-2018 में पूर्व नगर आयुक्त सैमुअल पाल एन और पार्षदों के बीच विवाद के बाद कई दिनों तक पार्षदों ने धरना दे दिया था, जिसमें पार्षदों पर मुकदमा भी हुआ था। वर्ष-2023-24 में ठेकेदारों ने भुगतान न होने की बात कहते हुए निगम परिसर में धरना दे दिया था। अब एबीवीपी के कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए हंगामे को भी कमोबेश पूर्व की घटनाक्रम की तरह ही सबकुछ तय होने की बात कही जा रही है।

# बरेली में तीसरे दिन भी नहीं उठा कूड़ा, सफाई कर्मियों को मनाने पहुंचे राज्यमंत्री की कोशिश भी नाकाम

● **बरेली में एबीवीपी कार्यकर्ताओं के विरोध में सफाई कर्मियों की हड़ताल तीसरे दिन भी जारी रही, जिससे शहर में कूड़े के ढेर लग गए हैं। राज्यमंत्री उमेश कठेरिया ने कर्मियों को मनाने की कोशिश की, लेकिन वे नगर आयुक्त और जिलाधिकारी के आने पर ही हड़ताल खत्म करने की बात पर अड़े रहे। नगर आयुक्त ने कार्रवाई का आश्वासन दिया है।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरेली।** नगर निगम में एबीवीपी कार्यकर्ताओं द्वारा हंगामा करने के विरोध में हड़ताल पर उतरे नगर निगम सफ़ाई कर्मियों ने तीसरे दिन भी कार्य पर लौटने से इनकार कर दिया। इससे पूरे शहर के गलियों और सड़कों पर जगह-जगह कूड़े का ढेर लगने लगा है। नगर निगम कर्मचारी संघ, उत्तर प्रदेशीय सफाई कर्मचारी संघ ने एबीवीपी कार्यकर्ताओं के ऊपर कार्रवाई होने तक हड़ताल जारी रखने की बात कही है। इस बीच रविवार दोपहर दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री और एससी-एसटी आयोग के सदस्य उमेश कठेरिया निगमकर्मियों से संवाद करने पहुंचे।

कहा कि सरकार के प्रतिनिधि के तौर पर वह पहुंचे हैं और प्रकरण में दोषी लोगों पर कार्रवाई का आश्वासन देते हुए काम पर लौटने का आग्रह किया। लेकिन सफ़ाईकर्मियों ने नगर आयुक्त और जिलाधिकारी के मौके पर पहुंचने के बाद ही हड़ताल ख़त्म करने की बात कही। इस पर नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य भी कुछ देर बाद मौके पर पहुंचे और उन्होंने हड़ताल पर बैठे लोगों को आरोपितों के विरुद्ध कार्रवाई का आश्वासन दिया और काम पर लौटने को कहा। इस पर हड़ताल पर बैठे लोगों ने आपस में बात करने के लिए नगर आयुक्त से दस मिनट का समय देने की मांग की। नगर आयुक्त ने हड़ताल स्थल से हटते हुए हड़ताल पर कर्मियों को आपस में संवाद करने का समय दिया है।

# बरेली में 11 से 15 नवंबर तक होगी राष्ट्रीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता, 88 टीमें लेंगी हिस्सा

● **बरेली शहर राष्ट्रीय विद्यालय वॉलीबॉल प्रतियोगिता-2025 की मेजबानी कर रहा है। 11 से 15 नवंबर तक पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज में आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता में देशभर से 88 टीमें भाग लेंगी। मैदान को विशेष रूप से तैयार किया गया है और खिलाड़ियों के आवास व भोजन की उचित व्यवस्था की गई है। त्रिपुरा की टीम पहले ही पहुँच चुकी है।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरेली।** राष्ट्रीय विद्यालय वॉलीबॉल प्रतियोगिता-2025 को लेकर शहर में तैयारियां जोरशोर से चल रही हैं। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 11 से 15 नवंबर तक पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज परिसर में आयोजित की जाएगी। इस राष्ट्रीय आयोजन में देश के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से टीमें हिस्सा लेंगी। इसमें कुल 44 बालक व 44 बालिकाओं की टीमें यानी कुल 88 टीमें अपनी प्रतिभा और खेल कौशल का प्रदर्शन करेंगी। रविवार को इस संबंध में राजकीय इंटर कॉलेज में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया, मौके पर विजेता ट्राफी का भी अनावरण किया गया। प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए राजकीय इंटर कॉलेज परिसर को विशेष रूप से तैयार किया गया है। मैदान की साज-सजावट, ग्राउंड लेवलिंग, नए मार्किंग, नेट सिस्टम, तथा खिलाड़ियों के बैठने और विश्राम के लिए बने विशेष ब्लॉक आकर्षण का केंद्र रहेंगे। मैदान के बगल में नया मंच भी तैयार कराया गया है, जहां से निर्णायक मंडली, विशिष्ट अतिथि और दर्शक मैचों का आनंद ले सकेंगे। जिला विद्यालय निरीक्षक (डीआईओएस) डॉ. अजीत कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता के लिए टीमों का आगमन शुरू हो गया है। सबसे पहले त्रिपुरा राज्य की टीम बरेली पहुंच चुकी है, जिसका स्वागत विद्यालय प्रशासन की ओर से किया गया। खिलाड़ियों के रहने की व्यवस्था शहर के विभिन्न होटलों में की गई है, जहां उन्हें नाश्ते की सुविधा दी जाएगी। वहीं भोजन और रात्रि भोज का प्रबंध राजकीय इंटर कॉलेज परिसर में ही किया गया है। खेल आयोजन समिति के सचिव व जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. अजीत कुमार ने बताया कि मणिपुर और मिजोरम की टीम भी प्रस्थान कर चुकी हैं और सोमवार तक उनके पहुंचने की उम्मीद है। अनुमान है कि सोमवार शाम तक अधिकतर टीमें जिले में पहुंच जाएंगी।

**बजट व अतिथि व्यवस्थाएं**

इस पूरे आयोजन पर लगभग 1 करोड़ 80 लाख रुपये खर्च किए जा रहे हैं। टीमों के स्वागत, परिवहन, आवास, सुरक्षा व्यवस्था और मैदान की तैयारियों पर प्रशासन ने विशेष ध्यान दिया है। नगर निगम, पीडब्ल्यूडी, जिला खेल कार्यालय और स्थानीय प्रशासन एक समन्वित रूप से व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने में जुटे हैं।

**विशेष टीमें भी लेंगी हिस्सा**

राष्ट्रीय प्रतियोगिता में नवोदय विद्यालय, केंद्रीय विद्यालय संगठन, सैनिक स्कूलों और अन्य विशेष संस्थानों की टीमें भी भाग लेंगी, जिससे मुकाबले और भी रोमांचक होने की उम्मीद है। खेल विशेषज्ञों का मानना है कि इस बार मुकाबले में प्रतिस्पर्धा बेहद कड़ी होगी। आयोजन की विस्तृत रूपरेखा साझा करने के लिए रविवार अपराह्न तीन बजे राजकीय इंटर कॉलेज परिसर में प्रेस वार्ता आयोजित की गई। इसमें आयोजन समिति, विद्यालय प्रबंधन और खेल विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# नौ प्राचीन मंदिरों की बदलेगी सूरत, पर्यटन मंत्री ने किया योजना का शिलान्यास

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**फिरोजाबाद।** प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री ने रविवार दोपहर नारखी के बछगांव स्थित शिव गुफा मंदिर में हुए कार्यक्रम में नौ प्राचीन मंदिरों का करीब 14 करोड़ की लागत से कराए जा रहे कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण किया। इस मौके पर उन्होंने प्रदेश सरकार की योजनाओं की जानकारी देते हुए जनता से लाभ उठाने की अपील की। कहा कि प्रदेश में सभी प्राचीन मंदिरों और पर्यटक स्थलों का विकास कार्य कराया जा रहा है। मंत्री जयवीर सिंह ने 153.30 लाख की लागत से बछगांव स्थित शिव गुफा मंदिर, 236.06 लाख से नगला डूंगर स्थित शिव एवं माता मंदिर , 218.25 लाख से नगला रामकुंवर के चौड़ेश्वर मंदिर, 204.21 लाख से गढ़ी सियर देवी मंदिर, 197.82 लाख से रामगढ़ उमरगढ़ स्थित प्राचीन मनकेश्वर शिव मंदिर, 136.61 लाख से गोंछ स्थित श्री राधा-कृष्ण मंदिर, 110.39 लाख से भूड़ नगरिया में बजरंग आश्रम के सुंदरीकरण कार्य का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। 99.90 लाख की लागत से हिम्मतपुर में माता मंदिर, 53.05 लाख की लागत से पहाड़पुर स्थित प्राचीन सनातन मंदिर के पर्यटन विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास किया। मंत्री जी ने कहा कि प्रदेश सरकार विरासत और परंपरा को सजोने के लिए प्रयासरत है। उनका उद्देश्य फिरोजाबाद को पर्यटन का हब बनाना है,ताकि लोग यहां की विरासत और संस्कृति से परिचित हो सकें। टूंडला विधायक प्रेमपाल धनगर, भाजपा जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह, ब्लाक प्रमुख सुनील चक और अधिकारीगण उपस्थित थे।

### मौसम में बदलाव से गर्म कपड़ों में कैद हुए लोग, गिरेगा तापमान और अब रातें होंगी सर्द

**फिरोजाबाद।** दीपावली के बाद धीरे-धीरे न्यूनतम तापमान में निरंतर गिरावट दर्ज की जा रही है। पिछले एक सप्ताह में छह डिग्री तक तापमान में गिरावट देखी गई है। इससे रात के साथ सुबह भी ठंडी होती जा रही है। एक सप्ताह पूर्व जहां न्यूनतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो रविवार को घटकर 11 डिग्री रह गया।

**एक सप्ताह में न्यूनतम तापमान छह डिग्री तक हुआ कम**

नवंबर में मौसम में निरंतर बदलाव हो रहा है। रविवार को सुबह मौसम में हल्की धुंध छाई रही, जिससे सिक्सलेन, हाईवे से गुजरने वाले वाहनों को परेशानी का सामना करना पड़ा। ठंड से बचाव के लिए सुबह लोग घर से गर्म कपड़े पहन कर बाहर निकले। हालांकि रविवार को अवकाश होने के कारण स्कूल, कालेज, कोचिंग सेंटर जाने वाले छात्र-छात्राएं और नौकरीपेशा लोग देरी से जागे। सर्दी से बचाव के लिए घरों में लोग गर्म पानी का प्रयोग कर रहे हैं।

### पुलिस पर पथराव, बंद मकान का ताला खुलवाने गई टीम पर फेंके ईंट-पत्थर

**फिरोजाबाद।** मकान का ताला खुलवाने गई पुलिस टीम पर पथरावः लाइनपार क्षेत्र के मोहल्ला रामनगर इलाके में शनिवार देर शाम न्यायालय के आदेश पर बंद मकान का ताला खुलवाने गई पुलिस टीम पर दूसरे पक्ष के लोगों ने पथराव कर दिया। मामले में अभी प्राथमिकी नहीं लिखी गई है।

**दो पक्ष के बीच चल रहा था विवाद, अदालत ने दिए थे कब्जा दिलाने के आदेश**

रामनगर क्षेत्र में सुखलाल राठौर और एक अन्य पक्ष के बीच मकान को लेकर विवाद चल रहा था मुकदमा न्यायालय में विचाराधीन था। एसओ लाइनपार रमित कुमार आर्य ने बताया कि न्यायालय ने पिछले दिनों सुखलाल राठौर पक्ष में फैसला सुनाते हुए पुलिस को मकान का ताला खुलवा कर कब्जा दिलाने के आदेश दिए थे। पुलिस देर शाम सात बजे ताला खुलवाने गई थी इस बीच दूसरे पक्ष की महिलाएं और अन्य लोग छत पर चढ़कर पथराव करने लगे। पुलिस ने समझा-बुझा कर ताला खुलवा दिया वहीं कुछ लोगों की मानें तो पथराव के दौरान पुलिस को भागना पड़ा। घटना का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हुआ है। एसओ ने बताया कि शिकायती पत्र मिलने पर प्राथमिकी लिखी जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### धूमधाम से मनाया गया जिला पंचायत सदस्य पंकज उपाध्याय का जन्मदिन

**चुनार मिर्जापुर।** शनिवार को देर शाम रामनगर स्थित एक होटल में जिला पंचायत सदस्य मिर्जापुर पंकज उपाध्याय का जन्मदिन केक काट कर बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान नैनागढ़ महोत्सव समिति चुनार यूथ ब्रिगेड अध्यक्ष सौरभ पुजारी,शिशिर पांडेय, चंद्रा बजाज अहरौरा के प्रोपराइटर नीरज पांडेय, जयहिंद इंटर कॉलेज अहरौरा के अध्यापक घनश्याम दीक्षित, पुनीत चौबे, संजय गिरी, अभिनव तिवारी, मनोज चौबे, अमित उपाध्याय, धीरेन्द्र सिंह, अनिल मिश्रा इत्यादि उपस्थित रहे। जन्मदिन के अवसर पर उपस्थित लोगों ने पंकज उपाध्याय को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### धार्मिक कार्य करने लिए किया गया सम्मानित



**सीखड़, मीरजापुर।** क्षेत्र के वरिष्ठ समाजसेवी रमेश पाठक व घनश्याम विश्वकर्मा को सनातन धर्म संस्कृति के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए हनुमान जागरण धर्म कार्य में अटुट आस्था को देखते हुए विश्व हिन्दू महासभा संघ के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष सुभाष सिंह ने मोमेंटो व अंगवस्त्र दे कर सम्मानित किया। सुभाष सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि रमेश पाठक द्वारा सीखड़ क्षेत्र के खैरा,बगहा,मुन्दिपुर, विद्यापुर,सुरसी आदि गांव में सनातन संस्कृति धर्म से लोगों को जोड़ने का जो कार्य कर रहे हैं। वह बहुत ही सराहनीय कार्य है, जिसकी शब्द कोष में शब्द नहीं है। इस नेक कार्य के लिए जितनी भी प्रसंशा किया जाय कम है। वहीं सुरसी गांव निवासी वरिष्ठ समाजसेवी घनश्याम विश्वकर्मा जी द्वारा क्षेत्र के अनेकों मंदिर व सार्वजनिक स्थानों पर लाईट लगाने का सराहनीय कार्य किया है। सुरसी गांव के प्राचीन हनुमान मंदिर पर हर माह आजिवन हनुमान चालीसा पाठ कराने का कार्य भी कर रहे हैं जो अनवरत एक वर्ष से चल रहा है। इस नेक कार्य के लिए समाज के नव जवानों को आगे बढ़ कर आने की आवश्यकता है। समझ के प्रति समर्पित इनकी भावनाओं को देखते हुए इनके सहयोग के लिए मैं सदैव समर्पित भाव से सहयोग प्रदान करता रहूंगा। समाज सेवी सम्मान से प्रफुल्लित हो सुभाष सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा की हम लोग कुछ नहीं करते है। यह सब ईश्वर का आशीर्वाद है जो हो रहा है क्षेत्र के सभी के सहयोग से सम्भव होता है। सभी क्षेत्र वासियों को भी बहुत बहुत साधुवाद है सब श्रीमन नारायण की कृपा है।

### सड़क दुर्घटना में घायल युवक कि उपचार के दौरान ट्रामा सेंटर वाराणसी में हुई मौत



**हलिया मिर्जापुर।** हलिया थाना क्षेत्र के तिलरी गांव में सड़क दुर्घटना में घायल युवक कि उपचार के दौरान शनिवार की रात्रि में वाराणसी के ट्रामा सेंटर में मौत हो गई युवक के परिजनों ने पुलिस को बिना सूचना दिए शव का अंतिम संस्कार कर दिया है। थाना क्षेत्र के कुशियारा गांव निवासी अनिल (20) अपने साथी दयाशंकर (22)के साथ घर से तिलरी गांव किसी कार्य से गए थे देर शाम वापस लौटते समय जैसे ही कुछ दूर पहुँचे तो बाइक से अनियंत्रित होकर गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गए मौके पर पहुँचे घायल दोनों युवक के परिजनों द्वारा उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आए जंहा पर चिकित्सक द्वारा उपचार के बाद दोनों की हालत गंभीर देखकर ट्रामा सेंटर वाराणसी के लिए रेफर कर दिया जंहा पर उपचार के दौरान अनिल की मौत हो गई। जबकि दयाशंकर का उपचार चल रहा है मृतक अनिल के परिजनों ने पुलिस को बिना सूचना दिए दाह संस्कार कर दिया है मृतक अनिल अविवाहित था। पांच भाइयों में छोटा था। मृतक के भाई विजय ने बताया बताया कि उपचार के दौरान अनिल की ट्रामा सेंटर में मौत हो गई है।

## विशाल साइकिल यात्रा- शरीर को स्वस्थ और पर्यावरण को स्वच्छ रखना जरूरी- मनीष मिश्रा, प्रबंधक श्री विश्वनाथ इंटर कॉलेज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही** साइकिलिंग क्लब के तत्वाधान में गोपीगंज राष्ट्रीय राजमार्ग बड़ा चौराहा से पर्यावरण और स्वास्थ्य जागरूकता अभियान साइकिल यात्रा निकाली गई। अताउल अंसारी की अध्यक्षता में निकली साइकिल यात्रा आरंभ होकर फूलबाग, सोनखरी, हरिहरपुर, बैदाखास होते हुए श्री विश्वनाथ इंटर कॉलेज धीरपुर बैदा पहुंची। वहां पहुँचने पर कॉलेज के प्रबंधक मनीष मिश्रा, उप-प्रबंधक महेंद्र मिश्रा, प्रधानाचार्य डॉ राजकुमार शुक्ला अपने अध्यापकों और छात्र-छात्राओं के साथ मौजूद रहे और सभी साइकिल चालकों का फूल माला से जोरदार स्वागत किया। श्री विश्वनाथ इंटर कॉलेज के प्रबंधक मनीष मिश्रा ने कहा कि शरीर के साथ पर्यावरण की भी देखभाल जरूरी है। सभी को ब्रह्म मुहूर्त में उठना चाहिए। आधे घंटे का योग व्यायाम आपके शरीर में स्फूर्ति और मन को शांत रखता है। आसपास के कार्य साइकिल से करें इससे हमारे शरीर का रूटीन व्यायाम होता रहेगा और उतनी देर गाड़ी मोटर से निकलने वाला धुआँ भी कम होगा और पर्यावरण भी सुरक्षित रहेगा।

कॉलेज के प्रबंधक मनीष मिश्रा, उप-प्रबंधक महेंद्र मिश्रा और प्रधानाचार्य डॉ राजकुमार शुक्ला ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर साइकिल यात्रा को रवाना किया और स्वयं साइकिल लेकर यात्रा में शामिल हुए। साइकिल यात्रा पुनः आरंभ होकर चितईपुर, डुहिया, परशुरामपुर, उमरिया, जगापुर, भिखारीपुर, बैदाखास, धीरपुर बैदा के आस पास का भ्रमण करते हुए वृक्ष लगाओ पर्यावरण बचाओ, वृक्षों की जब करोगे रक्षा, तभी बनेगा जीवन अच्छा, हिंदुस्तान जिंदाबाद, स्वस्थ रहे मस्त रहे, करो योग रहो निरोग, हम सबने ये ठाना है पुरे भदोही को स्वस्थ बनाना है, सुबह की हवा सौ रोगों की दवा, भारत माता की जय, वन्दे मातरम* का नारा लगाते हुए लोगों को स्वास्थ्य और पर्यावरण के बारे में जागरूक करते हुए श्री विश्वनाथ इंटर कॉलेज धीरपुर बैदा मे इसका समापन हुआ।

साइकिल यात्रा में अनिल पांडेय, प्रवीण श्रीवास्तव, एडवोकेट राम श्रंगार चौधरी, आयुषी पांडेय, शालू विश्वकर्मा, नेहा सिंह, खुशबू यादव, रिया यादव, दीपांजलि बिंद, काजल बिंद, उजाला बिंद, शिवानी चौरसिया, खुशबू, आशिया, रिंकी यादव, रोशनी, कृष्टि शुक्ला, पंकज सिंह, सरफराज अहमद, बनारसी बिंद, जगदीश यादव, अबरार हाशमी, कमलेश कश्यप, श्याम सुंदर बिंद, महमूद आलम, प्रमोद मौर्या, राजीव जायसवाल, मुज्तबा अंसारी, जीत सिंह, अजहान खान, विराट चौधरी, अबू हुरैरा, कार्तिक सुनील, लक्ष्य सिंह, जिगर गुप्ता, अबू दर्दा, अभी कनौजिया, हिमांशु चौधरी, मोहम्मद इमरान, गोपाल चौधरी, रितिक कनौजिया, अमन शुक्ला, अथर्व सिंह, राहुल गौतम, हर्ष पांडेय, सोनू यादव, मंगल यादव, धर्षेत, अनूप मिश्रा, ऋतिक विश्वकर्मा समेत आदि रहे।

## 40 वर्षीय महिला ने फांसी पर लटक कर की आत्महत्या



**भदोही** सुरियावा आज क्या तारीख है 9 नवंबर 2025 रविवार को बीती रात 40 वर्षीय बसंती देवी पत्नी नजीर शेख गांव चक महरूम थाना लालगोला जिला मुर्शिदाबाद पश्चिम बंगाल की निवासिनी जोकी वर्तमान समय में नगर पंचायत सुरियावा के वार्ड नंबर 9 बरेतर नेहरू नगर में रहकर अपने ही लोगों के साथ रहकर खाना बनाने का कार्य करती थी अज्ञात कारणों से 8 नवंबर की रात में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली जिसकी सूचना स्थानीय थाने को दिया गया सूचना पाकर एस एस आइ योगेंद्र सिंह मय हमराह मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल कर आवश्यक एवं विधि कार्यवाही करते हुए शव का पंचनामा कराकर शव को को पोस्टमार्टम के लिए ज्ञानपुर भेज दिया गया आगे आवश्यक एवं विधि कार्यवाही जारी है।

## आजाद स्पोर्ट्स क्लब ने मोढ़ को 99 रनों से हराया



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सुरियावां** क्षेत्र के महर्षि आजाद स्टेडियम मेढ़ी में मोढ़ के "पीएसआरएस" मोढ़ की टीम के साथ एक मैच खेला गया जिसमें टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए आजाद स्पोर्ट्स क्लब की टीम ने निर्धारित 35 ओवर के मैच में 8 विकेट के नुकसान पर 253 रन बनाए। जिसमें संदीप कुमार ने 78 रन, विशाल यादव ने 57 रन, कैप्टन जितेंद्र मोकंबो ने 33 रन व चंदन पथिराना ने 17 रनों का योगदान किया। मोढ़ क्रिकेट एकेडमी की तरफ से गेंदबाजी में आदर्श यादव ने 4 विकेट व नीरज यादव ने 2 विकेट,आकाश ने 1 विकेट लिए।

जवाब में उतरी मोढ़ क्रिकेट एकेडमी की टीम तीसवे ओवर में 154 पर आल आउट हो गई। जिसमें सत्य प्रकाश पाल ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 83 रन एकल संघर्ष के अलावा अन्य बल्लेबाजों जो में महफूज आलम ने 17 रन व साहब लाल ने 12 रनों के अलावा अन्य बल्लेबाज कुछ खास नहीं कर सके।

आजाद स्पोर्ट्स क्लब की तरफ से कसी गेंदबाजी व जबरदस्त क्षेत्ररक्षण के कारण मोढ़ की टीम 99 रनों से हार गई आजाद स्पोर्ट्स क्लब की तरफ से गेंदबाजी में विशाल यादव ने 5 विकेट अमित ने 2 विकेट, आशीष व अभिषेक ने 1-1 विकेट हासिल की। विशाल यादव को हरफनमौला प्रदर्शन (57 रन तथा 5 विकेट) लेने के कारण उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

## मुख्य चिकित्सा अधिकारी भदोही द्वारा मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का किया गया निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही।** मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला, प्रा0स्वा0केन्द्र, लालानगर दिनांक 09.11.2025 को अपरान्ह् 2.10 बजे प्रा0स्वा0केन्द्र लालानगर का मुख्य चिकित्सा अधिकारी भदोही डॉक्टर संतोष कुमार चक्र द्वारा निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य केन्द्र पर सभी अधिकारी कर्मचारी उपस्थित मिले। स्टॉक बुक कर निरीक्षण किया गया स्वास्थ्य केन्द्र पर 111 दवायें उपलब्ध है। कन्डोम बाक्स में कन्डोम पाया गया स्वास्थ्य केन्द्र के बाहर साफ-सफाई सन्तोषजनक नही थी। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया गया कि स्वास्थ्य केन्द्र की सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करे। साथ ही वार्ड ब्वाय, स्वीपर व फार्मासिस्ट का 07 दिवस का वेतन बाधित किया गया। होम्योपेथिक चिकित्साधिकारी द्वारा जिलाधिकारी के दिये गये निर्देश का पालन नही कर रहे है उनके द्वारा केन्द्र पर स्टाल नही लगाया गया था। अपरान्ह् 1.30 बजे आगनवाडी कार्यकर्ती प्रभारी चिकित्साधिकारी को बिना बताये चली गयी।

ट्रामा सेन्टर औराई दिनांक 09.11.2025 को अपरान्ह् 2.50 बजे ट्रामा सेन्टर में भर्ती हुई सोनी पुत्री डाक्टर बनवासी जो 22.10.2025 को माधोसिंग के पाटक पर एक्सीडेन्ट हो गया था, उस बच्ची को पहले एम0सी0एस0/फिर मिर्जापुर उसके बाद बी0एच0यू0 रेफर होने के बाद ट्रामा सेन्टर औराई में लाया गया है जिसका इलाज सर्जन डा0 कृष्णा दूबे चिकित्सा अधीक्षक एवं मेंडिकल टीम की निगरानी में चल रहा है।

मा0 मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला, प्रा0स्वा0केन्द्र मानीकपुर दिनांक 09.11.2025 को अपरान्ह् 3.40 बजे प्रा0स्वा0केन्द्र मानीकपुर का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य केन्द्र पर जंगली घास उगे थे जिसे तत्काल सफाई करने के निर्देश देते हुये वार्ड ब्वाय, स्वीपर व फार्मासिस्ट का 07 दिवस का वेतन वाधित किया गया। अनिल कुमार फार्मासिस्ट 2.00 बजे के बाद चिकित्सालय परिसर से चले गये थे।

## प्रशिक्षु आई एस के आगमन की सूचना पर दो सौ सफाई कर्मी कर रहे सफाई



**हलिया मिर्जापुर।** हलिया विकासखंड के गोर्गी गांव में प्रशिक्षु आइएस आने की सूचना पर एडीओ पंचायत रूपेश श्रीवास्तव व सचिव कौशलेन्द्र राय के निर्देशन में 200 सफाई कर्मी हलिया कस्बा, हथेडा सहित विभिन्न चट्टी चौराहों पर रविवार को सुबह से ही सफाई करने में जुट गए हैं युद्ध स्तर पर सफाई होता देख ग्रामीणों में इस बात को लेकर काफी चर्चा का विषय बना हुआ है। एडीओ पंचायत रूपेश श्रीवास्तव ने बताया कि हलिया न्याय पंचायत के बरी, सोठिया, हथेड़ा, दिधिया गाँव में नियुक्त सफाई कर्मियों सहित कुल 200 सफाई कर्मियों की सफाई के लिए ड्यूटी लगाई गई है जो चट्टी चौराहे कस्बा सहित रोड के अगल-बगल प्लास्टिक कचरा व अन्य कचरों को वाहनों पर लाद कर रीसाइक्लिंग में लाकर रखेंगे। इस दौरान सफाई कर्मी लीडर मुरारी, जयशंकर शर्मा रामराज, सुरेश, संतोष कुमार यादव, रमेश, संदीप कुमार, कमलेश कुमार, रामानंद, इंद्रजीत आदि सहित दो सौ सफाई कर्मी सफाई कर प्लास्टिक कचरा सहित अन्य कचरों को वाहनों पर लाद कर रीसाइकलिंग पार्किंग में ले जाने में जुटे रहे।

## महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के उद्देश्य से पुलिस द्वारा चलाया गया जागरूकता अभियान

● ग्राम चौपाल लगाकर समस्याओं के त्वरित एवं विधिपूर्ण निस्तारण हेतु ग्रामीणों से संवाद कर किया गया जागरुक।

मिशन शक्ति फेज 5.0 कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण, एंटीरोमियो अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा के क्रम में नारी सुरक्षा एंव स्वालंबन के लिए समर्पित जनपद भदोही पुलिस द्वारा चलाया गया जागरुकता अभियान।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही।** पुलिस अधीक्षक "श्री अभिमन्यु मांगलिक" जनपद भदोही के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक "श्री शुभम अग्रवाल" जनपद भदोही के पर्यवेक्षण में समस्त थानों की मिशन शक्ति/एण्टी रोमियों टीमों द्वारा चलाया गया 'मिशन शक्ति फेज-5.0' एवं 'शक्ति दीदी' अभियान। जो उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित "मिशन शक्ति फेज-5.0" के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं आत्मनिर्भरता को सुनिश्चित करने हेतु व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के अंतर्गत जिले के सभी थाना क्षेत्रों में गठित मिशन शक्ति टीमों व एंटी रोमियो स्क्वॉड द्वारा बाजारों, शिक्षण संस्थानों, चौराहों, धार्मिक स्थलों और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर पहुंचकर महिला अधिकारों, सुरक्षा संसाधनों व कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।

इसी क्रम में जनपद के समस्त थाना क्षेत्र अंतर्गत महिला बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा गांवों/कस्बों/स्कूलों/कॉलेजों/मंदिरों में भ्रमण कर प्राथमिकता के आधार पर महिला/बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही चौपाल का आयोजन कर महिलाओं एवं बालिकाओं को कम्युनिटी पुलिसिंग एवं महिला सशक्तिकरण के तहत महिला सुरक्षा व बचाव संबंधी जानकारी दी गई और शासन द्वारा जारी हेल्प लाइन नम्बर, जैसे- 1090, 112, 1076, 1098, 108की विस्तृत जानकारी देते हुए संकट के समय इनके प्रयोग हेतु बताया गया। साथ ही साइबर अपराधों के संबंध में अवगत कराते हुए इससे बचने और सतर्क रहने हेतु 1930हेल्प लाइन नंबर का उपयोग करने के संबंध में जानकारी दी गई। सरकार द्वारा महिलाओं से संबंधित संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में जानकारी देकर व पंपलेट वितरण कर जागरूक किया गया।

## विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान का जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया समीक्षा

● बीएलओ द्वारा वितरित किये जा रहे गणना प्रपत्र का एडीएम, एसडीएम, बीडीओ ने किया स्थलीय निरीक्षण

गांववासियों को विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण प्रक्रिया के बारे में समझाया गया

विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण का उद्देश्य मतदाता सूची को और अधिक शुद्ध,अद्यतन एवं समावेशी बनाना है ताकि कोई भी पात्र नागरिक मताधिकार से वंचित न रहे-डीईओ

डीईओ ने मतदाताओं से अपील की है कि वे सक्रिय सहयोग प्रदान करते हुए अपनी प्रविष्टियों को सही- सही भरें,जिससे "शुद्ध निर्वाचक नामावली-मज़बूत लोकतंत्र" के लक्ष्य को सफल बनाया जा सके

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही**/ जिला निर्वाचन अधिकारी शैलेष कुमार ने जनपद में मतदाता सूची के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान-2026 के अंतर्गत बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं को प्री-प्रिंटेड गणना प्रपत्र (एन्यूमरेशन फॉर्म) उपलब्ध कराया जा रहे कार्य का समीक्षा किया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी कुंवर वीरेंद्र मौर्य ने जानकारी देते हुए बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के क्रम में जनपद में मतदाता सूची का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण का कार्य चल रहा है । इस कार्य के अंतर्गत जनपद के 1233324 मतदाताओं को उनके घर पर जाकर गणना प्रपत्र उपलब्ध कराया जाना है। आज 09 नवंबर तक विधान सभा भदोही में 168135 ,ज्ञानपुर में 98427 तथा औराई में 101148 मतदाताओं को गणना प्रपत्र उपलब्ध कराया गया है। इस कार्य में समस्त उपजिलाधिकारी, खंड विकास अधिकारी,खण्ड शिक्षा अधिकारी, 126पर्यवेक्षक ,1256 बूथ लेबल अधिकारी द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है। निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाताओं को यह भी सुविधा दी गई कि यदि कोई मतदाता मतदाता सूची से संबंधित कोई जानकारी चाहता है तो बुक ए कालं विथ बीएलओ पोर्टल पर काल बुक कर सकता है। अभी तक जनपद में बीएलओ द्वारा 192 लोगों को इस सेवा के माध्यम से सूचना दी गई है।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने जनपदवासियों को बताया कि कि इस विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण का उद्देश्य मतदाता सूची को और अधिक शुद्ध, अद्यतन एवं समावेशी बनाना है ताकि कोई भी पात्र नागरिक मताधिकार से वंचित न रहे। बीएलओ प्रत्येक मतदाता के घर जाकर दो प्रतियों में गणना प्रपत्र प्रदान कर रहे हैं और उन्हें फॉर्म भरने में मार्गदर्शन भी दे रहे है। मतदाता द्वारा हस्ताक्षरित गणना प्रपत्र बीएलओ को जमा करने पर उन्हें पावती भी दी जाएगी।

जनपद के सभी 1256 बूथों पर यह अभियान एक साथ चलाया जा रहा है। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी और बीएलओ सक्रिय रूप से इस कार्य में जुटे हुए हैं। बीएलओ द्वारा घर-घर पहुँचकर मतदाताओं को गणना प्रपत्र सौंपे जाने का कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में मतदाताओं में अभियान के प्रति विशेष उत्साह देखा जा रहा है। मतदाता आयोग की वेबसाइट voters.eci.gov.in से भी गणना प्रपत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण की प्रमुख तिथियों के अनुसार गणना प्रपत्र का वितरण एवं संकलन 04 नवम्बर से 04 दिसम्बर तक होगा, आलेख्य निर्वाचक नामावली का प्रकाशन 09 दिसम्बर को किया जाएगा, दावे एवं आपत्तियां 08 जनवरी 2026 तक स्वीकार की जाएंगी और अन्तिम निर्वाचक नामावली का प्रकाशन 07 फरवरी 2026 को किया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी शैलेष कुमार ने मतदाताओं से अपील की है कि वे सक्रिय सहयोग प्रदान करते हुए अपनी प्रविष्टियों को सही-सही भरें, जिससे "शुद्ध निर्वाचक नामावली - मज़बूत लोकतंत्र" के लक्ष्य को सफल बनाया जा सके।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने जनपद के सभी मतदाताओं से अपील की है कि शुद्ध निर्वाचक नामावली मज़बूत लोकतंत्र के उद्देश्य से चल रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान में सक्रिय भागीदारी करें। मतदाता सूची से संबंधित गणना प्रपत्र (एन्यूमरेशन फॉर्म) का वितरण किया जा रहा है । बूथ लेवल अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में घर-घर जाकर यह गणना फॉर्म मतदाताओं को दे रहे हैं। प्रत्येक मतदाता से अनुरोध है कि वे गणना फॉर्म को ध्यानपूर्वक भरें, उस पर अपने हस्ताक्षर करें और बीएलओ को वापस दें।

यदि मतदाता घर पर नहीं हैं, तो परिवार का कोई भी वयस्क सदस्य सभी सदस्यों की जानकारी भरकर हस्ताक्षर सहित फॉर्म बीएलओ को दे सकता है। जिन मतदाताओं के हस्ताक्षरित फॉर्म बीएलओ को प्राप्त हो जाएंगे, उनके नाम आगामी ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में सम्मिलित किए जाएंगे, जिसका प्रकाशन 9 दिसंबर 2025 को होगा। यह अत्यंत महत्वपूर्ण है कि सभी मतदाता समय पर अपना फॉर्म भरकर बीएलओ को उपलब्ध कराएं, ताकि किसी का नाम सूची से छूटे नहीं। जिन पात्र नागरिकों का नाम 2023 की मतदाता सूची में नहीं है, उनके लिए दूसरा चरण चलेगा—जहां ईआरओ/एसडीएम कार्यालय द्वारा 9 दिसंबर के बाद नोटिस जारी कर सत्यापन किया जाएगा। सत्यापन के लिए मतदाता को यह प्रमाण देना होगा कि वह भारत का नागरिक है—इसके लिए कोई वैध दस्तावेज़ (जैसे आधार कार्ड, पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, बिजली बिल आदि) प्रस्तुत किया जा सकता है।

ऐसे मतदाताओं के नाम, जिनकी मृत्यु हो चुकी है या जो स्थायी रूप से अन्य स्थान पर चले गए हैं, उनके परिवार के सदस्य "येलो फॉर्म" के माध्यम से बीएलओ को सूचना दें, ताकि त्रुटिपूर्ण नाम सूची से हटाए जा सकें। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी इस अभियान में सक्रिय रूप से सहयोग कर रहे हैं, ताकि निर्वाचक नामावली अधिकतम सटीक और पारदर्शी बन सके। सभी मतदाता सजग रहें जिससे आगामी अंतिम मतदाता सूची, जो 7 फरवरी 2026 को प्रकाशित होगी, पूरी तरह त्रुटिरहित और अद्यतन हो।

## सुरभि शोध संस्थान में व्यंजन महोत्सव का हुआ आयोजन



**चुनार, मिर्जापुर।** नगर के रामबाग स्थित सुरभि शोध संस्थान में रविवार को रामकृष्ण बनवासी छात्रावास के बच्चों द्वारा व्यंजन महोत्सव का आयोजन किया गया। महोत्सव का प्रमुख उद्देश्य आधुनिक खानपान वाले व्यंजन को बनाने में महारत हासिल करना है। जिसके तहत बच्चों का कौशोलिक एवं आर्थिक विकास हो सके। संस्थान में समय-समय पर संगीत, योग, व्यायाम, खेलकूद, कृषि, पशुपालन, सिलाई कढ़ाई का प्रशिक्षण दिया जाता है। इस दौरान संस्थान के संरक्षक सूर्यकांत जालान, प्रबंधक दीपक सिंह, संयोजक अमित चतुर्वेदी, जटाशंकर, रामसागर पांडे, अमरनाथ शुक्ला शिव शंकर यादव, हनुमान प्रसाद पोद्दार इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉक्टर नागेंद्र पांडे, सेठ किशोरी लाल जालान विद्यालय डगमगपुर के प्रधानाचार्य श्रुति भूषण मिश्रा सहित छात्रावास के बच्चे एवं क्षेत्र के लोग उपस्थित रहे।

## डिप्टी सी एम ओ ने दो प्रायवेट अस्पतालों को किया सील

● कार्रवाई के आधे बाद घंटे आरोपी डाक्टरने सील अस्पताल का खोला ताला

डिप्टी सी एम ओ की कार्रवाई पर उठ रहा सवालिया निशान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हलिया, मीरजापुर।** लालगंज थाना क्षेत्र के चिरूईराम में संचालित दो प्रायवेट अस्पतालों को डिप्टी सी एम ओ की टीम द्वारा सील किया गया। कार्रवाई की सूचना मिलते ही झोलाछाप डाक्टरों में हड़कंप मच गया। बरौंधा,नैड़ी कठारी, महेशपुर में संचालित प्रायवेट अस्पतालों में ताला लगाकर झोलाछाप डाक्टर इधर से उधर हो गये। उल्लेखनीय है कि बरौंधा बाजार महुअट नैड़ी कठारी के बीच दर्जनों अस्पतालों का संचालन किया जा रहा है।अधिकांश अस्पतालों के सामने नामी गिरामी डाक्टरों के नाम लिखे हुए हैं। जमीनी धरातल पर सच्चाई की अगर जांच कर दी जाय तो एकाक अस्पतालों को छोड़कर अधिकांश अस्पतालों पर झोलाछाप डाक्टर भोली भाली जनता के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। आरोपित है कि स्वास्थ्य विभाग की अनदेखी के चलते फर्जी झोलाछाप डाक्टरों और जीवन रक्षक दवा के दुकानों की भरमार हो गई है। शनिवार को डिप्टी सी एम ओ की कार्रवाई से फर्जी डाक्टरों में हड़कंप तो मच गया लेकिन थोड़ी ही देर में सबकुछ सामान्य हो गया। चिरूईराम स्थित सील अस्पताल को आधे घंटे के अंदर सील ताला को खोलकर धड़ल्ले से दुकान संचालित हो गई। इस संबंध में डिप्टी सी एम ओ से बात करने पर कहा गया कि जांच रिपोर्ट सी एम ओ को सौंपी जाएगी। बहरहाल सील अस्पताल को आधे घंटे के अंदर खुल जाने से क्षेत्र में तरह तरह की चर्चाएं व्याप्त हैं।

## मिर्जापुर डिस्ट्रिक्ट जुडो ऐंड ब्लाइंड स्पोर्ट एसोसिएशन के सचिव बने अश्विनी कुमार पांडेय

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मीरजापुर।** जनपद में पहली बार डिस्ट्रिक्ट जुडो ऐंड ब्लाइंड एसोसिएशन के माध्यम से अब जिले के बच्चे जूडो में प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए जनपद का नाम रोशन कर सकेंगे। इसकी की मान्यता , उत्तर प्रदेश जूडो एसोसिएशन एवं उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ एवं जूडो फेडरेशन ऑफ इंडिया से प्राप्त है।

एसोसिएशन के अध्यक्ष एस0पी0 त्रिपाठी सह सयुक्त सचिव उत्तर प्रदेश ओलम्पिक संघ , उपाध्यक्ष अगस्त द्विवेदी , उपसचिव सोमेश्वरपति त्रिपाठी , कोषाध्यक्ष प्रवीण कुमार मौर्य सदस्य शिवराम शर्मा , अनिल मौर्या रामधनी पाल , आदि लोगों से सुसज्जित जूडो एसोसिएशन जनपद के युवाओं की प्रतिभा को निखारने के लिए एवं उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभाग़ कराने के लिए उनकी सुविधा अनुसार प्रशिक्षण मुहैया तथा जुडो खेल को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।

इस अवसर पर अध्यक्ष एस0पी0 त्रिपाठी0 ने कहा है आज देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने स्पोर्ट एवं युवाओं के सुन्दर भविष्य के लिए तमाम योगजनाएं व खेल से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से खेल एवं खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ा रहे हैं। तथा अब जुडो के माध्यम से बच्चे अपने जनपद का मान सम्मान और गौरव बढ़ाने के लिए तैयार है। इस अवसर पर राष्ट्रीय योगासन जज योग गुरु योगी ज्वाला , सचिव योगासन खेल संघ ने कहा कि जनपद में जूडो के आगमन से यहां के खिलाड़ियों में बहुत उत्साह है , और अब यहां के खिलाड़ियों को जुडो में अनेक सुविधाएं मिल सकती है , खिलाड़ी जनपद में रहकर के ही अपना अभ्यास कर अपने को बड़े स्तर प्रदर्शन के लिए पर तैयार कर सकते हैं। इस अवसर पर उन्होंने जनपद के जूडो ऐंड ब्लाइंड टीम को शुभकामनाएं एवं बधाइयां प्रेषित की। इस अवसर पर रामू सोनकर सचिव ताइक्वांडो ने जनपद की जूडो एसोसिएशन व उनकी पूरी टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। बधाई देने वालों में बृज मोहन जी राज्य प्रभारी पतंजलि युवा भारत, योग गुरु योगी भोला नाथ संस्थापक विंध्य योग सेवा धाम, जगदीश सिंह पटेल, अध्यक्ष जिला को ऑपरेटिव बैंक, अनवर अली, विवेक मिश्रा, निधि सिंह पटेल राष्ट्रीय खिलाड़ी, राकेश त्रिपाठी, व आदि संगठन के लोगों ने अपनी ओर से शुभकामनाएं प्रेषित की।



## संक्षिप्त खबरें

### यातायात माह के तहत नैनी इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग सेंटर में छात्रों को किया गया जागरुक



**नैनी प्रयागराज।** यातायात माह-2025 के अवसर पर शनिवार देर शाम औद्योगिक क्षेत्र स्थित नैनी इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग सेंटर (आई.टी.सी.) में एक विशेष यातायात जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को सड़क सुरक्षा, नियमों के पालन और दुर्घटनाओं से बचाव के प्रति जागरूक करना रहा।इस अवसर पर ट्रैफिक विभाग की टीम ने प्रशिक्षण ले रहे छात्रों को सड़क के विभिन्न चिन्हों, सड़क के प्रकारों, गोल्डन आवर (दुर्घटना के बाद के महत्त्वपूर्ण समय) एवं गुड सेमेरिटन कानून के बारे में विस्तार से जानकारी दी। विशेषज्ञों ने बताया कि किसी भी सड़क दुर्घटना के बाद पहले घंटे को ÷गोल्डन आवर÷ कहा जाता है, जिसमें घायल व्यक्ति को तुरंत चिकित्सा सहायता मिलने पर उसकी जान बचाई जा सकती है। वहीं ÷गुड सेमेरिटन कानून÷ के तहत यदि कोई आम नागरिक किसी सड़क दुर्घटना पीड़ित की मदद करता है, तो उसके खिलाफ कोई कानूनी कार्यवाही नहीं की जा सकती।ट्रैफिक इंस्पेक्टर प्रयागराज पवन पांडेय ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा केवल नियम नहीं बल्कि जीवन की रक्षा का संकल्प है। उन्होंने हेलमेट और सीट बेल्ट के उपयोग पर विशेष जोर देते हुए कहा कि छोटी-छोटी सावधानियाँ बड़ी दुर्घटनाओं को टाल सकती हैं।इस अवसर पर औद्योगिक थाना प्रभारी विपिन पाल, प्रभाकर तिवारी एवं कौसर भी उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने छात्रों से यातायात नियमों का पालन करने, दूसरों को जागरूक करने और सुरक्षित भारत के निर्माण में योगदान देने की अपील की कार्यक्रम के अंत में नैनी इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग सेंटर के निदेशक ने अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम युवाओं में सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करते हैं और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने में सहायक सिद्ध होंगे।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और सुरक्षित यातायात का संकल्प लिया।

### सरस्वती परिवार द्वारा चली स्वच्छता की बयार



**नैनी, प्रयागराज।** अरैल सच्चा बाबा घाट (सेल्फी प्वाइंट)पर सरस्वती सामाजिक सेवा संस्थान अरैल के सौजन्य से सहायक अध्यापक नीरज पाण्डेय के नेतृत्व में रविवार को स्वच्छता अभियान चलाया गया। उन्होंने घाट पर एकत्रित स्नानार्थियों , नाविकों ,तीर्थ पुरोहितों एवं स्वयंसेवकों से आस्था एवं सनातन धर्म की पहचान मां गंगा के गोद में लोग स्नान करने आते हैं लेकिन उसके साथ-साथ गंदगी का अंबार भी गंगा नदी में छोड़ जाते हैं, गंगा में डाले हुए मूर्ति जिसमें कांच, तार, लोहे की किल आदि चीजें लगे होते हैं गंगा स्नान करने आए लोगों के पांव में चुभ जाते हैं इससे लोग जख्मी हो जाते हैं ऐसे कृत को करने के लिए लोगों को मना किया इसलिए सभी से अपील है कि गंगाजल में स्नान करें, ना कि गंदगी डालें। अपने कुछ चंद शब्दों में स्वास्थ्य के बारे में भी लोगों को जागरूक किया और कहा कि सुबह नित्य करिए योग रहिए निरोग।नव आगंतुक साथी इंदु प्रकाश सिंह ने कहा ने कहा* कि सरस्वती परिवार पिछले 8 वर्षों से अरैल घाटों पर स्वच्छता अभियान द्वारा साफ सफाई के प्रति लोगों को जागरुक कर रहे हैं, इसलिए इस टीम के द्वारा आम जनमानस से भी अपील है,कि आप जुड़े और स्वच्छता अभियान में अपना सहयोग प्रदान करें।कार्यक्रम में सर्वश्री कुंवर जी तिवारी, मनीष पांडे, धीरज यादव, सहदेव चौरसिया, एडवोकेट आत्म प्रकाश यादव, सुनील कुशवाहा, संदीप केसरवानी, विकास मिश्रा,विनोद गुरानी, धीरज निषाद, ओमप्रकाश श्रीवास्तव, शशिकांत पांडेय, पुष्पेंद्र द्विवेदी ,ज्ञान प्रकाश मिश्रा,दीपक दीक्षित,शिबू सिंह, हिमांशु उपाध्याय ,शशि प्रकाश तिवारी, तुलसी तिवारी, उज्जवल यादव, गौरव यादव, सौरभ यादव,आर्यन यादव आदि उपस्थित रहे।

# अंबेडकर के संविधान पर हो रहा सीधा हमला, साजिश में पीएम मोदी, अमित शाह और चुनाव आयोग की मिलीभगतः राहुल गांधी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** मध्य प्रदेश के पचमढ़ी में कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने केंद्र सरकार और चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि देश में लोकतंत्र और संविधान पर हमला किया जा रहा है और यह काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की "साझी भागीदारी" से किया जा रहा है। राहुल गांधी ने कहा, "हमारे पास विस्तृत जानकारी है। अभी हमने बहुत कम दिखाया है। मुख्य मुद्दा यह है कि लोकतंत्र और डॉ. अंबेडकर जी के संविधान पर सीधा हमला किया जा रहा है। यह हमला प्रधानमंत्री मोदी, अमित शाह और चुनाव आयोग के कुछ अधिकारियों की मिलीभगत से हो रहा है। यह देश और भारत माता के लिए नुकसानदायक है।" राहुल गांधी ने आगे कहा कि देशभर में बड़े पैमाने पर "वोट चोरी" की गई है। उनके अनुसार, "25 लाख वोट चोरी किए गए हैं। हर आठ में से एक वोट गायब है। डेटा देखने के बाद मुझे पूरा विश्वास है कि यही स्थिति मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र में भी है।" उन्होंने कहा, "यह बीजेपी और चुनाव आयोग की मिलीभगत का सिस्टम है। हमारे पास और सबूत हैं, जिन्हें हम जल्द ही सामने लाएंगे। मुख्य मुद्दा वोट चोरी का है, और स्ढ्ढक्रसिस्टम उसी चोरी को छिपाने और उसे संस्थागत रूप देने के लिए बनाया गया है।" राहुल गांधी ने शनिवार को मध्य प्रदेश के



पचमढ़ी में पार्टी जिला अध्यक्षों के दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में शामिल हुए। इस दौरान वह पार्टी के नेताओं-कार्यकर्ताओं से मुखातिब हुए। इस दौरान उन्होंने संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया।

## खेल हमारी संस्कृति का अभिन्न हिस्साः डॉ रीता बहुगुणा जोशी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नैनी, प्रयागराज।** शहीदवाल पर शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में स्वतंत्रता संग्राम के सपूतों को श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। बड़ी संख्या में उपस्थित स्कूली बच्चों तथा गणमान्य लोगों ने शहीदों के त्याग और बलिदान को स्मरण करते हुए उन्हें नमन किया और मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। संस्था हुडसा द्वारा आयोजित इस एक दिवसीय कार्यक्रम के प्रथम चरण में खुसरो बाग अन्तर्गत अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी आशीष कन्नौजिया के निर्देशन में खेल प्रतियोगिता आयोजित हुई जहां निवर्तमान सांसद प्रो0 रीता बहुगुणा जोशी बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुईं। प्रो जोशी ने कहा खेल हमारी संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है तथा बच्चों के समग्र विकास का सशक्त माध्यम है द्य डिजिटल युग में बच्चों को अपने स्वास्थ्य के प्रति सावधान रहना चाहिए। उन्होंने बच्चों के लिए लर्निंग टूल्स उपहार स्वरूप भेंट किया द्यद्वितीय चरण में सिविल लाइन स्थित शहीदवाल पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। महापौर गणेश केसरवानी ने कहा कि भारत के वीर शहीद कभी गुलाम नहीं थे उन्होंने डट कर मुकाबला किया था। समदरिया स्कूल के बच्चों द्वारा प्रस्तुत



"साइमन रिवॉल्ट" की सराहना करते हुए उन्होंने स्वतंत्रता संघर्ष के पुनरावलोकन पर बल दिया। कार्यक्रम के विशिष्ट वक्ता वीरेंद्र पाठक ने गुमनाम शहीदों पर विस्तृत प्रकाश डाला द्य संचालन हिंदी साहित्य भारती के अध्यक्ष दिनेश तिवारी ने किया द्यकार्यक्रम संयोजक हुडसा के सचिव डॉ. मणि शंकर द्विवेदी ने अतिथियों का स्वागत तथा आभार ज्ञापन प्रधानाचार्य कादंबरी ने किया द्य कार्यक्रम में राजेंद्र मिश्र बबुआन, विनय शुक्ल,कुश श्रीवास्तव , राजेश मिश्र, अंकित चौधरी,डॉ अंबिका पाण्डेय,कामता नाथ , डॉ बबली द्विवेदी, डॉ ऋचा द्विवेदी, हरनाम सिंह, डॉ अखिलेश द्विवेदी, डॉ विक्रम शुक्ल, विजय सागर द्विवेदी, सुनीता,जे के श्रीवास्तव, राकेश यादव, सिद्धार्थ अर्जुन, आवेश अहमद,रूपा चतुर्वेदी, पी के तिवारी, प्रभात शुक्ल, राम अभिलाष चौरसिया, अमित पांडेय आदि लोग शामिल रहे।

## जिलाधिकारी ने प्रशिक्षु अधिकारियों के साथ की बैठक



**ब्यूरो प्रयागराज।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा एवं मुख्य विकास अधिकारी हर्षिका सिंह ने रविवार को संगम सभागार में लाल बहादुर शास्त्री प्रशासनिक अकादमी मसूरी से आए 12 प्रशिक्षु अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में समस्त जनपद स्तरीय अधिकारियों ने अपने विभाग से संबंधित योजनाओं के बारे में जानकारी साझा की। प्रशिक्षु अधिकारियों के द्वारा जनपद के विकासखंड कोराव एवं बहरिया के साथ-साथ नगर पंचायत फूलपुर एवं नगर पंचायत कोराव के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर फील्ड स्टडी किया जाएगा। प्रशिक्षु अधिकारियों द्वारा स्लम एरिया एवं सॉलिड लिक्विड बेस्ट मैनेजमेंट प्लांट का भी भ्रमण किया जाएगा। बैठक में जिला विकास अधिकारी, उपायुक्त स्वत रोजगार उपायुक्त श्रम एवं रोजगार, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, परियोजना अधिकारी डूडा, उपनिदेशक कृषि आदि अधिकारी मौजूद रहे।

# हाजीपुर स्ट्रांग रूम पर गड़बड़ी का आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान संपन्न होने के बाद अब स्ट्रांग रूम की सुरक्षा को लेकर बवाल मच गया है। हाजीपुर में बनाए गए स्ट्रांग रूम को लेकर राजद ने गड़बड़ी का आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार, वैशाली जिले में पहले चरण में आठ विधानसभा सीटों पर मतदान पूरा हुआ है। इसके लिए हाजीपुर के आर.एन. कॉलेज और आईआईटी कॉलेज हरिवंशपुर में स्ट्रांग रूम बनाए गए हैं, जहां 24 घंटे पुलिस और प्रशासन की निगरानी जारी है। इसी बीच राजद ने अपने एक्स (पूर्व ट्विटर) अकाउंट से एक वीडियो साझा करते हुए गंभीर आरोप लगाए हैं। पार्टी का दावा है कि देर रात एक पिकअप वैन को स्ट्रांग रूम से निकलते देखा गया, और उसी समय सीसीटीवी कैमरे बंद कर दिए गए। राजद ने अपने पोस्ट में लिखा, "वैशाली जिले के हाजीपुर स्थित स्ट्रांग रूम में बारी-बारी से विभिन्न विधानसभाओं के सीसीटीवी बंद कर दिए जाते हैं। मध्यरात्रि में पिकअप वैन वहां घुसती है और निकलती है। @ECISVEEP जवाब दें।" इस वीडियो के वायरल होने के बाद राजद ने एनडीए सरकार पर वोट चोरी का आरोप लगाया और चुनाव आयोग से जवाब मांगा है। विपक्ष का कहना है कि बिहार में चुनाव से पहले से ही "वोट चोरी" का माहौल बनाया जा रहा है। राहुल गांधी और तेजस्वी यादव पहले भी इस मुद्दे पर वोटर अधिकार यात्रा निकाल चुके हैं।वहीं, प्रशासन ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है। शाली



की जिलाधिकारी अपने टीम के साथ हाजीपुर के आर.एन. कॉलेज स्थित स्ट्रांग रूम पहुंचीं और पूरे मामले की जांच शुरू की। गौरतलब है कि बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान बीते गुरुवार को संपन्न हुआ था। अब दूसरे चरण का मतदान 11 नवंबर को होना है, जबकि परिणाम 14 नवंबर को घोषित किए जाएंगे।

# बिहार चुनावः थम गया दूसरे और आखिरी चरण का प्रचार, 20 जिलों की 122 सीट पर 11 नवंबर को मतदान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण का प्रचार रविवार शाम 5 बजे थम गया। 20 जिलों की 122 सीटों पर 11 नवंबर को मतदान होगा, जिसमें 1302 उम्मीदवार मैदान में हैं। इस चरण में कई दिग्गज नेताओं की प्रतिष्ठा दांव पर है। दूसरे चरण में जिन 20 जिलों में मतदान होगा उनमें पश्चिमी चंपारण, पूर्वी चंपारण, सीतामढ़ी, शिवहर, मधुबनी, सुपौल, अररिया, किशनगंज, पूर्णिया, कटिहार, भागलपुर, बांका, जमुई, नवादा, गया, औरंगाबाद, जहानाबाद, अरवल, कैमूर और रोहतास शामिल हैं। इस चरण में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कई मंत्री चुनाव लड़ रहे हैं, जिनमें सुपौल से बिजेंद्र प्रसाद यादव, चकाई से सुमित कुमार सिंह, झंझारपुर से नीतीश मिश्रा, अमरपुर से जयंत राज, छातापुर से नीरज कुमार सिंह बबलू, बेतिया से रेणु देवी, धमदाहा से लेशी सिंह, हरसिद्धि से कृष्णनंदन पासवान और चैनपुर से जमा खान शामिल हैं। वहीं, दूसरे चरण में महागठबंधन की ओर से राजद के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उदय नारायण चौधरी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम, कटिहार की कदवा सीट से कांग्रेस विधायक दल के नेता शकील अहमद खान, तथा भाकपा (माले) विधायक दल के नेता महबूब आलम उम्मीदवार हैं। दूसरे चरण में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के घटक दलों के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के 53 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला होना है। पहले चरण में भाजपा के 48 उम्मीदवारों की किस्मत ईवीएम में बंद हो चुकी है। जनता दल (यूनाइटेड) के 44, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के 15, राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालोमो) के चार और हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) के छह उम्मीदवार भी दूसरे चरण में चुनावी मैदान में हैं। दूसरे चरण में राज्य के 20 जिलों की 122 विधानसभा सीट पर 11 नवंबर को सुबह 7 बजे से मतदान होगा। इस चरण में 1302 प्रत्याशी मैदान में हैं, जिनमें 136 महिलाएं, 1165 पुरुष और एक तृतीय लिंग प्रत्याशी शामिल हैं। कुल 3,70,13,556 मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे।इस चरण में 45,399 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें 40,073 ग्रामीण और 5326 शहरी बूथ हैं। क्षेत्रफल के लिहाज से इस चरण का सबसे छोटा विधानसभा क्षेत्र भागलपुर (23.887 वर्ग किमी) है, जबकि सबसे बड़ा चैनपुर (1814.15 वर्ग किमी) है। मतदाताओं की संख्या के अनुसार मखदुमपुर में सबसे कम 2,47,574, और हिसुआ में सबसे अधिक 3,67,667 मतदाता हैं। दूसरे चरण में सर्वाधिक संवेदनशील विधानसभा क्षेत्रों और बूथ की पहचान की गई है। इमामगंज विधानसभा क्षेत्र के सात बूथ पर मतदान अपराह्न तीन बजे तक, और 354 बूथ पर चार बजे तक होगा। बोधगया की 200 बूथ पर चार बजे तक और 106 बूथ पर शाम पांच बजे तक मतदान होगा। वहीं चैनपुर, रजौली, गोविंदपुर, सिकंदर, जमुई, झाझा और चकाई की सभी बूथों पर शाम चार बजे तक वोटिंग कराई जाएगी।

# नवनियुक्त प्रदेश प्रवक्ता निधि यादव का फूलपुर में स्वागत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** फूलपुर प्रयागराज शेखपुरा पूर्वी अरशद सुहेल के आवास पर समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक संपन्न हुई जिसमें एक अति महत्वपूर्ण बैठक आहुति पर नगर पंचायत फूलपुर के सभी बूथ अध्यक्ष बूथ के ड्डद्यड्डु एवं वरिष्ठ सपा जनों ने की मौजूदगी में किया। मुख्य अतिथि पूर्व द्वद्यष्बाबू वासुदेव यादव जी, एवं प्रदेश प्रवक्ता निधि यादव जी, विशिष्ट अतिथि, प्रदेश सचिव दूध नाथ पटेल, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नसीरुद्दीन राईन,विधान सभा अध्यक्ष शकील इस्माइल , धारा चंद्र भारतीय , सलीम खान बबलू प्रधान, राकेश यादव, की मौजूदगी में ह्य ढ्ढ क्रपे चर्चा हुई और जगरूप किया गया ताकि सभी मूल निवासियों का नाम मतदाता सूची में बचाया और लीगल नाम बढ़ाया जाए। तथा निधि यादव जी को पुनः प्रदेश प्रवक्ता समाजवादी पार्टी का बनाए जाने पर स्वागत एवं फूल मालाओं से स्वागत किया गया। मुख्य रूप से नगर पंचायत के अनिल केसरी,रोहित यादव, फिरोज राईन, प्रभाकांत अवस्थी,पिंटू यादव,



मोहम्मद गुलफाम, मो. राजिक शेख मोहम्मद जैद एडवोकेट, दानिश सभासद, शहजादे पहलवान राईन, सय्यद सुहैल उर्फ गुड्डू आदि साथी उपस्थित रहे।

# नगर निगम की मिलीभगत से जालसाजी कर करोड़ों का मकान हड़पने की साजिश

● एफ आई आर दर्ज।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** प्रयागराज के सबसे महत्वपूर्ण क्षेत्र सिविल लाइन में करोड़ों का आलीशान बंगला (भवन सं 41/33 तस्कन्द मार्ग) का बटवारा 1958 में तीन हिस्सों में किया गया था जिसमे पूर्वी हिस्सा स्व महाराजा बहादुर लाल सेवानिवृत जिला जज का था, पश्चिमी हिस्सा स्व श्रीमती राजरानी का था एवं दक्षिणी भाग स्व बजरंग बहादुर लाल का था। स्व श्रीमती राजरानी ने अपने पश्चिमी हिस्से का मकान अपनी पुत्री श्रीमती शोभा रानी सरकार को वसीयतनामे दिनांकीत 27/04/1982 से दे दिया था। श्रीमती राजरानी की मृत्यु दिनांक 24/05/1988 के पश्चात मकान के पश्चिमी हिस्से को लेकर पिछले 35 वर्षों से न्यायालय में मामला लंबित है जिसमें स्व0 श्रीमती राजरानी के सभी विधिक उत्तराधिकारी मय आलोक श्रीवास्तव एवं अशोक श्रीवास्तव पक्षकार है। इस वाद में अभी तक न्यायालय का कोई निर्णय नहीं हुआ है।

मकान के पश्चिमी हिस्से पर उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड का ऑफिशल लिक्विडेटर किराएदार है, जो श्रीमती राजरानी की मृत्यु



दिनांक 24/5/1988 के बाद से ना तो कोई किराया दे रहे हैं ना न्यायालय में जमा कर रहे हैं। आलोक श्रीवास्तव एवं अशोक श्रीवास्तव ने श्रीमती शोभा रानी सरकार द्वारा दाखिल प्रोबेट वाद में पक्षकार होने के बावजूद उक्त तथ्य को छिपाकर नगर निगम में जानबूझ कर कूटरचित दस्तावेज एवं झूठा शपथ पत्र दाखिलकर के स्व0 महाराजा बहादुर लाल (सेवानिवृत्ति जिला जज) एवं स्व0 श्रीमती राजरानी के विधिक उत्तराधिकारियों का गलत पता देकर (जिसमें से कुछ विधिक उत्तराधिकारियों की पूर्व में ही मृत्यु हो चुकी थी) तत्समय मृतक श्रीमती प्रभा, मृतक श्रीमती सुधा एवं लखनऊ निवासी श्रीमती शोभा रानी सरकार के नाम की नगर निगम द्वारा भेजी गई नोटिस पर या तो स्वयं या किसी अन्य व्यक्ति से षड्यंत्र करके श्रीमती प्रभा, श्रीमती सुधा एवं लखनऊ निवासी श्रीमती शोभा रानी सरकार





के फर्जी हस्ताक्षर बनाकर या बनवाकर नगर निगम की मिली भगत से करोड़ों का मकान अपने नाम दाखिल खारिज करवा लिया। इस संबंध में जब स्व0 श्रीमती शोभा रानी सरकार की पुत्री कुमारी मृदुला सरकार को जानकारी हुई तो उन्होंने संबंधित थाने में लिखित तहरीर दी जिस पर दिनांक 01/11/2025 को महाराजा बहादुर लाल, सेवानिवृत जिला जज, के पोतों पर एफ0आइ0आर0 दर्ज हुई।

# बिहार चुनावः समस्तीपुर में सड़क किनारे हजारों वीवीपैट पर्चियां मिली

● बवाल मचने पर दो अफसर सस्पेंड, एफआईआर दर्ज।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान के बाद शनिवान को समस्तीपुर जिले के सरायरंजन में सड़क किनारे हजारों की संख्या में वीवीपैट की पर्चियां मिलने पर विवाद खड़ा हो गया है। मामले के तूल पकड़ने के बाद डीएम ने मौके पर पहुंचकर सभी पर्चियां कब्जे में ले लीं और मामले में एफआईआर दर्ज कर दो अधिकारियों को सस्पेंड करने का आदेश दिया है। इस घटना को लेकर आरजेडी ने सवाल उठाए हैं। आरजेडी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, "समस्तीपुर के सरायरंजन विधानसभा क्षेत्र में भारी संख्या में वीवीपैट पर्चियां मिलीं। कब, कैसे, क्यों और किसके इशारे पर इन पर्चियों को फेंका गया? क्या चोर आयोग इसका जवाब देगा? क्या यह सब बाहर से आकर बिहार में डेरा डाले लोकतंत्र के डकैत के निर्देश पर हो रहा है?" समस्तीपुर जिला प्रशासन में उस समय हड़कंप मच गया, जब सूचना मिली कि सरायरंजन विधानसभा क्षेत्र के गुड़मा गांव में कूड़े के ढेर में हजारों की संख्या में वीवीपैट पर्चियां पड़ी हैं। मामले का वीडियो वायरल होने पर पटना से दिल्ली तक चुनाव आयोग में भी हड़कंप मच गया। इसके बाद जिला प्रशासन की टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं। चुनाव आयोग के आदेश पर समस्तीपुर के जिलाधिकारी-सह-निर्वाचन पदाधिकारी रौशन कुशवाहा और पुलिस अधीक्षक ने भी मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। विधानसभा के प्रत्याशियों को भी मौके पर बुलाया गया। इसके बाद, प्रशासनिक टीम ने वीवीपैट की पर्चियों को अपने कब्जे में लिया और आगे की कार्रवाई शुरू की। जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा ने बताया कि सूचना मिली कि सरायरंजन विधानसभा क्षेत्र में डिस्पैच सेंटर के पास वीवीपैट की पर्चियां कूड़े के ढेर में पाई गई हैं। उन्होंने कहा कि मैं अन्य अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचा और प्रत्याशियों की मौजूदगी में उन पर्चियों को अपने कब्जे में ले लिया। इस मामले में एफआईआर दर्ज की जा रही है। इस मामले में लापरवाही बरतने वाले दो अधिकारियों के खिलाफ विभागीय जांच और निलंबन की अनुशंसा की गई है। यह टेक्निकल मामला है और जांच के बाद सभी चीजें स्पष्ट हो जाएंगी। उन्होंने यह भी कहा कि कमीशनिंग के दौरान मॉक पोल भी होता है। लगभग 5



प्रतिशत मशीनों पर एक हजार का मॉक पोल होता है, जिसमें उम्मीदवारों की कमीशनिंग के समय भी हर बटन को दबाकर सिंबल की जांच की जाती है। समस्तीपुर के एसपी ने बयान जारी कर कहा, "शनिवार को सरायरंजन थाना के अंतर्गत ग्राम-गुड़मा में कूड़े की ढेर से कुछ कटी और बिना कटी हुई चुनाव संबंधी तथाकथित पर्चियां मिलने का मामला प्रकाश में आया। विभिन्न दलों के प्रत्याशियों की मौजूदगी में सभी पर्चियों को जब्त कराया गया। यह स्थान सरायरंजन विधानसभा स्थित डिस्पैच सेंटर से लगभग 500 मीटर की दूरी पर है।" उन्होंने आगे कहा, "इस घटना के संदर्भ में सरायरंजन थाना में प्राथमिकी दर्ज कर जरूरी कार्रवाई कराई जा रही है। जिला प्रशासन की ओर से लापरवाही बरतने वाले कर्मियों को निलंबित किया जा रहा है।"

## आस्था के साथ मनाया गया श्री श्याम महोत्सव

**नैनी, प्रयागराज।** श्री श्याम परिवार सेवा समिति नैनी के तत्वाधान में रविवार को मयूर गार्डन गेस्ट हाउस में आयोजित श्री श्याम महोत्सव भक्ति और आनंद के दिव्य वातावरण में सम्पन्न हुआ। पंडाल पूरे समय "हारे के सहारा, बाबा श्याम हमारा" के जयकारों से गूंजता रहा।कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत पूजा-अर्चना एवं मंत्रोच्चार के साथ किया गया। इसके बाद भजन संध्या का आयोजन हुआ, जिसमें कोलकाता से आए भजन गायक राजगुरु और पूजा केसरवानी की मनमोहक भजन प्रस्तुतियों ने भक्तों को भाव-विभोर कर दिया। वही प्रसिद्ध गायककार आनन्द जी शर्मा ने अपनी भजनों से सब का मन मोह लिया। के-म्यूजिकल ग्रुप और आर.जी. ढपली मंडली ने अपनी संगत से भजनों में भक्ति रस भर दिया। भक्तों ने बाबा श्याम के समक्ष दीप, पुष्प एवं प्रसाद अर्पित कर मनोकामनाएँ व्यक्त कीं। इसके पश्चात सभी श्रद्धालुओं को स्वामणी प्रसाद वितरित किया गया।समिति के अध्यक्ष रमेश सुल्तानिया ने कहा कि बाबा श्याम की कृपा से हर वर्ष यह महोत्सव भक्तों की आस्था को और मजबूत करता है।

# लखनऊ कोर्ट ने आरएसएस-बीजेपी मानहानि मामले में आज़म खान को किया बरी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के लखनऊ ज़िले की मजिस्ट्रेट अदालत ने शुक्रवार को सीनियर समाजवादी पार्टी नेता और पूर्व सांसद आज़म खान को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) और भारतीय जनता पार्टी (BJP) को बदनाम करने के लिए सरकारी लेटरहेड और स्टाम्प के कथित दुरुपयोग से जुड़े एक मामले में बरी कर दिया। एडिशनल सिविल जज (वरिष्ठ खंड)/एसीजेएम आलोक वर्मा ने खान को राहत देते हुए कहा कि कोई ठोस सबूत पेश नहीं किया गया और अभियोजन पक्ष उनके खिलाफ आरोप साबित करने में विफल रहा। फरवरी, 2019 में एक लेखक अल्लामा जमीर नकबी द्वारा एक एफआईआर दर्ज कराई गई थी, जिसमें आरोप लगाया गया कि 2014 में कैबिनेट मंत्री के रूप में कार्य करते हुए खान ने जानबूझकर अपने आधिकारिक लेटरहेड और कोरे कागज़ों पर कुछ पत्र लिखे थे,



जिनमें ऋस्स् भाजपा और मौलाना सैय्यद कल्बे जव्वाद नकबी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियां थीं। पांच साल की देरी के बाद दर्ज की गई एफआईआर में आगे आरोप लगाया गया कि उन पत्रों की सामग्री खान के प्रभाव और उच्च-स्तरीय संबंधों के माध्यम से राष्ट्रीय समाचार पत्रों में प्रकाशित और टीवी समाचार चैनलों पर प्रसारित की गई। खान पर भारतीय दंड संहिता की धारा 500 (मानहानि) और 505 (सार्वजनिक रूप से नुकसान पहुँचाने वाले बयान) के तहत मामला दर्ज किया गया।

# मुरादाबाद विकास प्राधिकरण के वीसी और बलिया के बीएसए का ऑफिस होगा कुर्क, कोर्ट ने जारी किया नोटिस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** मुरादाबाद विकास प्राधिकरण के वीसी और बलिया जिला के बेसिक शिक्षा अधिकारी के कार्यालय कुर्क होंगे. कोर्ट की ओर से आदेश जारी होने के बाद नोटिस कार्यालयों पर चस्पा कर दिए गए हैं. भूमि अधिग्रहण पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन प्राधिकरण (LARRA) कोर्ट ने विकास प्राधिकरण के वीसी अनुभव सिन्हा के ऑफिस को कुर्क करने के आदेश दिए हैं.आरोप है कि अनुभव सिन्हा ने किसान की ज़मीन का पूरा भुगतान नहीं किया है. इसके अतिरिक्त अदालत ने एमडीए वीसी के आचरण को भी आपत्तिजनक माना और 18 नवंबर को तलब किया है। लारा कोर्ट की ओर से पूर्व में एमडीए वीसी को नोटिस भी भेजा गया था लेकिन जवाब भी नहीं दिया गया. बल्कि एमडीए द्वारा न्यायालय के आदेश को ही अवैध कहा गया. कोर्ट द्वारा एमडीए को निर्देशित किया गया कि वह बताएं कि न्यायालय के आदेश को लिखित रूप में अवैध कहना कोर्ट की अवमानना है या नहीं. इसका भी कोई जवाब एमडीए वीसी अभिनव सिंह द्वारा न्यायालय को नहीं दिया गया. इसके बाद कोर्ट ने एमडीए वीसी के कार्यालय को कुर्क करने का आदेश जारी किये हैं. इस संबंध में न्यायालय की ओर से आदेश की एक प्रति संबंधित प्रमुख सचिव को भी इस उद्देश्य से भेजी गई कि वह एमडीए के इस आचरण के संबंध में उचित कार्रवाई करें. मुरादाबाद विकास प्राधिकरण के वीसी अभिनव सिंह ने इस संबंध में कोई टिप्पणी करने से मना कर दिया। वहीं, बलिया जिला के बेसिक शिक्षा अधिकारी के कार्यालय को कुर्क करने का नोटिस नोटिस शनिवार को चस्पा किया गया. जिले के अतिरिक्त सिविल कोर्ट संजय गोड़ की अदालत में तीन शिक्षकों के वेतन जारी न करने के मामले में अमीन ने कुर्क की कार्रवाई करने के लिए बीएसए कार्यालय पर कुर्की का नोटिस चस्पा किया. अमीन सुधीर सिंह ने बीएसए कार्यालय के साथ डीएम कार्यालय पर भी आदेश की नोटिस चस्पा किया. अमीन सुधीर सिंह ने कहा कि 7 नवंबर को सुनवाई के बाद कोर्ट ने आदेश जारी किया है. उन्होंने बताया कि कार्रवाई के दौरान बीएसए मनीष सिंह मौजूद नहीं थे. दरअसल 29 साल से भी पहले दौलतपुर प्राथमिक विद्यालय 3 शिक्षकों को प्रबंध समिति द्वारा हट दिया गया था. जिन शिक्षकों को वेतन 12 लाख 39 हजार 342 रुपये लम्बित था. शिक्षकों द्वारा न्यायालय मे वेतन भुगतान करने के लिए याचिका दायर की थी. इस पर कोर्ट ने वेतन भुगतान करने का निर्देश बीएसए मनीष सिंह को तीन से चार बार दिया था. निर्देश के बावजूद भी बीएसए हीलाहवाली कर रहे हैं. जिस पर बेसिक कार्यालय पर कुर्क करने का नोटिस चस्पा किया गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### करियातपुर छठ तलाब में भव्य सूर्य मंदिर निर्माण को लेकर हुआ शिलान्यास



**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** बरही प्रखंड के करियातपुर पंचायत के पुराना छठ तालाब के प्रांगण में भव्य सूर्य मंदिर निर्माण को लेकर ग्रामीणों ने शिलान्यास किया जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। ग्रामीणों ने बताया कि छट तालाब प्रांगण में काफी दिनों से मंदिर निर्माण को लेकर चर्चाएं की जा रही थी। अब मंदिर निर्माण का कार्य पूर्ण होने जा रहा है जिससे की ग्रामीणों में श्रद्धा का भाव उमड़ पड़ा है। यह मंदिर सभी के सहयोग से निर्माण किया जाएगा। ज्ञात हो की सूर्य मंदिर निर्माण को लेकर भूमि का दान गंदोरी भगत व लक्ष्मी भगत ने किया है। मौके पर करियातपुर पंचायत के मुखिया मनोज कुमार, उप मुखिया प्रतिनिधि संतोष प्रजापति, पुरोहित अशोक पांडे, अनिल जायसवाल, आशीष केसरी, प्रकाश पंडित छोटी पंडित, उपेंद्र भगत राजेश केसरी, अरुण सिंह, दिलीप कुशवाहा, बिरजू ठाकुर, वीरेंद्र भगत, हरी साव वीरू यादव, राजेश यादव, अशोक पंडित, इंद्रदेव ठाकुर, लाल जी रविदास, राजेंद्र ठाकुर, अनिल केसरी, संतोष केसरी, ओमप्रकाश केसरी, प्रवीण केसरी, गोपाल कृष्ण केसरी,खागो पंडित, सुभाष शर्मा, उदित पंडित, टिंकू भगत, मिठु प्रसाद, राहुल प्रजापति, संजीत सोनी, जितेंद्र भगत, सहित अन्य ग्रामीण शामिल रहे।

### रांची के बुढ़मू में ग्रामीण चिकित्सक की गला रेतकर हत्या, एक आरोपी गिरफ्तार

**रांची, झारखंडः-** रांची के बुढ़मू से हत्या का एक बड़ा मामला सामने आया है, जहां रविवार की सुबह बंगाली डॉक्टर सपन दास की गला काटकर हत्या कर दी गई। मिली जानकारी के अनुसार सपन दास पश्चिम बंगाल के रहने वाले थे और पिछले 6 सालों से बुढ़मू के मतवे गांव में रह कर ग्रामीणों का इलाज कर रहे थे। बताया जा रहा है कि रविवार की सुबह करीब नौ बजे दो व्यक्ति सपन दास के घर पहुंचे और उन पर हमला कर दिया। जिसमें से एक ने सपन दास को पकड़ा और उसका गला रेत दिया। अत्यधिक खून बहने के कारण सपन की मौके पर ही मौत हो गई। हत्या करने के बाद आरोपी फरार होने की कोशिश करने लगे। लेकिन अत्यधिक नशे में होने के कारण एक आरोपी पकड़ा गया। लोगों ने पुलिस को मामले की जानकारी दी, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस उससे पूछताछ कर रही है लेकिन हत्या की वजह अब तक सामने नहीं आ पायी है। मामले में बुढ़मू थाना प्रभारी नवीन शर्मा ने कहा है कि बंगाल के रहने वाले सपन दास की गला रेत कर हत्या हुई है। एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। जिसके कारणों को लेकर पूछताछ की जा रही है। स्थानीय लोगों ने बताया कि सपन दास पिछले 6 सालों से गांव में ही किराए का मकान लेकर ग्रामीण चिकित्सक के तौर पर लोगों का इलाज किया करते थे। वे बंगाली डॉक्टर नाम से फेमस भी थे। बंगाली डॉक्टर की हत्या से सभी हैरान है।

### डीएवी पब्लिक स्कूल बरही में अनुभव आधारित शिक्षा विषय पर आयोजित दो दिवसीय सेमिनार संपन्न



**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** डीएवी पब्लिक स्कूल बरही में अनुभव आधारित शिक्षा विषय पर आयोजित दो दिवसीय सेमिनार का सफल समापन हुआ। इस सेमिनार का उद्देश्य शिक्षण की पारंपरिक पद्धतियों में नवाचार लाते हुए विद्यार्थियों को सीखने का प्रत्यक्ष और व्यवहारिक अनुभव प्रदान करना था। समापन सत्र की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य डॉ आशुतोष कुमार मैढ़ ने की। मुख्य संसाधक के रूप में उपस्थित सयैद मुसत हसन और आलोक कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि अनुभव आधारित शिक्षा को जीवन से जोड़ने का माध्यम है। इससे विद्यार्थियों में रचनात्मकता, आत्मविश्वास और समस्या समाधान की क्षमता विकसित होती है। सेमिनार में विभिन्न सत्रों के दौरान शिक्षकों ने प्रोजेक्ट-आधारित लर्निंग, फील्ड विज़िट्स, रोल प्ले, विजुअल लर्निंग तथा प्रायोगिक क्रियाकलापों पर आधारित शिक्षण विधियों पर चर्चा की। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागी शिक्षकों को प्रमाणपत्र प्राप्त करने के तरीके बताए गए। शिक्षकों ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि इस तरह की शिक्षण पद्धति से वे विषयों को गहराई से समझा पाते हैं। प्राचार्य महोदय ने सभी शिक्षकों और आयोजन समिति को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि विद्यालय भविष्य में भी ऐसे उपयोगी शैक्षणिक कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा जो बच्चों के नैतिक और चारित्रिक विकास के साथ साथ शैक्षणिक संवर्धन में भी सहायक होगा।

## वोट चोरी का निराधार आरोप मतदाताओं एवम भारतीय राष्ट्र का निरादर : हिन्दु विचार मंच पाकुड़िया इकाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पाकुड़िया, पाकुड, झारखण्डः-** लोकसभा में कांग्रेस सांसद व विपक्ष के नेता राहुल गांधी भारतीय संविधान की प्रति, हाथ में लेकर अब तक भारत के लोगों से संवैधानिक, मूल्यों की रक्षा की बातें कह कर केवल नैरेटिव,भ्रामक तथा तथ्य विहिन कुप्रचार करते हुए, एक ओर वे देश के लोगों को भ्रमित कर रहे हैं वहीं दुसरी ओर, भारत विरोधी लाबी को सह देते हुए देश की विकसित धारा को प्रवाहित, करते हुए भारत को नीचा देखाते रहे हैं। संविधान की रक्षा की बात कहने बाले राहुल से यह पूछा जाना चाहिए कि, भारत एवम विश्व के देशों में जाकर भारतीय प्रजातंत्र, चुनाव आयोग,व अन्य संवैधानिक संस्थाओं के विरुद्ध बिना प्रमाणिक, तथ्यों के आधार पर वोट चोरी का आरोप लगाना क्या संविधान की रक्षा करना है, या संवैधानिक मूल्यों की नृशंस हत्या? उक्त तथ्य विहिन भाषणों एवम विगत दिनों विहार विधान सभा चुनावी, प्रचार के क्रम में राहुल व प्रियंका वाड्रा के निराधार,तथ्य विहिन अमर्यादित, चुनाव आयोग व पदाधिकारियों के विरूद्ध, आरोप लगाना क्या संविधान की रक्षा करना कहा जायेगा?हिन्दु मंच ने, राहुल के उस सफेद झूठी बातों की तीव्र निन्दा करते हुए कहा है कि, वोट चोरी व फर्जी वोट बता कर देश की संवैधानिक, संस्था का निरादर करने बाले राहुल को हरियाणा की महिलाओं तथा ब्राजील की महिला ने,राहुल के दावों को सर्वाधिक झूठा बता कर उन्हें दर्पण में, अपना विकृत चेहरा देख शीशा साफ करने बाले राहुल को अपना चेहरा, को साफ करने की ओर इशारा कर दिया। विगत वर्ष 24के लोक सभा चुनाव के क्रम में इंडि गठबंधन? विशेष रूप से राहुल ने, संविधान बदलने ऐसे नैरेटिव कुप्रचार से कांग्रेस पार्टी की लोक सभा में सीटें बढ़ने, और भाजपा की सीटें कम मिलने पर राहुल ने इसे जनता की बड़ी जीत व भाजपा की पराजय बता कर, भाजपा व प्रधानमंत्री की तीखी आलोचना करते हुए संवैधानिक मूल्यों की जीत कहा। जबकि, इसके बाद हरियाणा,महाराष्ट्र, दिल्ली में हुए चुनावों में भाजपा की अप्रत्याशित जीत को वोट चोरी कहते हुए,इ,भी,एम तथा चुनाव आयोग पर निराधार आरोप बढ़ कर भारत की बढ़ती साख पर, बट्टा लगाते रहे हैं।यदि विहार के चुनाव में एन,डी,ए की भारी जीत होती है तो, राहुल इसका ठीकरा भी चुनाव आयोग तथा नरेंद्र मोदी पर फोड़ते हुए खीज निकालेंगे लेकिन, तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की वोट चोरी के आरोप पर, इलाहाबाद हाईकोर्ट की सजा पर चुप्पी साध गर्व महसूस करेंगे।

## बिहार से घुसपैठियों को खदेड़ा जाएगा : योगी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता







**पटना।** अयोध्या से रामजी का संदेशा लाए हैं कि बिहार में नीतीश के नेतृत्व में फिर से एनडीए की सरकार बनानी है। तभी अयोध्या से मिथिलॉचल सीमांचल तक रामराज्य स्थापित होगा। ये बातें यूपी के सीएम व भाजपा के फायर ब्रांड नेता योगी आदित्यनाथ ने कही। वे रविवार को सुपौल जिले के छातापुर विधानसभा क्षेत्र के भीमपुर मैदान में एनडीए की चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने महात्मा गांधी के तीन बंदरों की चर्चा करते हुए कहा कि बिहार में पप्पू, टप्पू और अप्पू तीन बंदर घूम रहे हैं। इंडिया गंठबंधन के इन तीनों बंदरों की जोड़ी खानदानी माफियाओं को गले लगाकर सुरक्षा में सेंध लगा रही है। वे बिहार में घुसपैठियों को बढ़ावा दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि जैसे कश्मीर से आतंकियों को मारकर भगाया है, वैसे ही बिहार से घुसपैठियों को खदेड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि अब बिहार में अपराधियों की संपत्ति जब्त होगी और उनके घरों पर यूपी की तरह बुलडोजर चलेगा। योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि वे विदेशों में भारत के खिलाफ बोलते हैं। आक्रमणकारियों को महिमामंडित कर दुष्प्रचार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार आपकी आस्था का सम्मान करते हुए यहां (मिथिला) के पुनौराधाम में मां जानकी का मंदिर बना रही है तो अयोध्या में प्रभु श्रीराम का मंदिर बनकर तैयार है। अब इन दोनों मंदिरों को जोड़ने के लिए रामजानकी मार्ग का निर्माण कार्य भी शुरू हो गया है। उन्होंने कहा कि आज कश्मीर में धारा 370 हटने और आतंकवाद को समाप्त करने के बाद वहां लोग अमन-चैन की सांस ले रहे हैं। अब वहां मिथिला और बिहार के लोग भी बस सकते हैं। उन्होंने कहा का कांग्रेस और राजद ने श्रीराम और जानकी के अस्तित्व पर प्रश्न उठाकर उनका घोर अपमान किया है। उत्तर प्रदेश की समाजवादी पार्टी की सरकार ने रामभक्तों पर गोली भी चलवायी। उन्होंने विद्यापति के काव्य, द्रुपद संगीत व संस्कृत में दरभंगा महराजा कामेश्वर सिंह की भूमिका तथा मैथिली व भोजपुरी गायिका शारदा सिन्हा के गायन और मधुबनी मिथिला पेंटिंग की अनोखी संस्कृति की भी चर्चा की। कहा कि यहां से भाजपा प्रत्याशी युबा तुर्क नीरज कुमार सिंह बबलू को जिताइए।

## झारखंड प्रजापति (कुम्हार) महासंघ ने मनाया 25वां स्थापना दिवस, ओबीसी जिला अध्यक्ष अजय प्रजापति हुए सम्मानित



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हजारीबाग, झारखंडः-** झारखंड प्रजापति (कुम्हार) महासंघ का 25वां स्थापना दिवस रजत जयंती समारोह बड़े ही उत्साह और गरिमा के साथ जमशेदपुर के शीतला भवन में मनाया गया। समारोह में प्रदेशभर से संगठन के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और आम सदस्य बड़ी संख्या में शामिल हुए।

इस मौके पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस ओबीसी मोर्चा के हजारीबाग जिला अध्यक्ष के रूप में नव मनोनीत होने पर अजय प्रजापति को सम्मानित किया गया। उन्हें पुष्पगुच्छ और सम्मान पत्र प्रदान कर महासंघ ने बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके नेतृत्व की सराहना की। इस अवसर पर पूर्व विधायक योगेश्वर महतो 'बाटुल', झारखंड माटी कला बोर्ड के निवर्तमान अध्यक्ष श्री श्रीचंद प्रजापति, प्रदेश महामंत्री ईश्वर चंद्र प्रजापति, संगठन मंत्री पप्पू पंडित, कोषाध्यक्ष अजय प्रजापति, प्रवक्ता विक्रम महतो, महिला प्रकोष्ठ की मीना देवी, युवा प्रभारी शंभू प्रजापति सहित प्रदेश उपाध्यक्ष पूना बेसरा, मंत्री लक्ष्मण पंडित, जिला अध्यक्ष राधा विनोद प्रजापति, बोकारो जिला अध्यक्ष शेखर प्रजापति, लोहरदगा जिला अध्यक्ष सरोज प्रजापति, चाईबासा के पूर्व अध्यक्ष अरुण प्रजापति, हजारीबाग जिला उपाध्यक्ष लीलाधर प्रजापति, मोहन महतो, आलोक आशीष प्रजापति, उमेश नागमणि, प्रदीप महतो, लालटू पाल, हरिशंकर पंडित, ज्ञान भूषण पंडित, जितेंद्र दास, संजय प्रजापति, नरेंद्र पंडित, काशीनाथ प्रजापति, डॉ. सुरेश प्रजापति, वशिष्ठ मुनि प्रजापति, प्रवीण प्रजापति, सिद्धनाथ प्रजापति और सुरेंद्र प्रजापति सहित अन्य उपस्थित रहे।

## कुल्हाड़ी से काट कर युवक की निर्मम हत्या, एक्शनमोड में पुलिस



**बलिया:** उत्तर प्रदेश के बलिया जिले में हत्या की डरावनी खबर सामने आई है। मामला मनियर थाना क्षेत्र के महलीपुर गांव का है, जहां मनबढ़ बदमाशों ने कुल्हाड़ी से काटकर चंदन राजभर (23) पुत्र गणेश राजभर की निर्मम हत्या कर दिया। मृतक दो भाइयों में बड़ा और अविवाहित था। घटना के बाद से पिता, माता फूलमती देवी और छोटे भाई अमित का रो-रोकर बुरा हाल है। महलीपुर निवासी चंदन राजभर पुत्र गणेश राजभर शनिवार की रात करीब नौ बजे अपने डेरा से घर लौट रहा था। घर से कुछ दूर पहले तीन बदमाशों ने उस पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। चंदन की चीख सुनकर आसपास के लोग पहुंचे तो बदमाश भाग निकले। बुरी तरह जख्मी चंदन को तत्काल निजी वाहन से जिला चिकित्सालय लाया गया, जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। सूचना मिलते ही पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। घटना को अंजाम देने वाले तीनों युवक चंदन के पड़ोसी बताए जा रहे हैं, हालांकि हत्या का कारण अभी स्पष्ट नहीं हुआ है। थानाध्यक्ष कौशल पाठक ने बताया कि इस मामले में तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। गांव में तनाव को देखते हुए पुलिस बल तैनात किया गया है।

## हजारीबाग पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 42.5 लाख की अफीम जब्त, चार तस्कर गिरफ्तार

### ● मुकुंदगंज में एनएच-33 पर देर रात छापेमारी, चतरा से ला रहे थे अफीम, हरियाणा में सप्लाई की थी योजना

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हजारीबाग, झारखंडः-** जिले के मुफसिल थाना क्षेत्र में हज़ारीबाग पुलिस ने नशाखोरी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 42.5 लाख रुपये मूल्य की अफीम जब्त की है। इस दौरान चार अफीम तस्करों को गिरफ्तार किया गया। यह कार्रवाई शनिवार देर रात पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना के आधार पर की गई। पुलिस के अनुसार, 08 नवंबर की रात लगभग 11:45 बजे सूचना मिली कि मुफसिल थाना क्षेत्र के कत्था फैक्ट्री के पास टोयोटा शोरूम के सामने एनएच-33 स्थित मुकुंदगंज में चार लोग अफीम की बिक्री-खरीद के लिए पहुंचे हैं। सूचना मिलते ही अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अमित कुमार के नेतृत्व में एक छापामारी टीम का गठन किया गया। पुलिस को देखते ही भागने लगे तस्कर टीम के वहां पहुंचते ही चारों व्यक्ति पुलिस को देखते ही भागने लगे, लेकिन पुलिस ने पीछा कर उन्हें पकड़ लिया। तलाशी में चारों के बैग से अवैध अफीम बरामद हुई। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे चतरा से अफीम लेकर आए थे और ट्रेन से हरियाणा ले जाकर बेचने की योजना थी।गिरफ्तार आरोपी में सचिन कुमार (18 वर्ष) पिता दुर्गानन्द दोंगी, निवासी दारियातु, जिला चतरा, राकेश कुमार मेहता (20 वर्ष) पिता सुरेन्द्र मेहता, निवासी पबरा, थाना कटकमसांडी, हजारीबाग, नन्कु ठाकुर (24 वर्ष), पिता हीरा ठाकुर, निवासी सतीर, जिला चतरा, अनिल दोंगी (45 वर्ष) पिता किशनदयाल दोंगी, निवासी दारियातु, जिला चतरा शामिल है। बरामदगी में अफीम 82 किलोग्राम, बैग 4 पीस, मोबाइल 4 पीस शामिल है। इस मामले में मुफसिल थाना में कांड संख्या 187/25 दर्ज किया गया है। सभी आरोपियों को एनडीपीएस एक्ट की धारा 17(सी), 21(सी) और 29 के तहत न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।छापामारी दल में अमित कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय), हजारीबाग, विद्यावती ओहद्वार, पुलिस निरीक्षक, चुरचू अंचल, रौशन वर्णवाल, थाना प्रभारी, मुफसिल, संजय रतन, सहायक उप निरीक्षक, मुफसिल थाना, तकनीकी शाखा टीम, हजारीबाग समेत सशस्त्र बल, मुफसिल थाना के जवान शामिल थे। अपर पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने कहा कि नशा तस्करों पर कार्रवाई लगातार जारी रहेगी और जिले में अवैध मादक पदार्थों के व्यापार पर सख्ती से नकेल कसी जाएगी।

## बरही में पुलिस एकादश की शानदार जीत, सीरीज़ 1-1 की बराबरी, निर्णायक मुकाबले का सभी को इंतज़ार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरही, हज़ारीबाग, झारखंडः-** बरही प्रखंड के हरला मैदान में आयोजित रोमांचक क्रिकेट मैच में पुलिस एकादश और पत्रकार एकादश के बीच खेले गए दूसरे मुकाबले में पुलिस एकादश ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पत्रकार एकादश को पराजित कर सीरीज़ को 1-1 की बराबरी पर ला दिया।

इस जीत से पुलिस टीम में जबरदस्त उत्साह का माहौल देखा गया और दर्शकों में भी जोश भर गया। मैच की शुरुआत पुलिस एकादश की बल्लेबाजी से हुई। टीम ने निर्धारित 12 ओवरों में 6 विकेट के नुकसान पर 136 रनों का बड़ा स्कोर खड़ा कर दिया। टीम के कप्तान व थाना प्रभारी बिनोद कुमार ने अपने दमदार अंदाज में खेलते हुए मात्र कुछ ही गेंदों में सात गगनचुंबी छक्के जड़कर 47 रनों की शानदार पारी खेली। उनकी आक्रामक बल्लेबाजी ने विपक्षी टीम के गेंदबाजों पर दबाव बना दिया और मैच का रुख पुलिस टीम की ओर मोड़ दिया। पुलिस टीम की ओर से राजा कुमार ने भी उत्कृष्ट बल्लेबाजी करते हुए सर्वाधिक रन बनाकर टीम के स्कोर को मजबूती दी। जवाब में पत्रकार एकादश ने भी संघर्षपूर्ण शुरुआत की, लेकिन पुलिस एकादश के गेंदबाजों के अनुशासित प्रदर्शन के आगे टीम 12 ओवरों में केवल 101 रन ही बना सकी। परिणामस्वरूप पुलिस एकादश ने 35 रनों के अंतर से यह मुकाबला अपने नाम कर लिया। इस जीत के साथ अब सीरीज़ 1-1 की बराबरी पर पहुंच गई है और दोनों टीमों के बीच निर्णायक फाइनल मैच का बेसब्री से इंतज़ार किया जा रहा है। मैच के दौरान मैदान में खेल भावना और उत्साह का अनोखा संगम देखने को मिला। मौके पर पुलिस एकादश में पुनि सह थाना प्रभारी बिनोद कुमार, सर्किल इंस्पेक्टर चंद्रशेखर कुमार, एसआई राजबल्लभ कुमार, सौरभ कुमार, रूपलाल यादव, पुलिस कर्मी नीरज कुमार, संजय कुमार, राजा पांडेय, गणेश यादव, दिनेश कुमार, रंजन कुमार, सत्यम कुमार, राहुल कुमार, सकलदेव यादव मौजूद थे। इधर पत्रकार एकादश में दयानंद चौरसिया, राजदेव गुप्ता, अनुज यादव, रितेश कुमार, अनुज सोनी, किशोर राणा, धनंजय कुमार, अजय कुमार, राकेश रौशन, शोएब अख्तर, राहुल राणा, पंचम पांडेय, सिकंदर कुमार, मुन्ना यादव सहित कई खिलाड़ी व दर्शक उपस्थित थे। सभी ने इस तरह के आयोजन को समाज में भाईचारे और संवाद की मिसाल बताया। बरही क्षेत्र में अब सबकी निगाहें जल्द होने वाले फाइनल मुकाबले पर टिकी हैं, जो इस सीरीज़ का रोमांचक समापन करेगा।

## झारखंड में 3 दिनों में तेजी से गिरेगा तापमान, मौसम विभाग ने जारी की चेतावनी

**रांची।** पिछले एक सप्ताह से लगातार राजधानी रांची समेत पूरे राज्य में ठंड का असर दिनोंदिन बढ़ता ही जा रहा है। मौसम विज्ञान केंद्र रांची के द्वारा जारी पूर्वानुमान में बताया गया है कि राज्य में 9 से 14 नवंबर तक सुबह में कोहरा या धुंध और बाद में आसमान मुख्यतः साफ रहेगा और मौसम शुष्क बना रहेगा। इस दौरान राज्य में अगले तीन दिनों तक यानी 9, 10 और 11 नवंबर तक न्यूनतम तापमान में धीरे-धीरे 2 से 4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट होगी। इसके बाद अगले दो दिनों तक यानी 12 और 13 नवंबर तक तापमान में कोई बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। मौसम विज्ञानी अभिषेक आनंद ने बताया कि तापमान गिरने से ठंड का असर बढ़ने लगेगा। इस वर्ष अधिक वर्षापात होने के कारण पर्यावरण में पर्याप्त नमी मौजूद है और ठंड बढ़ने से इसका सीधा असर सेहत पर भी पड़ेगा। रांची के आसपास घाटी क्षेत्रों में तो अहले सुबह और शाम ढलते ही कोहरे का असर दिखने लगा है। मौसम विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटे के दौरान पूरे राज्य का मौसम शुष्क बना रहा। सबसे अधिक अधिकतम तापमान 32.8 डिग्री सेल्सियस चाईबासा का जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान 10.9 डिग्री सेल्सियस गुमला का रिकॉर्ड किया गया। वहीं, राजधानी रांची का अधिकतम 27.8 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 15.2 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

## आश्वासन के बावजूद नहीं बना तालवा-चांदना मार्ग, ग्रामीणों में गहरी नाराजगी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंडः-** तत्कालीन प्रखंड विकास पदाधिकारी समीर अल्फ्रेड मुर्मू के आश्वासन के बावजूद, तालवा सिदो-कान्हू मोड़ से चांदना ग्राम तक लगभग 12 किलोमीटर लंबे जर्जर आरईओ मार्ग का निर्माण कार्य अब तक प्रारंभ नहीं हो सका है। इसके चलते ग्रामीणों में गहरी नाराजगी देखी जा रही है। जानकारी के अनुसार, पाकुड़िया मुख्यालय से लगभग 5 किलोमीटर दूर तालवा सिदो-कान्हू मोड़ से चांदना ग्राम तक का यह मार्ग पिछले 20 वर्षों से अत्यंत जर्जर अवस्था में पड़ा है। मार्ग की स्थिति इतनी खराब है कि बरसात के दिनों में आवागमन पूरी तरह से बाधित हो जाता है। बीते 8 नवम्बर को तालवा, लागडुम, चिरूडीह टोला, छोटा बरमसिया, माड़ ग्राम, सालपानी और चांदना के ग्रामीणों ने संयुक्त रूप से बैठक कर अपनी नाराजगी व्यक्त की। ग्रामीणों का कहना है कि बार-बार प्रशासन और जनप्रतिनिधियों को अवगत कराने के बावजूद अब तक सड़क निर्माण की स्वीकृति नहीं मिली है। ग्रामीणों ने कहा कि यह सड़क सिर्फ पाकुड़िया के ही नहीं, बल्कि महेशपुर और पश्चिम बंगाल के सीमावर्ती क्षेत्रों के लोगों के आवागमन का भी प्रमुख मार्ग है। लेकिन सड़क पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे और उखड़े हुए मेटल के कारण आवागमन जोखिम भरा हो गया है। ग्रामीण महिलाएं विशेष रूप से परेशान हैं। उन्होंने कहा कि टूटी सड़क पर साइकिल या बाइक से चलना खतरनाक हो गया है। वर्षा ऋतु में सड़क पर जमा पानी और कीचड़ से हालात और बिगड़ जाते हैं। ग्रामीण युवतियों ने बताया कि यदि सड़क का पुनर्निर्माण हो जाए, तो गांवों से तालवा सिदो-कान्हू मोड़ बस स्टैंड तक पहुंचना आसान होगा। इससे छात्र-छात्राओं, किसानों और व्यवसायियों को काफी सुविधा मिलेगी। साथ ही, सड़क के किनारे रहने वाले लोगों को छोटे पैमाने पर व्यवसाय शुरू करने का अवसर मिलेगा, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द से जल्द सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ करने की मांग की है, ताकि क्षेत्र के लोगों को राहत मिल सके और वर्षों से लंबित विकास कार्य मूर्त रूप ले सके।

## धर्म, साहस और बलिदान की अमर गाथा : 24 नवंबर को बड़े ही श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया जाएगा गुरु तेग बहादुर जी का शहादत दिवस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हजारीबाग, झारखंडः-** आगामी 24 नवंबर को सिख समुदाय सहित समस्त देशवासी श्री गुरु तेग बहादुर जी के शहादत दिवस को बड़े ही श्रद्धा, भक्ति और भावनाओं से परिपूर्ण वातावरण में मनाएंगे। गुरु तेग बहादुर जी, जिन्हें हिंद दी चादर कहा जाता है, ने अपने प्राणों की आहुति देकर धर्म, मानवता और धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा के लिए जो बलिदान दिया, वह सदा इतिहास के स्वर्ण अक्षरों में अंकित रहेगा। गुरुद्वारों में इस अवसर पर अखण्ड पाठ, कीर्तन दरबार, कथा-वाचन और लंगर सेवा का आयोजन किया जाएगा। शहर के प्रमुख गुरुद्वारों में विशेष दीवान सजाए जाएंगे, जहाँ संगत गुरु महाराज के जीवन और शिक्षाओं का स्मरण कर नतमस्तक होगी। श्री गुरु सिंह सभा हजारीबाग की ओर से बताया गया है कि यह दिवस केवल शहादत का स्मरण मात्र नहीं, बल्कि मानवता, भाईचारा और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा का पर्व है। गुरु तेग बहादुर जी का जीवन यह सिखाता है कि धर्म की रक्षा हेतु यदि बलिदान भी देना पड़े, तो पीछे नहीं हटना चाहिए। इस अवसर पर हजारीबाग सहित पूरे देश में श्रद्धालु बड़ी संख्या में कीर्तन, अरदास और सेवा कार्यों में शामिल होंगे, और गुरु महाराज की शिक्षाओं को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लेंगे। जानकारी मीडिया प्रभारी ने दी।

## घाटशिला उपचुनाव में साख की जंगः झामुमो और भाजपा ने झोंकी पूरी ताकत, आज थमा प्रचार

### ● कुल 13 उम्मीदवार मैदान में, 11 को मतदान, 14 को मतगणना

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रांची।** झारखंड की बहुचर्चित घाटशिला विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए चुनावी प्रचार रविवार शाम पांच बजे थम गया। अब मतदाता 11 नवम्बर को अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इस सीट पर कुल 13 उम्मीदवार मैदान में हैं, लेकिन मुकाबला मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी और झारखंड मुक्ति मोर्चा के बीच सीधा माना जा रहा है। भाजपा की ओर से पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के पुत्र बाबूलाल सोरेन चुनावी मैदान में हैं, जबकि झामुमो ने दिवंगत पूर्व शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन के पुत्र सोमेश चंद्र सोरेन को प्रत्याशी बनाया है। वहीं, जेएलकेएम के उम्मीदवार रामदास मुर्मू भी मैदान में अपनी मौजूदगी दर्ज करा रहे हैं।

**दोनों दलों का ताबड़तोड़ प्रचार**

पिछले एक सप्ताह से घाटशिला की राजनीतिक फिज़ा पूरी तरह चुनावी माहौल में डूबी रही। झामुमो की ओर से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और विधायक कल्पना सोरेन रविवार को रोड शो कर जनता से अपने प्रत्याशी के पक्ष में वोट देने की अपील की। झामुमो अपने दिवंगत नेता रामदास सोरेन की लोकप्रियता और सहानुभूति लहर पर भरोसा कर रही है। वहीं, भाजपा ने इस सीट को अपनी साख से जोड़ लिया है। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने लगातार जनसभाएँ और संपर्क अभियान चलाए। पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, कार्यकारी अध्यक्ष आदित्य साहू, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, बंगाल के नेता शुभेंदु अधिकारी सहित कई दिग्गजों ने घाटशिला में डेरा डाल रखा था। यहां तक कि उड़ीसा के मुख्यमंत्री ने भी भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में प्रचार किया। खुद चंपई सोरेन भी गांव-गांव जाकर अपने पुत्र के लिए समर्थन मांगते दिखे।

**सत्ता बनाम विपक्ष की प्रतिष्ठा**

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यह उपचुनाव सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों के लिए प्रतिष्ठा की लड़ाई बन चुका है। जहां झामुमो सरकार अपनी लोकप्रियता बरकरार रखने की कोशिश में है, वहीं भाजपा इसे जनता के मूड को परखने का अवसर मान रही है। घाटशिला सीट पर मुकाबला इस बार बेहद रोमांचक और कांटेदार माना जा रहा है। मतदाता किसे चुनेंगे, इसका फैसला 11 नवम्बर को मतदान और 14 नवम्बर को होने वाली मतगणना के बाद स्पष्ट होगा। फिलहाल, दोनों दलों ने जीत सुनिश्चित करने के लिए अपनी पूरी ताकत झोंक दी है।



## संक्षिप्त खबरें

### जन एकता यात्रा लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर विशेष आयोजन




**अमेठी।** देश की एकता, अखंडता और आत्मनिर्भरता के प्रतीक लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर "जन एकता यात्रा" का भव्य आयोजन किया जा रहा है।यह यात्रा 10 नवम्बर 2025 (सोमवार) को प्रातः 10 बजे हनुमान मंदिर, शाहमऊ से प्रारंभ होकर ब्लॉक परिसर, बहादुरपुर तक निकाली जाएगी। यात्रा का उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग में सरदार पटेल जी के आदर्शों, एकता और राष्ट्र निर्माण के संदेश को जन-जन तक पहुँचाना है। यात्रा के उपरांत ब्लॉक परिसर, बहादुरपुर, तिलोई में दोपहर 01 बजे एक जनसभा का आयोजन किया जाएगा।इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री एवं तिलोई के विधायक मयंकेश्वर शरण सिंह रहेंगे।यह आयोजन सरदार पटेल के अदम्य साहस, संगठन शक्ति और भारत की एकता के प्रति उनके अमूल्य योगदान को स्मरण करने का एक अवसर है।सभी क्षेत्रवासियों, युवाओं, समाजसेवियों एवं जनप्रतिनिधियों से आग्रह है कि वे इस यात्रा में सम्मिलित होकर एकता के इस संदेश को बल प्रदान करें।आइए, एक साथ चलें – सरदार पटेल जी के एक भारत, श्रेष्ठ भारत के सपने को साकार करने के लिए।

### मुक्ति धाम पर सफाई अभियान चलाकर दिया स्वच्छता का संदेश



**ललितपुर।** नगर के गांधीनगर वार्ड नंबर द्वितीय में रविवार को स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। अभियान का नेतृत्व वार्ड के पार्षद प्रतिनिधि एवं वीर बुंदेली समाजसेवी संस्था के अध्यक्ष द्वारा किया गया। संस्था के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने मुक्ति धाम परिसर में झाड़ू लगाकर, कचरा उठाकर और गंदगी साफ कर सफाई का संदेश दिया। अभियान के दौरान पार्षद प्रतिनिधि ने कहा कि स्वच्छता केवल एक दिन का अभियान नहीं, बल्कि यह हमारी आदत और जिम्मेदारी बननी चाहिए। स्वच्छ परिसर ही सुंदर समाज की पहचान है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखें और किसी भी सार्वजनिक स्थल पर कचरा न फैलाएं। संस्था के कार्यकर्ताओं ने मुक्ति धाम परिसर में झाड़ू लगाने के साथ पौधों को पानी दिया और वहां पड़े प्लास्टिक कचरे को एकत्र कर निस्तारित किया। इस दौरान स्थानीय नागरिकों ने भी स्वेच्छा से अभियान में हिस्सा लिया और इस पहल की सराहना की। कार्यक्रम में वीर बुंदेली संस्था के सदस्य, वार्डवासियों एवं युवाओं की उपस्थिति रही। सभी ने मिलकर यह संकल्प लिया कि मुक्तिधाम सहित पूरे वार्ड को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने में सहयोग करेंगे। उन्होंने कहा कि उसका मुख्य उद्देश्य है कि स्वच्छता के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना, पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना और समाज में सकारात्मक संदेश देना। इस दौरान वार्डवासियों के अलावा अनेक संस्था के सदस्य मौजूद रहे।

### सड़क हादसे में युवक की मौत

**ललितपुर।** ललितपुर जिले के करगन मार्ग पर रविवार सुबह एक सड़क दुर्घटना में 22 वर्षीय युवक रवि यादव की मौत हो गई। नहर के पास उसका शव लहूलुहान हालत में मिला। इस हादसे में उसका चचेरा भाई हुकुम यादव गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। यह घटना कोतवाली सदर क्षेत्र के ग्राम करगन के मजरा नयाखेड़ा के पास हुई। स्थानीय लोगों ने सुबह करीब 7 बजे हाईवे से करगन जाने वाले मार्ग पर बाबा के चबूतरा के पास रवि यादव को मृत और हुकुम यादव को गंभीर घायल अवस्था में देखा। मौके पर एक मोटरसाइकिल भी मिली, जिससे आशंका जताई जा रही है कि वे रात में घर लौटते समय दुर्घटना का शिकार हुए। मृतक रवि यादव पुत्र दातार सिंह ट्रैक्टर चालक था। वह अपने दो भाइयों में सबसे छोटा था और खेती-किसानी व ट्रैक्टर चलाकर परिवार का भरण-पोषण करता था। घायल हुकुम यादव पुत्र ओमकार यादव भी 22 वर्ष का है। परिजनों ने बताया कि शनिवार शाम करीब 7 बजे रवि और हुकुम किसी काम से मोटरसाइकिल से ललितपुर गए थे। परिवार को आशंका है कि ललितपुर से लौटते समय किसी वाहन से टक्कर या अन्य कारणों से यह दुर्घटना हुई होगी। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सदर अनुराग अवस्थी ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। रवि यादव के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

# नवंबर में बिगड़ी यातायात व्यवस्थाः हर दिन जाम से जूझ रहे लोग

**●सड़क पर हाथ ठेला, फुटफाट पर खड़े आड़े तिरछे वाहन अतिक्रमण यातायात पुलिस की व दुकानदारों द्वारा टीन शैड व स्थाई अतिक्रमण नगर पालिका की जिम्मेवारी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

संवाददाता- देवेंद्र साहू

**ललितपुर।** नवंबर माह शुरू होते ही नगर में यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है। मुख्य बाजारों से लेकर चौराहों तक हर दिन जाम की स्थिति बनी रहती है। लोग घंटों तक वाहनों की कतारों में फंसे रहते हैं, लेकिन जिम्मेदार विभागों के बीच कार्रवाई की बजाय जिम्मेदारी टालो का खेल चल रहा है। यातायात पुलिस जहां अतिक्रमण को नगर पालिका का विषय बता कर पल्ला झाड़ रही है, वहीं नगर पालिका प्रशासन का कहना है कि सड़क पर अतिक्रमण हटाना पुलिस का कार्यक्षेत्र है। नगर के मुख्य बाजार, बस स्टैंड, स्टेशन रोड, सावरकर चौक, सब्जी मंडी, सदर काटा, महावीर प्याऊ जैसे क्षेत्रों में सुबह से ही वाहनों का दबाव बढ़ जाता है। दोपहिया, चार पहिया और ठेलेकृई- रिक्शा व ऑटो की भीड़ के कारण पैदल चलना तक मुश्किल हो गया है। यहां तक की पुथपाथ गायब हो गये है। दुकानदारों द्वारा दुकान के आगे कब्जा कर माल सजाने से फुटपाथ गायब हो चुके हैं, जबकि सड़कों के किनारे खड़े वाहनों से आवाजाही पूरी तरह प्रभावित हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यातायात पुलिस केवल त्योहारों या निरीक्षण के समय ही मुस्तैद दिखती है। बाकी दिनों में पुलिस कर्मी सिर्फ चालान काटने तक सीमित रहते हैं। हर दिन जाम में फंसना आम बात हो गई है, कोई व्यवस्था नहीं है। पुलिस और नगर पालिका एक-दूसरे पर आरोप लगा रहे हैं, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है, एक राहगीर ने नाराजगी जताई। नगर पालिका के अधिकारियों का तर्क है कि सड़क पर चलने वाले अतिक्रमण कृ जैसे ठेले, गुमटियां या अवैध पार्किंग कृ को हटाना यातायात पुलिस की जिम्मेदारी है, जबकि स्थायी निर्माणों पर कार्रवाई नगर पालिका करती है। इस बीच, पुलिस विभाग का कहना है कि बिना पालिका के सहयोग के अतिक्रमण हटाना संभव नहीं है। इस आपसी टकराव का खामियाजा आम जनता भुगत रही है। यातायात माह के अवसर पर पुलिस विभाग ने सुरक्षित यातायात, जीवन की रक्षा जैसे नारे तो लगाए, लेकिन धरातल पर सुधार दिखाई नहीं दे रहा। शहर की सड़कों पर न तो पार्किंग की कोई उचित व्यवस्था है और न ही यातायात नियंत्रण के लिए पर्याप्त पुलिस बल। कई स्थानों पर सिग्नल व्यवस्था भी महीनों से खराब है, जिससे स्थिति और खराब हो रही है। नगरवासियों की मांग है कि प्रशासन जल्द संयुक्त अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाने और पार्किंग व्यवस्था सुधारने पर काम करे। साथ ही, जाम वाले क्षेत्रों में स्थायी पुलिस चौकी या यातायात कर्मियों की तैनाती की जाए ताकि जनता को राहत मिल सके। यदि इसी तरह जिम्मेदार विभाग एक-दूसरे पर जिम्मेदारी टालते रहे, तो आने वाले दिनों में यह समस्या और विकराल रूप ले सकती है। नवंबर का महीना जहां सर्द हवाओं की शुरुआत लेकर आता है, वहीं ललितपुर में इस बार जाम की गर्मी लोगों को बेहाल कर रही है।

**सड़क पर ठेले और फुटपाथ पर खड़ी बाइक से बिगड़ा यातायात, जिम्मेदारी पर विभागों में तकरार**

नगर की सडक़ों पर दिन प्रतिदिन बढ़ता अतिक्रमण यातायात व्यवस्था को पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर रहा है। मुख्य बाजारों से लेकर गलियों तक जगह-जगह हाथ ठेले, फुटपाथ पर खड़ी मोटरसाइकिलें और दुकानदारों द्वारा सड़क पर रखा गया सामान न केवल राहगीरों के लिए परेशानी का कारण बन रहा है, बल्कि आए दिन जाम की स्थिति भी पैदा कर रहा है। सवाल यह उठता है कि आखिर इसकी जिम्मेदारी किसकी है कृ नगर पालिका की या यातायात पुलिस की? जानकारों के अनुसार सड़क पर खड़े वाहन या ठेले जहां सीधे तौर पर यातायात में बाधा उत्पन्न करते हैं, वहीं फुटपाथों और दुकानों के आगे किया गया अतिक्रमण नगर पालिका के दायरे में आता है। ऐसे में यह मुद्दा दोनों विभागों की साझा जिम्मेदारी बन जाता है। लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि दोनों विभाग एक-दूसरे पर जिम्मेदारी का ठीकरा फोड़ते नजर आते हैं। यातायात पुलिस का कहना है कि सड़क से अतिक्रमण हटाने का काम नगर पालिका का है, जबकि नगर पालिका यह कहकर पल्ला झाड़ लेती है कि सड़क यातायात व्यवस्था संभालना पुलिस की ड्यूटी है। शहर के लोगों का कहना है कि दोनों विभागों के बीच समन्वय की कमी के कारण आम जनता को परेशानी झेलनी पड़ रही है। सुबह और शाम के समय तो स्थिति इतनी गंभीर हो जाती है कि मुख्य बाजारों में पैदल निकलना तक मुश्किल हो जाता है। स्कूलों और अस्पतालों के आसपास खड़ी मोटरसाइकिलें व ठेले आम नागरिकों के लिए बड़ी समस्या बने हुए हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि नगर पालिका नियमित रूप से अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाए और यातायात पुलिस वाहन पार्किंग व्यवस्था को सख्ती से लागू करे तो स्थिति में सुधार संभव है। इसके साथ ही दोनों विभागों को संयुक्त कार्य योजना बनाकर कार्रवाई करनी होगी। जब तक नगर पालिका और यातायात पुलिस मिलकर सख्त कदम नहीं उठाते, तब तक सड़कों से ठेले, अतिक्रमण और अव्यवस्था का हटना मुश्किल है। जनता की अपेक्षा है कि प्रशासन इस समस्या को गंभीरता से ले और जल्द ही सड़कों से अतिक्रमण हटाकर सुचारू यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करे।

**यातायात पुलिस की जिम्मेदारी**

- सड़क पर वाहनों का आवागमन सुचारू रखना और जाम की स्थिति से निपटना यातायात पुलिस की जिम्मेदारी होती है।
- यदि सड़क पर हाथ ठेले, मोटरसाइकिल या वाहन खड़े होकर जाम उत्पन्न कर रहे हैं, तो यातायात पुलिस को उन्हें हटाने, चालान करने या टो करने का अधिकार है।
- मोटरसाइकिल या वाहन नो-पार्किंग में खड़े होने पर यातायात पुलिस कार्रवाई करती है।
- सड़क पर ठेला लगाने या वाहन खड़े करने से ट्रैफिक बाधित हो, तो यह सीधे यातायात पुलिस के अधिकार क्षेत्र में आता है।

**नगर पालिका की जिम्मेदारी**

- फुटपाथ, नाली के किनारे या दुकान के सामने अतिक्रमण हटाना नगर पालिका का कार्य है।
- दुकानदारों द्वारा दुकान के बाहर सामान रखना, टिनशेड बढ़ाना या फुटपाथ पर कब्जा करना नगर पालिका की अतिक्रमण-विरोधी टीम हटाती है।
- नगर पालिका अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही कर सकती है और जुर्माना वसूलने का अधिकार रखती है।

## ओबरा सोनभद्र में समरसता का अद्भुत संदेश श्री राम सेवा समिति ने एक साथ बैठाकर तोड़ी अमीर-गरीब की दीवार

**●संस्थापक पत्रकार अजीत प्रताप सिंह के नेतृत्व में हुआ सेवा समर्पण का 12वाँ शनिवार असहायों को भरपेट भोजन कराकर बनीं सच्ची सेवा भाव की मिसाल**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**ओबरा सोनभद्र-** उत्तर प्रदेश आज के दौर में जब समाज में आर्थिक असमानता की खाई लगातार चौड़ी होती जा रही है, जहाँ श्री राम सेवा समिति ने ओबरा (सोनभद्र) से एक नया और प्रेरणादायक संदेश दिया है। समिति ने अमीर और गरीब के बीच की हर दीवार को ध्वस्त करते हुए एक ऐसी अनूठी पहल शुरू की है, जहाँ सभी लोग बिना किसी भेदभाव के एक साथ खड़े होकर प्रभु का प्रसाद ग्रहण करने का कार्य कर रहे हैं। समिति का यह कार्य केवल भोजन वितरण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समरसता और सामाजिक एकता का प्रतीक बन गया है। इस पहल के माध्यम से यह दर्शाया जा रहा है कि सेवा और आध्यात्मिकता के मार्ग पर कोई भी व्यक्ति छोटा या बड़ा नहीं होता। श्री राम सेवा समिति का मुख्य ध्यान असहाय और भूखे व्यक्तियों को पेट भर पौष्टिक भोजन खिलाने पर केंद्रित है। निस्वार्थ सेवा भाव से प्रेरित होकर समिति के सदस्य प्रतिदिन सैकड़ों जरूरतमंदों को भरपेट भोजन उपलब्ध करा रहे हैं। यह कार्य केवल एक सामाजिक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि मानवीय मूल्यों और करुणा का जीवंत उदाहरण है, जो सच्ची सेवा की मिसाल कायम करता है। समिति के प्रयास यह साबित करते हैं कि सच्ची सेवा वही है जो बिना किसी प्रतिफल की अपेक्षा के केवल मानव कल्याण के उद्देश्य से की जाए। श्री राम सेवा समिति का यह कदम पूरे समाज के लिए एक प्रेरणा है कि हम सभी को मिलकर एक ऐसे समाज का निर्माण करना चाहिए, जहाँ भूख और अभाव से कोई भी व्यक्ति पीड़ित न हो। समाज और इंसानियत के प्रति अद्भुत मानवता का यह कार्य संस्थापक पत्रकार अजीत प्रताप सिंह के नेतृत्व में हो रहा है जो स्वयं समिति के अध्यक्ष भी हैं। उनके साथ एक समर्पित टीम इस महान मिशन को आगे बढ़ा रही है, जिसमें शामिल हैं उपाध्यक्ष पुष्पा दुबे, सचिव सरिता सिंह, कोषाध्यक्ष रीता कुमारी, संरक्षक सर्वेश दुबे, ओम प्रकाश सिंह, और बाबू राम सिंह पवन सिंह , संतोष साहनी समिति के सेवा कार्यो की श्रृंखला में, हाल ही में 12वें शनिवार के कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर महात्मा राम, दुलारे लाल बाबा जी ने स्वयं उपस्थित होकर अपना आशीर्वाद प्रदान किया, जिससे कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन हुआ। इसके अतिरिक्त विश्व हिंदू संघ के कार्यकर्ताओं ने भी इस पुण्य कार्य में सक्रिय रूप से अपना अमूल्य सहयोग दिया। समिति के अध्यक्ष अजीत प्रताप सिंह ने सभी सहयोगियों में महात्मा राम दुलारे लाल बाबा जी, विश्व हिंदू संघ के कार्यकर्ताओं,जिला संरक्षक ओमप्रकाश सिंह,नगर उपाध्यक्ष अविनाश सिंह, अनिल प्रताप सिंह, महामंत्री धीरज प्रजापति, व्यवस्था प्रमुख अनिल गुप्ता, समाजसेवी जयशंकर भारद्वाज और समस्त सदस्यों को हृदय से धन्यवाद एवं शुभकामनाएं अर्पित कीं, और अंत में स्वयं को प्रभु का दास कहकर अपनी बात समाप्त की।

## मजबूत लोकतंत्र के लिए शुद्ध वोटर लिस्ट अनिवार्य जिलाधिकारी बी.एन. सिंह ने मतदाताओं से विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान में सक्रिय भागीदारी की अपील की

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोनभद्र** - शुद्ध निर्वाचक नामावली (वोटर लिस्ट) के माध्यम से एक मजबूत लोकतंत्र की स्थापना के उद्देश्य से, जिला निर्वाचन अधिकारी बी.एन. सिंह ने जनपद के सभी मतदाताओं से अपील की है कि वे वर्तमान में चल रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान में सक्रिय रूप से अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने बताया कि मतदाता सूची से संबंधित गणना प्रपत्र (एन्यूमरेशन फॉर्म) का वितरण कार्य युद्धस्तर पर शुरू हो चुका है। बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) अपने-अपने क्षेत्रों में घर-घर जाकर यह महत्वपूर्ण गणना फॉर्म मतदाताओं को उप जिलाधिकारी, तहसीलदार और नायब तहसीलदार के नेतृत्व में वितरित कर रहे हैं। प्रत्येक मतदाता से अनुरोध है कि वे गणना फॉर्म को ध्यानपूर्वक भरें, उस पर अपने हस्ताक्षर करें और बिना किसी विलंब के बीएलओ को वापस सौंप दें। परिवार के वयस्क सदस्य की भूमिका यदि मतदाता घर पर उपलब्ध नहीं हैं तो परिवार का कोई भी वयस्क सदस्य सभी सदस्यों की जानकारी भरकर हस्ताक्षर सहित फॉर्म बीएलओ को दे सकता है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि जिन मतदाताओं के हस्ताक्षरित फॉर्म बीएलओ को समय पर प्राप्त हो जाएंगे, उनके नाम आगामी ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में सम्मिलित किए जाएंगे, जिसका प्रकाशन 9 दिसंबर 2025 को होगा। यह कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण है ताकि किसी भी पात्र नागरिक का नाम सूची से छूटने न पाए। यह सुनिश्चित किया गया है कि आगामी अंतिम मतदाता सूची 7 फरवरी 2026 को प्रकाशित होगी, जो पूरी तरह त्रुटिरहित और अद्यतन होगी। और जिन पात्र नागरिकों का नाम 2023 की मतदाता सूची में नहीं है, उनके लिए दूसरा चरण चलेगा। ईआरओ/एसडीएम कार्यालय द्वारा 9 दिसंबर के बाद नोटिस जारी कर सत्यापन किया जाएगा। सत्यापन के लिए मतदाता को यह प्रमाण देना होगा कि वह भारत का नागरिक है। इसके लिए कोई वैध दस्तावेज़ (जैसे आधार कार्ड, पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, बिजली बिल आदि) प्रस्तुत किया जा सकता है। ऐसे मतदाताओं के नाम, जिनकी मृत्यु हो चुकी है या जो स्थायी रूप से अन्य स्थान पर चले गए हैं, उनके परिवार के सदस्य येलो फॉर्म के माध्यम से बीएलओ को सूचना दें ताकि त्रुटिपूर्ण नाम सूची से हटाए जा सकें।जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से भी इस अभियान में सक्रिय रूप से सहयोग करने का आह्वान किया है, ताकि निर्वाचक नामावली अधिकतम सटीक और पारदर्शी बन सके। उन्होंने सभी मतदाताओं से सजग रहने की अपील की है।

## पत्रकार पर हमला करने वाले मिलावटखोर पुलिस ने दबोचे

**●नकली घी सप्लाई की खबर चलाने से भरा गया सेम्पल**

**पत्रकार की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने दर्ज की एफआईआर**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर।** जिले के अलावा अन्य राज्य व महानगरों में व्यापक पैमाने पर नकली घी खपाने वाले डेयरी संचालक ने बीते शनिवार को कवरेज करने जा रहे पत्रकार पर पतीले से जानलेवा हमला कर दिया। इस घटना के बाद से पत्रकारों में आक्रोश बना हुआ है। हालांकि पत्रकार की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। वहीं इस मामले को लेकर पत्रकारों ने दुकानदार के खिलाफ उच्च स्तरीय जांच करायी जाने की मांग भी उठाई है। एफआईआर दर्ज करने के बाद कोतवाली पुलिस ने हमलावर दोनों भाईयों को गिरफ्तार कर लिया है।

हमले में घायल भारत समाचार के संवाददाता संजीव नामदेव ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। उन्होंने बताया कि उसके द्वारा 7 नवम्बर को साहू दूध डेयरी में नकली घी की खबर कवरेज कर न्यूज चौनल पर चलायी गयी थी। इस खबर का संज्ञान लेकर फूड निरीक्षक द्वारा घी का सैंपल लिया था। अगले दिन 8 नवम्बर को अपराह्न करीब 1 बजे वह साहू दूध डेयरी के सामने से कवरेज करने के लिए जा रहे थे, तभी डेयरी के संचालक विशाल साहू पुत्र जगदीश साहू, विकास साहू ने अपने तीन-चार अज्ञात साथियों के साथ उसे रोक लिया और गालियां देते हुए कहने लगे कि जो न्यूज उनके द्वारा चलायी गयी, उससे उसे 50 हजार रुपये का नुकसान हो गया है, जो कि अब उससे ही वसूल किया जायेगा। आरोप है कि जबरन पत्रकार से मारपीट करने पर आमादा हो गये और विरोध करने पर उक्त लोगों ने एक राय होकर उन पर खौलता हुआ घी डालकर जलाने का प्रयास किया गया, जब इसमें असमर्थ हो गये तो उक्त लोगों ने पतीले से हमला कर दिया। पत्रकार ने बताया कि वह अपनी जान बचाकर किसी प्रकार वहां से भाग निकला। पत्रकार की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने विशाल साहू, विकास साहू व अन्य लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 191 (2), 352, 115 (2) व 119 (1) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

**दोनों भाईयों को पुलिस ने गिरफ्तार कर**

पत्रकार संजीव नामदेव पर हमला करने वाले तालाबपुरा जगदीश साहू के दोनों लड़कों में विशाल साहू व विकास साहू को कोतवाली पुलिस ने धर दबोचा है। एसपी मो.मुश्ताक के आदेश, एएसपी कालू सिंह व सीओ सदर अजय कुमार के संयुक्त पर्यवेक्षण में कोतवाली पुलिस ने दोनों हमलावरों को धर दबोचा है। पुलिस ने दोनों हमलावरों के खिलाफ बीएनएस की धारा 191(2), 352, 115(2), 119(1) बीएनएस के तहत एफआईआर दर्ज की है। हमलावरों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक अनुराग अवस्थी, उ.नि. रोहित कुमार, कां.अमित, कां. सूरज कुमार आदि शामिल रहे।

## बुलन्दशहर के एक ही परिवार के लोगों द्वारा एफपीओ बनाकर ललितपुर के किसानों से ठगी का कारोबार जारी

**●बानपुर तहसील का मामला बिना दस्तावेज चैक किये लगाई उपजिलाधिकारी महरौनी ने रिपोर्ट**

**जिलाधिकारी से किसान यूनियन की शिकायत के बाद फिलहाल एआर कोपरेटिव ने रोका मूंगफली का क्रय केन्द्र**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** सरकार कितने भी प्रयास कर ले परन्तु बुन्देलखण्ड के किसानों के हालत आज भी जस-के-तस है एक तरफ पृकृति की मार, दूसरी तरफ सूदखोरों की मार झेल रहे बुन्देलखण्ड का किसान जहाँ आज भी दो वक्त की रोटी के लिए मोहताज है वहीं आखिरी अधिकारियों और भ्रष्टचार की मार से उसे कोई भी नहीं बचा पाता। ऐसा ही एक मामला बुन्देलखण्ड के ललितपुर जिले में सामने आया है जहाँ समर्थन मूल्य योजनान्र्तगत कृषकों की आय को दोगुना करनें के लिए क्रय केन्द्र बनाये गये है इनमे से वासुदेवग्रीन फामर्र प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड की बात की जाये तो इसमें 10 डायरेक्टर में से 9 बुलन्दशहर के है जबकि नियमावली में इस बार सरकार की ओर से साफ कहॉ गया है कि एफ.पी.ओध्एफ.पीसी के क्रय केन्द्र केवल उसी तहसील व ताल्लुका एवं ब्लॉक में बनाये जाये जहाँ उनका कार्यालय है एवं ऐसी एफ.पी.ओ तीन बर्ष पुरानी हों व औसत टर्नओवर 1 करोड़ा हो। लेकिन ऐसा ललितपुर के 500 किलोमीटर दूर बैठे बिचौलियों को नागवारा गुजरा और आनन-फानन में लखनऊ स्थित पीसीयू के मुख्यालय में भ्रष्ट अधिकारियों से सेटिंग कर ललितपुर की बानपुर तहसील में क्रय केन्द्र बना दिया गया बड़ी बात ये है कि जिलाधिकारी महोदय द्वारा उक्त लखनऊ से अनुमोदित एफ.पी.ओ की जब जॉच करनें के लिए उपजिलाधिकारी महरौनी, सदर, मडावरा व पाली समेत तालबेहट को भेजा गया तो इनमें ये अधिकारी भी जॉच करनें में अक्षम साबित रहे और आनन-फानन में रिपोर्ट लगा दी गई। सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक ने तो एक बार भी इन एफ.पी.ओ के दस्तावेज चौक नहीं किये और दूर-दराज से आये बिचौलियों को एक बार फिर से बुन्देलखण्ड के कृषकों की जेब पर डाका डालनें का लायसेन्स स्वयं जनपद में बैंठे आला अधिकारियों द्वारा दे दिया गया। किसान यूनियन के प्रदेश उपाध्यक्ष लाखन निरंजन की शिकायत पर फिलहाल कुम्भकरण की नींद सोये प्रशासन की नींद खुली और आनन-फानन में दो क्रय केन्द्रों को रोक दिया गया। आपको बताते चले कि प्रमुख सचिव सहकारिता द्वारा कृषकों के हित में एफ.पी.ओध्एफ.पीसी को रजिस्टर्ड एड्रेस पर ही कार्य करनें की अनुमति प्रदान की गई लेकिन नियमो को तोड़-मरोड़ कर बिचौलियों द्वारा खरीफ सीजन की समर्थन मूल्य योजना की खरीदी में एड्रेस बुन्देलखण्उ के जिलों का करा लिया गया जिसे रवी सीजन में पश्चिम के तरफ का बदलवा दिया जायेगा लेकिन ये बिचौलिये स्वयं का एवं कृषकोंध्मेम्बर्स का नाम हटाना भूल गये ऐसी एफ.पी.ओ में आज भी डायरेक्टर बुलन्दशहर एवं झॉसी के दिखाई दे रहे है साथ ही कृषकोध्मेम्बर्स की सूची को जब सीए के माध्यम से उनकी आईडी से डाउनलोड कर-कर एमसीए के डाटा से देखा तो सभी मेम्बर्स बुलन्दशहर और गोरखपुर जैसे शहरों के दिखाई दिये।रहने की अपील की है।

## जांघ की हड्डी फीमर का जटिल ऑपरेशन मेडिकल कॉलेज में हुआ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर।** जिले के एक गांव में रहने वाले 22 वर्षीय राजीव प्रजापति पुत्र वीरेंद्र एक्सीडेन्ट उपरांत प्राइवेट चिकित्सालय में उपचार के बाद 21 अक्टूबर 2025 को चिकित्सा महाविद्यालय के आर्थोपेडिक विभाग में भर्ती किया गया। प्रारंभिक जांचों के उपरांत मरीज को दाहिने जांघ की हड्डी (फीमर) एवं झड़ी मेखला पेल्विस में जटिल फ्रैक्चर पाया गया। साथ में मरीज की एसपीओ ऑक्सीजन 60 प्रतिशत पर आ चुकी थी। मरीज को अविलंब उपचार हेतु आईसीयू में ट्रांसफर कर मेडिसिन विभाग के विभागाध्यक्ष डा. राजेश आर्या द्वारा परीक्षण किया गया। परीक्षण उपरांत डा. राजेश आर्या द्वारा फेट एमबोलिस्म (रक्त प्रवाह में वसा का प्रवेश कर फेफड़े में चिपक जाना) का तुरन्त उपचार किया गया। चार दिन गहन उपचार के बाद हडडी रोग विभाग की टीम ने जांघ की हडडी फीमर में छोटे वीस से नेल (रॉड) डालकर फीमर फ्रैक्चर का उपचार किया। द्वितीय चरण के ऑपरेशन में पेल्विस फ्रैक्चर का एक जटिल ऑपरेशन प्रक्रिया द्वारा प्लेट एवं लगाकर मरीज को सर्वोच्च श्रेणी का पूर्ण उपचार किया गया। विशेष उपलब्धता यह रही कि इस प्रकार का जटिल ऑपरेशन ललितपुर जिले में प्रथम बार हुआ है। उक्त ऑपरेशन के दौरान स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के आर्थोपेडिक्स विभाग की टीम में डा. सौरभ साहू सह आचार्य, डा.शुभम असाटी सहायक आचार्य, डा.एम.सी गुप्ता वरिष्ठ परामर्शदाता, डा.निरभय नारायण सिंह ऑर्थो सर्जन, डा.चेतनराज निश्चेतना विशेषज्ञ आदि शामिल थे। प्राचार्य डा.मयंक कुमार शुक्ला ने मरीज से बातचीत कर उसका हाल-चाल पूछा और आर्थोपेडिक्स विभाग की पूरी टीम को सफलतापूर्वक ऑपरेशन करने पर बधाई दी।

## जेल वार्डर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**●हिस्ट्रीशीटर को उपलब्ध कराया था सिम कार्ड**

**रंगदारी मांगने के लिए ज्ञानेन्द्र ढाका ने किया था इसी सिम का उपयोग**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर।** जेल में निरूद्ध बंदी ने बागपत के स्कूल प्रबंधक से फोन कर 20 लाख रुपये की रंगदारी मांगने के मामले में नया मोड आ गया है। कुख्यात हिस्ट्रीशीटर को नया सिम कार्ड उपलब्ध कराने वाले जेल वार्डर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इधर जमानत पर बाहर आये बंदी सतीश ने जेल वार्डर को सिम मुहैया करायी थी, उसे भी हिरासत में लिया गया था। अब प्रभारी जेल अधीक्षक की तहरीर पर पुलिस ने दोनों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने बताया कि जिला बागपत के थाना चांदीनगर स्थित ढिकौली गांव में रहने वाला ज्ञानेन्द्र ढाका पुत्र कृष्णपाल को 26 जून 2025 को ललितपुर जिला कारागार में लाया गया था। बीते दिनों कुख्यात हिस्ट्रीशीटर ज्ञानेन्द्र ढाका ने जेल से आधी रात के बाद बागपत के थाना दोघट अंतर्गत भडल में स्कूल संचालन कर रहे प्रबंधक कृष्णपाल राणा को फोन कर 20 लाख रुपये की रंगदारी मांगते हुए जान से मारने की धमकी दी थी। प्रकरण को लेकर बागपत थाने में शिकायत भी दर्ज की गयी थी। वहीं तलाशी लेने के बाद हिस्ट्रीशीटर ज्ञानेन्द्र ढाका ने जेल में निरुद्ध एक और बंदी पर चम्मच से हमला कर उसे घायल कर दिया था। यह सूचना जैसे ही ललितपुर पहुंची तो यहां पुलिस व प्रशासन अलर्ट हो गया और डीआईजी कारागार प्रदीप गुप्ता ने भी कारागार पहुंच कर जांच-पड़ताल की। डीएम सत्य प्रकाश व एसपी मो.मुश्ताक ने जेल पहुंच कर तीन घण्टे से अधिक समय तक पूछताछ और जांच की थी, जिसके बाद कई पहलू निकलकर सामने आये थे। प्रकरण को लेकर जांच चल रही थी, इसी बीच डीआईजी कारागार की प्राथमिक आख्या पर महानिदेशक कारागार ने प्रभारी जेल अधीक्षक जीवन सिंह, उप कारापाल प्रिंस बाबू व जेल वार्डर आकाश कुशवाहा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया था। इधर प्रभारी जेल अधीक्षक ने तहरीर देकर ज्ञानेन्द्र ढाका पर एफआईआर दर्ज कराई थी। जांच पड़ताल के दौरान प्रकाश आया कि हाल ही में जमानत पर रिहा हुये नदीपुरा निवासी सतीश को पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिस पर सतीश ने बताया कि उसने सिमकार्ड जेल वार्डर भईया जी उर्फ शिवराम के जरिए ज्ञानेन्द्र तक पहुंचाया था। पूछताछ के बाद प्रयागराज के थाना घूरपूर के ग्राम बगबना व हाल थाना नैनी के ग्राम खरकौनी और कारागार में तैनात जेल वार्डर भईयाजी उर्फ शिवराम पर कारागार अधिनियम की धारा 42ध्43 व बीएनएस की धारा 61 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया गया है। भईयाजी उर्फ शिवराम ने पूछताछ में बताया कि वह 1995 में उ.प्र.कारागार में जेल वार्डर पद पर नियुक्त हुआ था। कारागार ललितपुर में तैनाती के दौरान उसकी मुलाकात बंदी ज्ञानेन्द्र ढाका व सतीश से हुयी। ज्ञानेन्द्र ने सतीश से जो कि पहले से बंदी था से सिम कार्ड उपलब्ध कराने की बात कही, जिस पर सतीश ने जेल से छूटने पर सिम देने की बात कही। जेल वार्डर भईया उर्फ शिवराम को सतीश ने सिम कार्ड दिया, जो कि उसने ज्ञानेन्द्र तक पहुंचाया। जेल वार्डर को पकडने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक अनुराग अवस्थी, उ.नि.संजय दुबे व कां.अमित शामिल रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### युवती को लेकर विवाद में युवक को पीट - पीट कर मार डाला

**कानपुर।** दिनांक 8.11.2025 को थाना रावतपुर पुलिस को सूचना मिली कि गोपाला टॉवर के पास दो पक्षों में मारपीट हो रही है। पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। सीसीटीवी फुटेज में यह स्पष्ट हुआ कि लकी अपने दो साथियों के साथ पैदल जा रहा था, तभी दो मोटरसाइकिलों पर सवार चार युवकों रोहित चौहान, अंकुर, मोहित और अभय ने उन पर हमला किया।घायल लकी को परिजनों द्वारा पहले निजी अस्पताल और बाद में कार्डियोलॉजी हॉस्पिटल ले जाया गया, जहाँ उसे मृत घोषित कर दिया गया।मृतक के परिजनों की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। एक मुख्य अभियुक्त गिरफ्तार है, अन्य की तलाश जारी है। घटनास्थल का निरीक्षण फॉरेंसिक और फील्ड यूनिट द्वारा किया गया है। प्रारंभिक जांच में विवाद का कारण किसी युवती को लेकर बताया जा रहा है, जिसकी गहराई से जांच की जा रही है।

### डीसीपी के नेतृत्व में पुलिस का व्यापक तलाशी अभियान



**कानपुर।** पुलिस आयुक्त के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में चलाए जा रहे वांछित अपराधियों के विरुद्ध धड़-पकड़ अभियान के अंतर्गत डीसीपी दक्षिण दीपेंद्र नाथ चौधरी के नेतृत्व में थाना बाबू पुरवा क्षेत्र में व्यापक चेकिंग एवं तलाशी अभियान संचालित किया गया। टीम द्वारा क्षेत्र में सक्रिय वांछित व भगोड़े अपराधियों के संभावित ठिकानों पर दबिश दी गई। कई संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गई तथा उनके पहचान पत्र एवं आपराधिक पृष्ठभूमि की गहन जाँच की गई । पुलिस टीम ने क्षेत्र के प्रमुख मार्गों, चौराहों, गली-मोहल्लों एवं संवेदनशील स्थानों पर भी सघन चेकिंग अभियान चलाया। वाहनों की तलाशी, संदिग्ध व्यक्तियों की स्क्रीनिंग, तथा स्थानीय निवासियों से संवाद स्थापित कर अपराध नियंत्रण के प्रति जागरूकता भी बढ़ाई गई।

### हमीरपुर रोड रेलवे स्टेशन पर स्थाई जीआरपी थाना बनाएं जानें की अधिवक्ता संघ की मांग




**घाटमपुर-** कानपुर सेंट्रल से बांदा रेलवे स्टेशन के मध्य हमीरपुर रोड रेलवे स्टेशन पर ,स्थाई जीआरपी थाना बनाएं जानें की अधिवक्ता संघ की मांग, जनपद हमीरपुर का हमीरपुर रोड रेलवे स्टेशन हमीरपुर मुख्यालय का जनपदीय रेलवे स्टेशन हैं आपको बताते चलें कि सभी जिलों के एक रेलवे स्टेशन पर जीआरपी थाना स्थापित होता है, जबकि आज तक हमीरपुर जिले का हमीरपुर रोड रेलवे स्टेशन पर जीआरपी थाना स्थापित नहीं किया गया, जिससे रेलवे स्टेशन पर आने जाने वाले यात्रियों की सुर क्षा सुनिश्चित नहीं हो सकी, तथा हमीरपुर रेलवे का राजस्व भी दूसरे जनपद में जाता है,इस कारण से हमीरपुर रोड रेलवे स्टेशन पर जीआरपी थाना की स्थापना व निमार्ण किया जाना आवश्यक है,व न्यायोचित है, साथ ही स्टेशन परिसर में क्षेत्रीय जनता की आवश्यकता नुसार टीन शेड की व्यवस्था,पानी, बाथरूम आदि की व्यवस्था न होने से क्षेत्रीय जनता में आक्रोश है उपस्थित सदस्यों में उदय नारायण एडवोकेट, कपिल देव सिंह, वेदप्रकाश आर्य, दिनेश, जयदेव सिंह एडवोकेट, कमलेश शुक्ला पत्रकार, शिवम् राजपूत, निहाल सिंह, आदि लोग उपस्थित रहे।

### पराली जलाने से लगी आग, 10 बीघे गन्ना जला

**उतरौला।** क्षेत्र के बांदीजोत गांव में पराली जलाने से लगी आग से दो एकड़ गन्ने की फसल जलकर राख हो गई। ग्रामीणों के प्रयास के बाद आग पर काबू पाया जा सका। दोपहर खेत में पराली जलाने के दौरान अचानक हवा के तेज झोंकों से आग पास की गन्ने की फसल में फैल गई। देखते ही देखते पूरी फसल धू-धू कर जल उठी। आग लगने की सूचना पर आसपास के भुरकुंडा और बांदीजोत गांव के लोग मौके पर पहुंचे। जेडी पैंथर, राम निवास, राम प्रताप समेत दर्जनों ग्रामीणों ने पानी और बालू डालकर आग बुझाने की कोशिश की। इसी बीच सूचना पर पहुंची दमकल गाड़ी से प्रेशर न बनने के कारण पानी का छिड़काव नहीं हो सका। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

# भारत के राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम् की 150 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में समारोह आयोजित किया गया

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**घाटमपुर-** कानपुर नगर जनपद की तहसील घाटमपुर में स्थित निवेली उत्तर प्रदेश पावर लिमिटेड भारत के राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम् की 150 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आज एनयूपीपीएल परियोजना परिसर में एक गरिमापूर्ण उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया,इस समारोह में प्रमुख रूप से थे प्रसन्न कुमार मोटुपल्ली,सीएमडी एनएलसी इंडिया लिमिटेड,एम वेकटाचलम, निदेशक पावर, एनएलसीआईएल,दुरई कुमार सीईओ एनयूपीपीएल, अशोक माली सीएफओ एनयूपीपीएल,जीएम एनयूपीपीएल, डीजीएमएसएस, अन्य कार्यकारी, डीसी सीआईएसएफ सागर राय, तथा परियोजना के समस्त श्रमिक एवं कर्मचारी वर्ग, कार्यक्रम की शुरुआत समारोहिक रूप से वंदे मातरम के सामूहिक गायन से हुई,जैसा कि मिनिस्ट्री ऑफ कल्चर, इंडिया,की दिशा निर्देशानुसार निर्धारित था इसके बाद उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने देश भक्ति एवं समर्पण की भावना को पुनर्जीवित करते हुए इस महत्वपूर्ण अवसर का साक्षात् अनुभव किया, प्रसन्न कुमार मोटुपल्ली ने अपने संबोधन में वंदे मातरम के भारत के स्वतंत्रता सग्राम में ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डाला, उन्होंने बताया कि यह गीत केवल एक गान नहीं, बल्कि मातृभूमि के प्रति समर्पण, बलिदान एवं एकता का प्रतीक रहा है, कार्यक्रम का एक महत्वपूर्ण क्षण था,जब समस्त उपस्थितो ने10 बजें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा लाइव प्रसारण के माध्यम से सम्बोधन देखा,और उसके उपरांत वंदे मातरम गीत का सस्वर व सामूहिक गायन हुआ,इस गीत ने स्वतंत्रता सग्राम में प्रेरणा केंद्र का काम किया,और आज भी देश की एकता एवं सम्मिलित भावना को जगाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है,निवेली उत्तर प्रदेश पावर लिमिटेड, एनयूपीपीएल, प्रबंधन द्वारा यह सुनिश्चित किया गया है कि आगे आने वाले समय में इस तरह के कार्यक्रम नियमित आयोजित हो एवं प्रत्येक कर्मचारी, श्रमिक वर्ग इस महान अवसर पर शामिल हो।

## दो आरोपियों के खिलाफ मारपीट के आरोप में मुकदमा दर्ज

**लालगंज, प्रतापगढ़।** रंजिश से चलते युवक की पिटाई के मामले में दो आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। सांगीपुर थाना के नवहाजया निवासी शुभम जायसवाल पुत्र श्रीराम जयसवाल ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती शनिवार को रंजिशन सुबह 9 बजे गांव के अभिजीत सिंह पुत्र अरुण कुमार व एक अज्ञात ने उसके घर पर पहुंच कर गाली-गलौज किया। विरोध करने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए चले गये। आरोप है कि दोपहर 2 बजे के करीब वह सुख का पुरवा में ट्रैक्टर लेकर खेत की जुताई करने गया था। इसी बीच आरोपी अभिजीत सिंह पुत्र अरुण कुमार, शिवम सत्यम पुत्र राम सजीवन जायसवाल ने लाठी डंडा से मारपीट कर उसे घायल कर दिया। सांगीपुर थानाध्यक्ष मनीष कुमार त्रिपाठी ने बताया कि शिकायत पर केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# सिद्धार्थनगर में संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता का शव छत की कुंडी से लटकता हुआ मिला

**● मृतका के भाई ने पुलिस को तहरीर देकर कि कार्रवाई की मांग**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**सिद्धार्थनगर।** जिले के मोहाना थाना क्षेत्र के ग्राम बगही के टोला हरपौली में रविवार की सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में एक विवाहिता का शव घर के अंदर छत की कुंडी से लटकता मिला है। मृतका के मायके वालों ने हत्या की आशंका व्यक्त कर जांच कि मांग की है।मौके से फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य एकत्र किया है। मोहाना थाना क्षेत्र के लकडा गांव निवासी सोभई की पुत्री सीरावत की शादी 10 वर्ष पूर्व मोहाना थाना क्षेत्र के हरपौली निवासी चीनक के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही पति-पत्नी में आये दिन बात बात पर झगड़ा होता रहता था। दो बच्चियां भी हैं। शनिवार की रात भी दोनों के बीच कहा सुनी हुई थी। उसके बाद चिनक की पत्नी अपने कमरे में सोने चली गई। सुबह घरवालों ने सीरावत का शव कमरे के अंदर फंदे से लटका देखा। किसी ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मोहाना पुलिस मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के भाई मलखान ने मोहाना थाना पर तहरीर देते हुए सीरावत का हत्या कर शव कुंडी में लटकाये जाने की आशंका व्यक्त की है। इस संबध में थानाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह ने बताया शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। फोरेंसिक टीम ने भी साक्ष्य जुटाया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने बाद स्थिति स्पष्ट हो जाएगी। तहरीर मिला है आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# जिलाधिकारी ने छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य एवं कोचिंग सेन्टर निगरानी को लेकर की बैठक

**●विद्यालयों व कोचिंग संस्थानों में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता एवं हेल्पनम्बर प्रचारित करायें**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**प्रतापगढ़।** छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य एवं कोचिंग सेन्टर वन नियमों की निगरानी एवं कार्यान्वयन को लेकर जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने कड़ा रुख अपनाया है। इस संबंध में गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक शनिवार को सायंकाल कैम्प कार्यालय सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि विद्यालयों, कोचिंग संस्थानों एवं छात्रावासों में छात्रों की मानसिक स्थिति पर विशेष ध्यान दिया जाय और सुसाइड के मामलों की गहन जांच-पड़ताल की जाय। उन्होंने सीओ सिटी को ऐसे सभी मामलों की निगरानी करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि एंटी रोमियो टीम, एस्कॉर्ट टीम तथा साइबर क्राइम सेल समय-समय पर विद्यालयों, कोचिंग संस्थानों, छात्रावासों का निरीक्षण करें, ताकि किसी भी प्रकार की अवांछित गतिविधि या मानसिक उत्पीड़न की स्थिति को समय रहते रोका जा सके। मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों और चिकित्सकों को निर्देशित किया गया कि वे सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुसार विद्यालयों, कोचिंग संस्थानों, छात्रावासों में वर्कशॉप आयोजित करें, जिससे छात्रों में मानसिक संतुलन बनाए रखने और तनाव प्रबंधन की जानकारी दी जा सके। इसके साथ ही ऐसे छात्रों का चिन्हांकन भी किया जाय जो मानसिक रूप से अस्वस्थ या तनावग्रस्त प्रतीत हों। जिला विद्यालय निरीक्षक ओमकार राणा को निर्देश दिया गया कि वे सभी विद्यालयों, कोचिंग सेंटरों एवं छात्रावासों को शासनादेश में दिए गये निर्देशों के अनुरूप सर्कुलर पत्र जारी करें। जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि मानसिक स्वास्थ्य हेल्पलाइन नंबर 14416 और 18008914416 का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाय ताकि जरूरतमंद छात्र तत्काल सहायता प्राप्त कर सकें। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि ये हेल्पलाइन नंबर प्रत्येक विद्यालय, कोचिंग सेंटर और छात्रावास की दीवारों पर बड़े अक्षरों में लिखवाए जाय, जिससे छात्रों को आवश्यकता पड़ने पर सहायता प्राप्त करने में कोई कठिनाई न हो। जिलाधिकारी ने कहा, "छात्र हमारे भविष्य हैं। उनके मानसिक स्वास्थ्य की सुरक्षा हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है। प्रशासन हर संभव कदम उठाएगा ताकि कोई भी छात्र तनाव या दबाव के कारण गलत कदम न उठाए।"

## पुलिस अधीक्षक के आदेश पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**लालगंज, प्रतापगढ़।** दूसरी शादी करने के बाद पहली पत्नी को ससुराल से मारपीट कर घर से भगाने के मामले में आरोपी पति के खिलाफ केस दर्ज हुआ है।सांगीपुर थाना क्षेत्र के धनऊ का पुरवा पहाड़पुर निवासी मातुल निशा पुत्री मोहम्मद जबरैल ने पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायत प्रार्थना पत्र में कहा है कि उसका निकाह वर्ष 2012 में लीलापुर थाना क्षेत्र के डांडी निवासी मोहम्मद निसार के साथ मुस्लिम रीति रिवाज से हुआ है। उसकी शादी में छः लाख रुपये खर्च हुए। शादी के बाद से उसके दो बच्चे भी हुए। आरोप है कि डेढ़ साल पहले पति निसार ने दूसरी शादी कर ली और प्रतापगढ़ शहर में किराए के आवास में रहने लगा। आरोप है कि पति ने उसका जेवर व कीमती सामान छीनकर ससुराल से भगा दिया। इसके बाद से वह अपने दोनों बच्चों के साथ मायके में रह रही है। सांगीपुर थानाध्यक्ष मनीष कुमार त्रिपाठी ने बताया कि एसपी के आदेश पर केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## जीवन का परम कर्तव्य है भगवान के दिव्य चरित्र का अनुसरण करना- ओमानंद महराज

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**लालगंज, प्रतापगढ़।** विकासखंड लक्ष्मणपुर के कोठार मंगोलपुर सगरा सुन्दरपुर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। कथा व्यास ओमानंद महाराज ने बताया कि भगवान के अवतार हमें मानव जीवन जीने के आदर्शों की शिक्षा देते हैं।अवतारों के जन्म के समय में भी एक गहन आध्यात्मिक संकेत छिपा है। ?भगवान श्रीराम का जन्म ठीक दोपहर 12 बजे हुआ, जो प्रकाश, मर्यादा और स्पष्टता का प्रतीक है। ?भगवान श्रीकृष्ण का जन्म ठीक मध्यरात्रि 12 बजे हुआ, जो गहनता, रहस्य और ज्ञान का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि नवमी तिथि का अर्थ है अंक नौ का पूर्ण होना। इसका आध्यात्मिक तात्पर्य है कि जब जीवात्मा उस परमात्मा से मिलती है, तो वह भी पूर्ण और परिपूर्ण हो जाती है। कथा व्यास ने बताया कि प्रत्येक मानव के जीवन का परम और सर्वोपरि कर्तव्य यह है कि वह भगवान के दिव्य चरित्र का अनुसरण करे। भगवान के दैवीय गुणों को अपनाते हुए देवत्व को प्राप्त हो। कथाव्यास ओमानंद ने श्रद्धालुओं से कहा कि पवित्र कथाओं का श्रवण कर उसे आत्मसात करें और अपने भीतर की आसुरी वृत्तियों को जीवन से पूर्णतः निकाल दे। शुद्ध और चैतन्य भाव को प्राप्त कर हरि की शरण में जाकर जीवन को कृतार्थ करे। मुख्य आयोजक डॉ. हरिश्चंद्र शुक्ल व सरोज शुक्ल ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच व्यासपीठ का पूजन किया। इस मौके विश्वम्भर नाथ शुक्ल, राजेंद्र प्रसाद शुक्ल, उमेश शुक्ल, प्रतीक शुक्ल, शिवशंकर, रत्नाकर तिवारी, संजय शुक्ल आदि मौजूद रहे।

# पुलिस कर्मियों को दिया गया सीपीआर का प्रशिक्षण

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**चित्रकूट-** खोह स्थित पुलिस लाइन के कान्हा सभागार में वाराणसी के राजकीय चिकित्सा अधिकारी डॉ शिवशक्ति प्रसाद द्विवेदी ने पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह सहित सभी पुलिस अधिकारियो एवं कर्मचारियों को दी सीपीआर का प्रशिक्षण दिया। इस दौरान एसपी ने सीपीआर का अभ्यास किया। प्रशिक्षण के दौरान राजकीय चिकित्सा अधिकारी डॉ शिवशक्ति प्रसाद द्विवेदी ने कहा कि कोरोना के बाद कार्डियक अरेस्ट के मामलों में बेतहाशा बढ़ोतरी हुई है। आजकल व्यायाम और नृत्य करते समय भी लोगों को दिल का दौरा पड़ रहा है। ऐसी घटनाओं में देश के विभिन्न हिस्सों में कई लोगों की जान भी जा चुकी है। ऐसे समय में सीपीआर देने की जानकारी अधिक से अधिक लोगों को होनी चाहिए। बताया कि कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन (सीपीआर) एक आपातकालीन प्रक्रिया है, जो किसी व्यक्ति की सांस या दिल के रुकने पर उसकी जान बचाने में मदद कर सकती है। जब किसी व्यक्ति का दिल धड़कना बंद कर देता है, तो उसे कार्डियक अरेस्ट कहते हैं। कार्डिएक अरेस्ट के दौरान हृदय, मस्तिष्क और फेफड़ों सहित शरीर के बाकी हिस्सों में रक्त पंप नहीं कर सकता है। इस दौरान इलाज नहीं मिलने पर मिनटों में ही व्यक्ति की मौत हो सकती है। बताया कि कार्डियक अरेस्ट के मरीज के लिए पहला तीन मिनट गोल्डन टाइम होता है। इस दौरान अगर मस्तिष्क को ऑक्सीजन नहीं मिलता तो व्यक्ति ब्रेन डेथ का शिकार हो सकता है। इस समय मरीज को सीपीआर (कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन) दिया जाए तो उसकी जान बचाई जा सकती है। बताया कि सीपीआर एक मेडिकल थेरेपी की तरह है। जो कार्डियक अरेस्ट आने पर मरीज को देते हुए अस्पताल पहुंचाया जाता है। बताया कि मरीज को तब तक सीपीआर देते रहना चाहिए जब तक एंबुलेंस न आ जाए या मरीज अस्पताल या विशेषज्ञ चिकित्सक के पास नहीं पहुंच जाए। ऐसा करने से मरीज के बचने की संभावना बहुत बढ़ जाती है। बताया कि अगर व्यक्ति की सांस सा धड़कन रुक गई है तो ऑक्सीजन की कमी से शरीर की कोशिकाएं बहुत जल्द खत्म होने लगी है। इसका असर मस्तिष्क पर भी पड़ता है। सही समय पर सीपीआर और इलाज शुरू नहीं होने पर व्यक्ति की मौत भी हो सकती है। इस विधि से व्यक्ति की सांस वापस लाने तक या दिल की धड़कन सामान्य हो जाने तक छाती को विशेष तरीके से दबाया जाता है। उन्होंने डमी मानव शरीर पर सीपीआर (कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन) का लाइव प्रशिक्षण देते हुए बताया कि सीपीआर के लिए सबसे पहले पीड़ित को किसी ठोस जगह पर लिटा दिया जाता है और प्राथमिक उपचार देने वाला व्यक्ति उसके पास घुटनों के बल बैठकर उसकी नाक और गला चेक कर यह सुनिश्चित करता है कि उसे सांस लेने में कोई रुकावट तो नहीं है। इसके बाद अपने दोनों हाथों की मदद से विशेष तरीके से एक मिनट में 100 से 120 बार छाती के बीच में तेजी से दबाना होता है। हर एक पुश के बाद छाती को वापस अपनी सामान्य स्थिति में आने देना चाहिए। इससे शरीर में पहले से मौजूद रक्त को हृदय पंप करने लगता है। 30 बार पुश करने के बाद मुंह पर साफरूमाल रखकर दो बार सांसें दी जाती हैं। जिससे शरीर में रक्त का प्रवाह शुरू होता है और मस्तिष्क को ऑक्सीजन मिलने लगती है। पुलिस अधीक्षक ने इस प्रशिक्षण का अभ्यास करते हुए कहा कि सीपीआर एक जीवन रक्षक प्रणाली है, जिसे आम जनमानस को सीखना बहुत जरूरी है। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक सत्यपाल सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर अरविन्द वर्मा, क्षेत्राधिकारी राजापुर राजकमल, क्षेत्राधिकारी कार्यालय यामीन अहमद, क्षेत्राधिकारी मऊ फ्हद अली, प्रतिसार निरीक्षक रामशीष यादव, पीआरओ प्रदीप पाल, सूबेदार राकेश समाधिया सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# सीआईएसएफ बल को नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पर बल की तैनाती

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**घाटमपुर-** कानपुर नगर जनपद की तहसील घाटमपुर में निवेली उत्तर प्रदेश पावर लिमिटेड में तैनात केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, यूनिट,का औपचारिक अधिष्ठान समारोह नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आयोजित किया गया,और इसमें सीआईएसएफ के महानिदेशक,प्रवीर रंजन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे,इस कार्यक्रम में विनीता ठाकुर,अपर महानिदेशक,एपीएस,भी उपस्थित थीं, समारोह के दौरान कैप्टन बी, वी, जे,के, शर्मा, सीईओ, एनएमआईए,ने प्रतीकात्मक रूप से हवाई अड्डे की चाबियां सुनीत शर्मा वरिष्ठ कमांडेंट, एवं एमएनआईए,के चीफ एयरोड्रम सिक्योरिटी आफीसर, सीएएसओ, को सौंपी, उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए सीआईएसएफ के महानिदेशक प्रवीर रंजन,ने कहा सीआईएसएफ वैश्विक मानकों के अनुरूप एनएमआईए में विमानन सुरक्षा के उच्चतम मानकों सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है, हमारे बल सदस्य पहले दिन से ही एक सुरक्षित कुशल और यात्री अनुकूल वातावरण प्रदान करने के लिए प्रशिक्षित, सुसज्जित और तैयार हैं,इस अवसर पर कैप्टन बीवीजेके शर्मा, सीईओ एनएमआईएएल,ने कहा कि हमें नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सीआईएसएफ का स्वागत करते हुए खुशी हो रही है, सीआईएसएफ का शामिल होना यात्रियों के स्वागत के लिए एन एम आई ए की तैयारी में एक बड़ा कदम है जो यात्रियों को विश्व स्तरीय यात्री अनुभव प्रदान करते हुए यात्री सुरक्षा और हवाई अड्डे की सुरक्षा के उच्चतम मानकों को बनाए रखने के लिए हमारी साझा प्रतिबद्धता को दर्शाता है, सीआईएसएफ पूरे हवाई अड्डे और उससे जुड़ी सुविधाओं के

के व्यापक सुरक्षा कवच प्रदान करेगा, डिप्टी कमांडेंट सूरज राय घाटमपुर यूनिट ने बताया कि 1840 कर्मियों की संख्या के मुकाबले शुरूआती 900कर्मियो की तैनाती की गई, जिसे हवाई अड्डे पर यार्ती और कार्गो संचालन में वृद्धि के अनुरूप चरणबद्ध रूप से बढ़ाया जाएगा,, सीआईएसएफ अब अपने एविएशन सिक्योरिटी ग्रुप,एएसजी के तहत देशभर के 71 हवाई अड्डों को सुरक्षा प्रदान कर रहा है घाटमपुर केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल घाटमपुर यूनिट के डिप्टी कमांडेंट सूरज राय ने बताया कि,900 कर्मियों की प्रारंभिक तैनाती के साथ चरणबद्ध तरीके से बल का अधिष्ठापन किया जाएगा।

## संसद सत्र समयावधि घटाना मोदी सरकार का अक्षम्य अलोकतांत्रिक कदम - प्रमोद तिवारी

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**लालगंज, प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने संसद के आगामी सत्र संचालन की समयावधि घटाये जाने को लोकतंत्र के लिए गंभीर चिंता करार दिया है। उन्होने कहा कि एक दिसंबर से मोदी सरकार ने महज तीन सप्ताह का संसद सत्र आहूत कर महत्वपूर्ण मुद्दो पर चर्चा कराने को लेकर गैरजवाबदेही का परिचय दिया है। उन्होने कहा कि संसदीय परंपरा रही है कि संसद की कार्यवाही छः सप्ताह हुआ करती थी। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि इधर कई वर्षो से संसद का सत्र चार सप्ताह रहा है। उन्होने कहा कि चिंताजनक है कि इस बार मोदी सरकार ने इसे महज तीन सप्ताह में सीमित कर दिया। विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 75 में प्रधानमंत्री व मंत्रिमण्डल संसद के प्रति उत्तरदायी है। उन्होने कहा कि इसके बावजूद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व जिम्मेदार केन्द्रीय मंत्री संसद की कार्यवाही में नजर नहीं आते हैं। उन्होने कहा कि पीएम मोदी लोकतंत्र की परिपाटी और सामूहिक उत्तरदायित्व के सिद्धांत का घोर उल्लंघन कर रहे हैं। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा है कि संसद सत्र में विपक्ष लोकतंत्र में लोगों के वोट के अधिकार को सुरक्षित रखने के लिए एसआईआर पर मोदी सरकार की जवाबदेही सुनिश्चित करायेगा। राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि एसआईआर, अमेरिकी टैरिफ, एच - वन बीजा, मंहगाई, कमजोर विदेश नीति जैसे ज्वलंत राष्ट्रीय मसलों पर संसद में चर्चा से बचने के लिए सत्र का समय घटाने का असंसदीय व गैर लोकतांत्रिक हथकंण्डा अख्तियार कर रही है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी का बयान रविवार को मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश शुक्ल के हवाले से निर्गत हुआ है।

## तस्करी पर कार्रवाई में दो करोड़ से अधिक नकदी, गांजा और स्मैक बरामद

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के कुशल निर्देशन में थाना मानिकपुर पुलिस द्वारा मादक पदार्थो की तस्करी में लिप्त एक अंतर्राज्यीय गिरोह के विरुद्ध बड़ी कार्यवाही की गई।थाना मानिकपुर पुलिस ने शनिवार को मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त एक सक्रिय गिरोह के विरुद्ध बड़ी कार्यवाही करते हुए जेल में बंद गैंग सरगना राजेश मिश्रा के ठिकाने पर छापा मारा। दबिश के दौरान पुलिस ने उसके घर से 2,01,55,345 रूपये नकद, 6.075 किलोग्राम गांजा तथा 577 ग्राम स्मैक (हेरोइन) बरामद की। इस कार्रवाई में गिरोह की सरगना की पत्नी रीना मिश्रा, पुत्र विनायक मिश्रा, पुत्री कोमल मिश्रा, रिश्तेदार अजीत कुमार मिश्रा व यश मिश्रा को गिरफ्तार किया गया। बरामदगी की कुल अनुमानित कीमत 3 करोड़ रूपये से अधिक आंकी गई है। इसके पहले भी राजेश और रीना के यहां 3,06,26,895.50 रूपये की संपत्ति की कुर्की की जा चुकी है।पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के निर्देश पर हुई इस कार्यवाही ने मादक पदार्थ तस्कर गैंग की कमर तोड़ने का काम किया है । कार्यवाही को थाना स्तर की अब तक की सबसे बड़ी तस्करी विरोधी छापेमारी की कार्रवाई की गई है।जांच में पता चला कि गिरोह का संचालन जेल में बंद राजेश मिश्रा द्वारा अपने परिवार के माध्यम से किया जा रहा था, जो नशे के कारोबार का नेटवर्क गांव और आस-पास के क्षेत्रों तक फैला चुका था।दबिश के दौरान जब पुलिस टीम घर पहुंची तो अभियुक्ता रीना मिश्रा ने दरवाजा अंदर से बंद कर लिया। जब दरवाजा खोला गया, तो वहां अंदर पांच लोग काले पन्नियों में मादक पदार्थ छिपाने का प्रयास करते मिले। तलाशी में गांजा, स्मैक और 2.01 करोड़ रूपये से अधिक नकदी बरामद की गई। पूछताछ में अभियुक्तों ने स्वीकार किया कि वे लंबे समय से नाजायज मादक पदार्थों की खरीद-फरोख्त कर रहे हैं और जेल में बंद राजेश मिश्रा इस गिरोह को जेल से ही निर्देश देता था।पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि रीना मिश्रा व उसके पुत्र विनायक मिश्रा ने अपने पति राजेश मिश्रा की जेल से जमानत कराने के लिए एक व्यक्ति के नाम पर फर्जी दस्तावेज तैयार कर अदालत में प्रस्तुत किये और धोखाधड़ीपूर्वक जमानत स्वीकृत कराई। इस मामले में थाना मानिकपुर में अभियोग पंजीकृत किया गया है।गिरफ्तार अभियुक्ता रीना मिश्रा के विरुद्ध गैंगेस्टर एक्ट व एनडीपीएस एक्ट समेत कई प्रकरण पहले से दर्ज हैं। वहीं, उसका पुत्र विनायक मिश्रा भी हाल में एनडीपीएस एक्ट से जुड़े मामलों में अभियुक्त है। पूर्व में थाना मानिकपुर पर पंजीकृत मुकदमा धारा 2/3 उ0प्र0 गिरोहबंद एवं असामाजिक गतिविधि (निवारण) अधिनियम के अंतर्गत अभियुक्त/गैंग लीडर राजेश मिश्रा पुत्र रामजी मिश्रा एवं उसकी पत्नी श्रीमती रीना मिश्रा निवासी ग्राम मुन्दीपुर थाना मानिकपुर जनपद प्रतापगढ़ की अवैध स्त्रोतों से अर्जित चल-अचल संपत्तियाँ, जिसकी अनुमानित कीमत 3,06,26,895.50 रूपये है, वैधानिक प्रक्रिया के अंतर्गत कुर्क की जा चुकी है। उक्त प्रकरण में तस्करी का भंडाफोड़ कर भारी मात्रा में नकदी व मादक पदार्थ बरामद करने वाली थाना मानिकपुर पुलिस टीम के उत्कृष्ट कार्य, त्वरित तत्परता एवं उच्चस्तरीय पेशेवर दक्षता को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ श्री दीपक भूकर द्वारा टीम को 25,000 रुपये का नकद पुरस्कार प्रदान किया गया।

## क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में प्रतापगढ़ की टीम विजयी

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**प्रतापगढ़।** अंतरजनपदीय क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतर्गत रविवार को फाइनल क्रिकेट मुकाबला प्रतापगढ़ बनाम बांदा के बीच अत्यंत रोमांचक माहौल में खेला गया। टॉस जीतकर बांदा टीम ने पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए प्रतापगढ़ टीम ने शानदार प्रदर्शन किया और निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 187 रन बनाए। प्रतापगढ़ की ओर से ओपनर नरेंद्र (45 रन), अनुभव (14 रन) तथा कप्तान अशोक यादव (40 रन) ने उत्कृष्ट बल्लेबाजी की। वहीं गेंदबाजी में बांदा के सुनील पाल ने 4 ओवर में 2 विकेट झटके।लक्ष्य का पीछा करने उतरी बांदा टीम ने संघर्षपूर्ण खेल दिखाया, किंतु निर्धारित 20 ओवर में 5 विकेट पर 177 रन ही बना सकी और यह मुकाबला प्रतापगढ़ टीम ने 10 रनों से अपने नाम किया। बांदा की ओर से आगमन त्रिवेदी (54 रन), विक्रम (34 रन), अजीत (29 रन) एवं पवन (27 रन) ने सराहनीय बल्लेबाजी की। प्रतापगढ़ के अनुभव ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 ओवर में 32 रन देकर 2 विकेट लिए और लॉन्ग ऑफ दिशा में एक बेहतरीन कैच पकड़कर सभी का ध्यान आकर्षित किया। सर्वांगीण प्रदर्शन के लिए अनुभव को "मैन ऑफ द मैच" घोषित किया गया।इस जीत के साथ प्रतापगढ़ टीम ने टूर्नामेंट का खिताब जीतकर जनपद का गौरव बढ़ाया तथा खेल भावना एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन का परिचय दिया।

## संक्षिप्त खबरें

### ए टी एम बदल कर फ्राड करने वाला आरोपी गिरफ्तार



**बीकेटी लखनऊ।** ए टी एम कार्ड बदल कर रुपए निकालने वाले अभियुक्त को लखनऊ की बीकेटी पुलिस ने गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया। बीकेटी थाना अंतर्गत के नगुवामऊ कला के रहने वाले पप्पू ने 3 नवंबर को अपने बेटे को सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया का ए टी एम कार्ड देकर रुपए निकालने के लिए axis बैंक के ए टी एम पर भेजा था वहां पहले से मौजूद दो युवकों ने बातों में उलझा कर लड़के का ए टी एम बदल लिया । पीड़ित के फोन पर 42000 रुपए नकद,19000 पेट्रोल पंप का बिल और 40000 रूपये कपड़े की शॉपिंग का मैसेज आया तब पीड़ित को समझ आया कि उसके साथ फ्राड हो गया है जिसकी एफ आई आर बीकेटी थाने पर दर्ज कराई। बीकेटी थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने उप. निरीक्षक शेष मणि मिश्रा के नेतृत्व में टीम गठित कर जांच सौंपी। पुलिस की टीम ने ए टी एम बदल कर फ्राड करने वाले एक सदस्य सुरेन्द्र कुमार सरोज पुत्र शिव लाल सरोज निवासी उगई पुर बासी देवास थाना रानीगंज जनपद प्रतापगढ़ को मुखबिर की सूचना पर अस्ति रोड किसान पथ के पास से गिरफ्तार किया वही उसका दूसरा साथी मौके से भाग निकला पुलिस ने पकड़े गए आरोपी के पास से 19 ए टी एम कार्ड,1 पैन कार्ड आधार कार्ड, कई पास बुक, खरीदे गए कपड़े, एक वैगनआर कार सहित अन्य सामग्री बरामत की।

### मिशन शक्ति अभियान के तहत एंटी रोमियो टीम ने किया बहू-बेटी सम्मेलन

**मनकापुर (गोंडा)।** पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के निर्देशन में महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा एवं सशक्तिकरण को लेकर चल रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत थाना खोड़ारे की एंटी रोमियो टीम ने शनिवार को जोगेंद्र लाल डीह, केशव नगर ग्रांट गांव में चौपाल लगाकर बहू-बेटी सम्मेलन आयोजित किया। कार्यक्रम का नेतृत्व एंटी रोमियो प्रभारी उपनिरीक्षक ज्ञानेंद्र शुक्ला ने किया। उन्होंने ग्रामीण महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या आने पर तुरंत पुलिस हेल्पलाइन नंबरों- 112, 1090, 1076, 108, 1930, 1098, और 102- की सहायता लें। सम्मेलन में महिलाओं से घरेलू हिंसा, छेड़छाड़ या किसी भी प्रकार की सामाजिक समस्या पर खुलकर बात करने का आह्वान किया गया। साथ ही, बालिकाओं से ऐसे स्थानों की जानकारी मांगी गई जहाँ एंटी रोमियो स्क्वाड की सक्रियता की जरूरत महसूस होती है। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत आत्मनिर्भर और सशक्त समाज में समान अधिकार प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया गया। टीम ने कानून संबंधी जानकारी देते हुए बताया कि सरकार महिलाओं की सुरक्षा, शिक्षा और सम्मान के लिए निरंतर प्रयासरत है।इस अवसर पर का. गौरव मिश्रा और मा.का. वंदना अग्निहोत्री सहित एंटी रोमियो स्क्वाड के सदस्य मौजूद रहे।

### सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु के दीक्षांत समारोह में आएगी राज्यपाल

**डीएम -एसपी ने निरीक्षण कर सुरक्षा व्यस्था का लिया जायजा**



**सिद्धार्थनगर।** 10 एवं 11 नवम्बर को उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु में भ्रमण के दृष्टिगत जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन एवं पुलिस अधीक्षक डा0 अभिषेक महाजन द्वारा निरीक्षण किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने कार्यक्रम स्थल की सुरक्षा व्यवस्था एवं अन्य विभिन्न बिन्दुओं पर गहनता एवं सूक्ष्मता से निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने यातायात व्यवस्था व पार्किंग व्यवस्था आदि के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने अन्य समस्त बिन्दुओं पर तैयारी पूर्ण करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन एवं पुलिस अधीक्षक डा0 अभिषेक महाजन द्वारा हेलीपैड का भी निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था को देखा गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक ज्ञानप्रकाश, अपर पुलिस अधीक्षक प्रशान्त कुमार, व अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित थे।

## पाकिस्तान में 'संविधान बचाओ' आंदोलन, 27 वें संशोधन पर सरकार-विपक्ष आमने-सामने

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

पाकिस्तान की संसद में प्रस्तावित 27वें संविधान संशोधन विधेयक को लेकर राजनीतिक घमासान मच गया है। जहां सरकार इसे पारित करने की तैयारी में है, वहीं विपक्षी गठबंधन ने इस कदम की कड़ी आलोचना करते हुए इसे 'संविधान की नींव हिलाने' वाला बताया है और इसके खिलाफ रविवार से देशव्यापी विरोध प्रदर्शन की घोषणा की है।

**संशोधन में प्रमुख प्रस्ताव**

प्रस्तावित 27वें संविधान संशोधन का उद्देश्य संविधान के कई प्रमुख हिस्सों को बदलना है, जिसमें सैन्य नेतृत्व से जुड़ा बदलाव सबसे अहम है, जिसके तहत अनुच्छेद 243 में संशोधन करके 'चेयरमैन ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ कमेटी% (CJCSC) के पद को समाप्त कर उसकी जगह 1चीफ ऑफ डिफेंस फोर्सेज' नामक नया पद शुरू करने का प्रस्ताव है।

इसके अलावा, संशोधन में न्यायपालिका में बड़े बदलाव प्रस्तावित हैं, जैसे एक संघीय संवैधानिक न्यायालय की स्थापना करना और उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति प्रक्रिया में संशोधन करना, साथ ही, उच्चतम न्यायालय की शक्तियों को कम करते हुए कुछ प्राधिकारों को प्रस्तावित संवैधानिक न्यायालय में स्थानांतरित करने का भी प्रस्ताव है। इन सबके अतिरिक्त, एक विवादास्पद प्रस्ताव के तहत राष्ट्रपति को आजीवन आपराधिक कार्यवाही से मुक्ति प्रदान करने का प्रावधान भी शामिल है।

**संसदीय प्रक्रिया और सरकार की उम्मीद**

इस संबंध में संसदीय प्रक्रिया चल रही है, जहां कानून मंत्री आजम नजीर तरार ने शनिवार को ऊपरी सदन सीनेट में संशोधन विधेयक पेश किया है, जिसे सभापति यूसुफ रजा गिलानी ने आगे की चर्चा के लिए सदन की समिति के पास भेज दिया है। सरकार को उम्मीद है कि सोमवार को होने वाले मतदान



में उसे कम से कम 64 सीनेटर का दो-तिहाई बहुमत मिल जाएगा, सीनेट से पारित होने के बाद, इसे नेशनल असेंबली में दो-तिहाई बहुमत से पास कराना होगा और अंत में इसे कानून बनने के लिए राष्ट्रपति की मंजूरी अनिवार्य होगी।

**विपक्ष का 'संविधान बचाओ' आंदोलन**

प्रस्तावित 27 वें संविधान संशोधन के विरोध में, बहुदलीय विपक्षी गठबंधन तहरीक-ए-तहाफुज आईन-ए-पाकिस्तान (TTAP) ने देशव्यापी विरोध आंदोलन की घोषणा की है। इस गठबंधन में जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (PTI) के साथ-साथ मजलिस वहदत-ए-मुस्लिमीन (MWM), पश्तूनख्वा मिल्ली अवामी पार्टी (PKMAP), बलूचिस्तान नेशनल पार्टी-मेंगल (BNP-M) और सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल (SIC) जैसी पार्टियाँ शामिल हैं। इस विरोध के दौरान, MWM के प्रमुख अल्लामा राजा नासिर अब्बास ने कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि पाकिस्तान में लोकतांत्रिक संस्थाएं पंगु हो गई हैं... राष्ट्र को (प्रस्तावित) 27 वें संशोधन के खिलाफ कदम उठाना चाहिए।

## कहां पकड़े गए तीन आतंकी?,कौन सी रच रहे थे साजिश?

● ISIS से जुड़े तीन आतंकी गिरफ्तार, हथियारों के साथ पकड़े गए

एक साल से एजेंसियों की रडार पर थे

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**अहमदाबाद।** गुजरात में आतंकवाद निरोधक दस्ते (ATS) को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। टीम ने अंतरराष्ट्रीय आतंकी संगठन ISIS से जुड़े तीन आतंकियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से भारी मात्रा में हथियार, संदिग्ध दस्तावेज़ और इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस बरामद किए गए हैं। सूत्रों के अनुसार, पकड़े गए तीनों आतंकी पिछले एक वर्ष से खुफिया एजेंसियों की रडार पर थे। इनकी गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा रही थी। बताया जा रहा है कि ये आतंकी गुजरात में किसी बड़ी साजिश को अंजाम देने की फिराक में थे।

ATS अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के तार विदेशों में बैठे ISIS नेटवर्क से जुड़े हुए हैं। उनके मोबाइल, लैपटॉप और सोशल मीडिया अकाउंट से कई आपत्तिजनक व आतंक से संबंधित चैट और सामग्री मिली है।

एजेंसियां अब यह पता लगाने में जुटी हैं कि इनका संपर्क देश के किन-किन हिस्सों में फैले नेटवर्क से था और क्या इनसे जुड़े अन्य लोग भी गुजरात या पड़ोसी राज्यों में सक्रिय हैं। गुजरात पुलिस ने तीनों आरोपियों से लंबी पूछताछ शुरू कर दी है। आने वाले दिनों में इस गिरफ्तारी से देशव्यापी आतंकी नेटवर्क का बड़ा खुलासा हो सकता है।

**मुख्य बिंदुः**

» गुजरात ATS ने ISIS से जुड़े 3 आतंकियों को गिरफ्तार किया।

» हथियार, दस्तावेज़ और इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस बरामद।

» एक साल से एजेंसियों की निगरानी में थे तीनों।

» विदेशी कनेक्शन और स्थानीय नेटवर्क की जांच जारी।

## जैतपुर विधानसभा में अभिषेक वर्मा बने युवक कांग्रेस अध्यक्ष, शहडोल में युवाओं में उत्साह का माहौल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ह्यधनपुरी (शहडोल)-** कांग्रेस का राष्ट्रीय नेतृत्व में प्रदेश में युवाओं के अंदर जोश और उत्साह भरने के लिए युवक कांग्रेस प्रदेश स्तर से लेकर जिला स्तर एवं विधानसभा स्तर के चुनाव ऑनलाइन आधार पर सदस्यता अभियान के तहत किया गया है जिसमें प्रदेश युवक कांग्रेस के चुनाव परिणाम की घोषणा गत दिनो घोषित जिसको लेकर युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है इस चुनाव में शहडोल जिला युवक कांग्रेस अध्यक्ष पर अनुपम गौतम ने अच्छी जीत हासिल कर काबिज हुए जबकि जैतपुर विधानसभा के अध्यक्ष पद पर अभिषेक वर्मा ने 1480 वोटो से भारी जीत हासिल कर सभी को पीछे छोड़ दिया। हमारे जानकारी के अनुसार शहडोल जिले में विधानसभा में सर्वाधिक जीत हासिल करने वाले अभिषेक वर्मा ही है।इस जीत से युवाओं में काफी उत्साह और नई जोश दिखाई पड़ी रही है। युवक कांग्रेस के जागरूकता अभियान के तहत 18 अप्रैल 2025 को चुनाव की घोषणा के साथ ही सदस्यता ऑनलाइन अभियान के तहत संपन्न हुआ और इस तरह से युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष एवं विधानसभाओं के परिणाम घोषित हुए जिसमें जैतपुर विधानसभा क्षेत्र से नए चेहरे को मौका बुढार अभिषेक यादव जैतपुर अभिषेक कुमार मिश्रा केशवाही दीपक कुमार मिश्रा खैररहा सचिन द्विवेदी अप ऑनलाइन आधारित



चुनावी प्रक्रिया से युवाओं ने जागरूकता दिखाई जिसका परिणाम अभिषेक वर्मा अध्यक्ष युवा कांग्रेस जैतपुर विधानसभा निर्वाचित हुए। सभी निर्वाचित युवा कांग्रेस के अध्यक्षों को कार्यकर्ताओं ने शुभकामनाओं के साथ मिठाई एवं मामलों का हर पहनकर स्वागत किए हुए।

## नवनिर्मित रामकृष्णनगर की राजनीति में नया मोड़, बाहरी नहीं, स्थानीय उम्मीदवार को नामांकन देने की मांग में पाटनी समाज के लोगों ने आवाज उठाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**श्रीभूमिः** श्रीभूमि जिले के नवगठित रामकृष्णनगर विधानसभा क्षेत्र की राजनीति में नई हवा बहने लगी है। तीन दशकों के लंबे अंतराल के बाद शासक दल के प्रत्याशित्व की मांग पर राताबाड़ी और रामकृष्णनगर के बड़े पाटनी समाज ने अपनी सक्रियता दिखाई है। आने वाले 2026 के विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए गत 9 नवंबर (शनिवार) को पश्चिम बरुआला गाँव के शिव मंदिर परिसर में पाटनी परिषद के आयोजन में एक विशेष बैठक आयोजित की गई। इस दिन की बैठक में नवगठित क्षेत्र के विभिन्न कोनों से आए पाटनी परिषद के प्रतिनिधियों ने एक साथ होकर स्पष्ट संदेश दिया–अनुसूचित जाति आरक्षित सीटों पर पाटनी समाज की भूमिका हमेशा निर्णायक रही है, लेकिन लंबे समय तक उन्हें उनके योग्य सम्मान से वंचित किया गया है। बैठक में उपस्थित परिषद के सलाहकार सुनील दास, कार्यकारी अध्यक्ष शशांक शेखर दास, महासचिव अपूर्व दास सहित श्यामल दास, मंटू दास, परिमल दास, वनज्योति दास और गौरीशंकर दास जैसे नेताओं ने मिलकर आरोप लगाया–पिछले तीन दशकों में शासक और विपक्षी दोनों दलों ने पाटनी समाज का इस्तेमाल केवल वोट बैंक के रूप में किया, लेकिन कभी प्रत्याशित्व के मामले में उचित सम्मान नहीं दिया। उनके वक्तव्य में यह उल्लेख किया गया कि दिवंगत लीलामोय दास, सुबल चंद्र दास सहित कई पाटनी नेता पहले बराक घाटी का प्रतिनिधित्व सम्मानपूर्वक कर चुके हैं। तो आज पाटनी समाज का एक शिक्षित और योग्य स्थानीय व्यक्ति उम्मीदवार क्यों नहीं हो सकता–यह सवाल उन्होंने उठाया। सभा के बाद परिषद की ओर से कहा गया, ÷राताबाड़ी में शिक्षित, ईमानदार और जनसंपर्क में सक्षम पाटनी समाज के कई योग्य लोग हैं। इसलिए 2026 के विधानसभा चुनाव में हम बाहरी नहीं, बल्कि स्थानीय उम्मीदवार चाहते हैं।÷ इस मांग को लेकर पाटनी समाज ने राज्य के मुख्यमंत्री और केंद्रीय नेतृत्व से जोरदार अपील की है–रामकृष्णनगर सीट पर इस बार स्थानीय पाटनी समाज के योग्य प्रतिनिधि को नामांकित किया जाए। उन्होंने कहा कि हम अब केवल वोट नहीं देंगे, इस बार अपने प्रतिनिधि को विधानसभा में देखेंगे÷–ऐसी दृढ़ संकल्प की भावना से यह पाटनी समाज की एकजुट सभा में गूंज उठी।

## गोदाम में लगी आग लाखों का सामान जलकर खाक दमकल विभाग ने पाया आग पर काबू

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सीतापुर** के शहर कोतवाली क्षेत्र के मिर्दही टोला मोहल्ले में रविवार की दोपहर एक दो मंजिला मकान में आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। बताया जा रहा है कि यह मकान स्व डॉ. अनीश का है जो काफी पुराना होने के कारण अब गोदाम के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा था मकान के भीतर बड़ी मात्रा में कंबल और कपड़े रखे हुए थे अचानक गोदाम के अंदर से धुआं और लपटें उठने लगीं, जिससे आस-पास के लोगों में भगदड़ मच गई स्थानीय लोगों ने तत्काल घटना की सूचना पुलिस और दमकल विभाग को दी सूचना मिलते ही शहर कोतवाली पुलिस और फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं फायर कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। बताया जा रहा है कि आग की लपटें इतनी तेज थीं कि गोदाम में रखे कपड़े और कंबल पूरी तरह जलकर राख हो गए आग की चपेट में आने से घर के ऊपरी हिस्से में रखा घरेलू सामान भी क्षतिग्रस्त हुआ घटना के समय मकान के ऊपरी हिस्से में कुछ गैस सिलेंडर भी रखे हुए थे जिससे स्थिति और भी गंभीर हो गई थी समय रहते फायर कर्मियों ने सिलेंडरों को सुरक्षित स्थान पर हटाकर बड़ा हादसा होने से टाल दिया मोहल्ले में घनी आबादी होने के कारण आसपास के लोग अपने घरों से बाहर निकल आए और आग बुझाने में दमकल कर्मियों की मदद की। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। प्राथमिक जांच में शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई जा रही है पुलिस ने पूरे घटनास्थल का निरीक्षण कर नुकसान का आकलन शुरू कर दिया है इस हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है लेकिन आग से लाखों रुपए का नुकसान होने का अनुमान लगाया जा रहा है!!

### एक राय होकर धारदार हथियारों से हमला करने का आरोप




**ललितपुर।** महरौनी के ग्राम सैदपुर निवासी रानी पत्नी देवेन्द्र परिहार ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि शनिवार को अपराह्न 3 बजे अपने घर के बाहर उपला बनाने के लिए जमीन साफ करके अपने घर गयी, तभी परिवार के रूप सिंह, बृगभान, पिन्टू व जगभान पुत्रगण हरियां, हरियां पुत्र जूजे परिहार एक राय होकर आये और मारपीट कर दी। बचाने आये बंदू पुत्र जूजे व देवेन्द्र पुत्र बंदू परिहार के साथ धारदार हथियार से हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गये। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 191 (2), 191 (3), 333, 115 (2), 352, 351 (3) व 118 (1) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## नियमित व्यायाम और संतुलित आहार से हम अपने शरीर को निरोगी रख सकते हैं:- डॉ0 सुधीर चौधरी



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लहरपुर सीतापुर** नियमित व्यायाम और संतुलित आहार तथा विशेष रूप से साफ सफाई से हम अपने शरीर को निरोगी रख सकते हैं उक्त विचार डॉक्टर सुधीर चौधरी ने जनरल इंश्योरेंस कॉरपोरेशन आफ इंडिया तथा श्री पीताम्बरा शिक्षा समिति एवं केपी सिंह मेमोरियल हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वाधान में ग्राम बेनी सराय में आयोजित स्वास्थ्य शिक्षा कार्यशाला में ग्राम वासियों को संबोधित करते हुए व्यक्त किया उन्होंने बताया अगर हम बीमार होने से पहले ही कुछ सावधानियां बरतते तो हमें दवाइयां लेने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सामाजिक कार्यकर्ता मोहम्मद हसीन अंसारी ने बताया आज इस भौतिक युग में चाइनीस फूड खान पान और असंतुलित भोजन हमें तमाम बीमारियों का निमंत्रण दे रहा है। जिससे हमारा शरीर तमाम बीमारियों से ग्रसित हो जाता है इसका निदान पूर्व में किया गया बचाव और सावधानी ही है कार्यक्रम को केपी सिंह मेमोरियल हॉस्पिटल के जनरल मैनेजर अंशुमान सिंह ने संबोधित करते हुए बताया हमें किसी भी दवा का सेवन बगैर डॉक्टर के परामर्श के बिना नहीं लेना चाहिए और प्रशिक्षित डॉक्टर कि सलाह और जांच कर के ही दवाओ का सेवन करना चाहिए जिससे हम निरोगी रह सकेंगे कार्यक्रम का संचालन ऐश्वर्य प्रताप सिंह ने किया आए हुए सभी अतिथियों का नीलू वर्मा के द्वारा भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम में 517 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया जिनमें 413 लोगों को जांच कर मेडिसिन दी गई कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रधानाचार्य ओम प्रकाश वर्मा डॉ मधुलिका राय डॉ सुमित सिंह समेत मेडिकल फैकल्टी तथा नर्सिंग स्टाफ मौजूद रहा।

### परिवार परामर्श केंद्र बलरामपुर में 04 पारिवारिक विवादों का सफल निस्तारण

**बलरामपुर** पुलिस अधीक्षक बलरामपुर श्री विकास कुमार* के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक बलरामपुर विशाल पाण्डेय के पर्यवेक्षण में, मिशन शक्ति 5.0 के तहत पुलिस अधीक्षक कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केंद्र में पारिवारिक विवाद संबंधी पत्रावलियों पर बैठक आयोजित की गई।परिवार परामर्श केंद्र की बैठक में विचारार्थ प्रस्तुत मामलों में सक्रिय मध्यस्थता से *पति-पत्नी एवं परिजनों के मध्य आपसी सुलह एवं समझौता कराकर 04 पारिवारिक विवादों का हुआ सफल निस्तारण किया गया। दोनों पक्षों ने आपसी मतभेद समाप्त करते हुए यह सहमति व्यक्त की कि अब वे सौहार्दपूर्ण वातावरण में प्रेमपूर्वक एक साथ जीवन यापन करेंगे। परामर्शदाताओं द्वारा दोनों पक्षों को यह सलाह दी गई कि वे अपने बड़ों का सम्मान करें एवं जीवन की नई शुरुआत परस्पर समझ और सहयोग से करें। पारिवारिक विवाद निस्तारण में परामर्शदाता अरुण कुमार यादव, देवतादीन दूबे महिला थाना प्रभारी पूनम यादव तथा महिला कां. ज्योति,महिला कां. पूजा,महिला कां. मनीषा वर्मा का विशेष योगदान रहा।

1. राधा बनाम सूरज राम - थाना को0 नगर, बलरामपुर

3. विनीता देवी बनाम हीरालाल - थाना श्रीदत्तगंज, बलरामपुर

## अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर महिला आरक्षी और बेटा चोटिल ड्यूटी जाते समय हुआ हादसा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सीतापुर** जनपद सीतापुर के रामकोट थाना इलाके में ड्यूटी ज्वाइन करने जा रही एक महिला आरक्षी रविवार सुबह सड़क हादसे का शिकार हो गई हादसे में महिला आरक्षी और उसका चार साल का बेटा घायल हो गए दोनों को आनन-फानन में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है यह हादसा क्षेत्र के एनएच-30 पर कटीली गांव के पास हुआ जानकारी के अनुसार महिला आरक्षी रिंकी, जो पहले महोली कोतवाली में तैनात थी उनका हाल ही में रामपुर कला थाने में तबादला हुआ था। रविवार की सुबह वह अपने चार वर्षीय बेटे टुकटुक के साथ स्कूटी से नई तैनाती स्थल पर ड्यूटी ज्वाइन करने जा रही थी इसी दौरान कटीली ओवरब्रिज के पास एक अज्ञात वाहन ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी टक्कर लगते ही रिंकी और उसका बेटा सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए मौके से गुजर रहे राहगीरों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी और घायलों को अस्पताल पहुंचाया जहां दोनों का उपचार चल रहा है प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, टक्कर मारने वाला वाहन तेज रफ्तार में था और टक्कर के बाद मौके से फरार हो गया। पुलिस ने घटनास्थल से कुछ सुराग जुटाए हैं और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि आरोपी वाहन का पता लगाया जा सके। पुलिस अधिकारियों के



अनुसार, महिला आरक्षी रिंकी की हालत फिलहाल स्थिर है, जबकि बच्चे को हल्की चोटें आई हैं। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिसकर्मी और विभागीय अधिकारी अस्पताल पहुंचे और पीड़ित आरक्षी से मुलाकात कर उसका हाल जाना है!!

## मारपीट करने का आरोप

**ललितपुर।** नाराहट थानान्तर्गत ग्राम कुलुवा निवासी नत्थूराजा पुत्र प्यारे राजा ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि शुक्रवार को शाम करीब 6 बजे वह अपने घर पर था। तभी गांव के डग्गी राजा पुत्र संतोष सिंह व नातीराजा पुत्र डग्गी राजा ने गालियां देते हुये थप्पड़ मार दिया और मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## मारपीट कर धमकाने के आरोप में मामला दर्ज

**ललितपुर।** थाना नाराहट क्षेत्रांतर्गत ग्राम महाराजपुरा निवासी जसवंत पुत्र रूप सिंह ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि 7 नव बर को अपराह्न करीब 1 बजे गांव के हाकम सिंह पुत्र नन्दलाल सिंह ने उन्हें गालियां देते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## सिद्धार्थनगर में संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता का शव छत की कुंडी से लटकता हुआ मिला

**मृतका के भाई ने पुलिस को तहरीर देकर कि कार्रवाई की मांग**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** जिले के मोहाना थाना क्षेत्र के ग्राम बगही के टोला हरपौली में रविवार की सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में एक विवाहिता का शव घर के अंदर छत की कुंडी से लटकता मिला है। मृतका की पहचान सिरावती (28)। पत्नी चिनक के रुप में हुई। मृतका के मायके वालों ने हत्या की आशंका व्यक्त कर जांच कि मांग की है। मौके से फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य एकत्र किया है। मोहाना थाना क्षेत्र के लकडा गांव निवासी सोभई की पुत्री सीरावती की शादी 10 वर्ष पूर्व मोहाना थाना क्षेत्र के हरपौली निवासी चीनक के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही पति-पत्नी में आये दिन बात बात पर झगड़ा होता रहता था। दो बच्चियां भी हैं। शनिवार की रात भी दोनों के बीच कहा सुनी हुई थी। उसके बाद चिनक की



पत्नी अपने कमरे में सोने चली गई। सुबह घरवालों ने सीरावत का शव कमरे के अंदर फंदे से लटका देखा। किसी ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मोहाना पुलिस मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के भाई मलखान ने मोहाना थाना पर तहरीर देते हुए सीरावती का हत्या कर शव कुंडी में लटकाये जाने की आशंका व्यक्त की है। इस संबध में थानाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह ने बताया शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। फोरेंसिक टीम ने भी साक्ष्य जुटाया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने बाद स्थिति स्पष्ट हो जाएगी। तहरीर मिला है आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### रातों-रात जमीन पर कब्जा करने का आरोप




**ललितपुर।** तालबेहट के ग्राम विजयपुरा निवासी गिरजाबाई पत्नी केशवदास ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र भेजा है। बताया कि 6 नव बर की रात करीब 11 बजे उसकी आराजी नं. 957 रकवा 1.801 पर गांव के कुछ दबंगों ने रातों-रात कब्जा कर लिया। बताया कि रात में उसके खेत पर दबंगों द्वारा ट्रैक्टर चलाकर फसल खराब कर दी गयी। मौके पर पहुंचकर जब उसने विरोध किया तो उक्त लोगों ने उसके साथ गालियां देते हुए जान से मारने पर आमादा हो गये। जहां से पीड़ित पक्ष अपनी जान बचाकर भाग आये। पीड़िता ने एसपी से कार्यवाही किये जाने की गुहार लगायी है।

## ककरहवा के ऐतिहासिक रामलीला में हुआ रावण का दहन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** रामलीला मंचन से समाज को सीख मिलती है। रावण दहन का उद्देश्य तभी सफल होगा, जब आप अहंकार और बुराई समाप्त करने की प्रेरणा लें। ये बातें विधायक श्याम धनी राही ने ककरहवा बाजार में आयोजित रामलीला मेला में रावण दहन कार्यक्रम के बाद कहीं। प्राचीन रामलीला मेले में रविवार को रावण दहन देखने के लिए भारी भीड़ उमड़ी। विगत 70 वर्षों से लगातार आयोजित हो इस मेले में आसपास के गांवों के अलावा नेपाल से भी लोग आते हैं। रावण दहन में आए विधायक श्यामधनी राही ने कहा कि अंग्रेजों के जमाने में यहां मेले की परंपरा शुरू हुई थी। आयोजन को शानदार और सुरक्षित बनाने में यहां के लोगों की भूमिका सराहनीय है। मेला आयोजक ग्राम प्रधान नीतू पांडेय ने कहा कि रावण रूपी अत्याचारी को दहन कर देने मात्र से हमें विजय नहीं मिलेगी। विजय पाने के लिए हमको अपने अंदर की बुराई और अहंकार को जलाकर मारना होगा।

ग्राम प्रधान प्रतिनिधि दिलीप पांडेय ने कहा कि ग्रामीणों के सहयोग से लगातार इस



मेले की परंपरा बनी हुई है और आगे भी बनी रहेगी। उन्होंने कहा कि यदि आप सभी का सेवा करने का अवसर पुनः मिला तो अगले वर्ष इससे बेहतर मेले का आयोजन किया जाएगा।मेले में बुराई के प्रतीक रावण के पुतले का दहन किया गया। मेले में सब प्रकार की दुकानें लगाई गई हैं, जो लोगों के आकर्षण का केंद्र रहीं। खासकर झूला, मौत का कुंआ, जादूगर, खिलौने के दुकान, मिठाई, चाट व अन्य खाने-पीने की दुकानों ने लोगों को खूब लुभाया। शनिवार से शुरू मेला सोमवार को खत्म होगा। इस दौरान ग्राम प्रधान प्रतिनिधि दिलीप पांडेय, नागेंद्र मिश्र, बुद्धिसागर मिश्र, अमन जायसवाल, वीरेंद्र पांडेय, गुलाब जायसवाल, भगवान प्रसाद चौधरी, मार्कंडेय मिश्रा, लक्ष्य पंडित, गुड्डा, पवन आदि मौजूद रहे।